आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 265 | उज्जैन, बुधवार 07 अक्टूबर, 2026 | आश्विन कृष्ण 12 संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

देश विदेश

2026 का फिजिक्स नोबेल फ्रांसिस हाल्जेन को मिला

स्टॉकहोम। बेल्जियम के वैज्ञानिक फ्रांसिस हाल्जेन को 2026 का भौतिकी का नोबेल पुरस्कार मिला है। उन्हें यह पुरस्कार अंतरिक्ष से धरती तक आने वाले बेहद ताकतवर न्यूट्रिनो को पकड़ने और उनके बारे में पता लगाने में अहम काम के लिए दिया गया है। उन्होंने दक्षिणी ध्रुव की बर्फ में न्यूट्रिनो पकड़ने वाली आइसक्यूब ऑब्जर्वेटरी बनाने का विचार दिया था। नोबेल पुरस्कार के विजेताओं को दिसंबर में स्वीडन की राजधानी स्टॉकहोम में सम्मानित किया जाएगा। उन्हें मेडल, डिप्लोमा और पुरस्कार राशि दी जाएगी।

बंगाल, असम, तमिलनाडु और पुडुचेरी की 6 सीटों पर वोटिंग

कोलकाता। देश के चार राज्यों पश्चिम बंगाल, असम, तमिलनाडु और पुडुचेरी में 6 सीटों पर मंगलवार को वोटिंग हुई। इस दौरान आम जनता उन्नयन पार्टी के प्रमुख और विधायक हुमायूं कबीर को बंगाल के मुर्शिदाबाद में उनके पार्टी कार्यालय से पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उन पर चुनाव में अनियमितताओं का आरोप लगाया है। उनके बेटे गुलाम नबी आजाद भी रेजीनगर से उम्मीदवार हैं। वहीं, मीडिया से बात करते हुए नंदीग्राम से कांग्रेस उम्मीदवार मिलन प्रधान ने आरोप लगाया है कि उनके पोलिंग एजेंट्स को जबरन उठाया जा रहा है।

महाराष्ट्र में 82 छात्रों का आधा सिर मुंडवाया

चंद्रपुर। महाराष्ट्र के चंद्रपुर जिले के चिमूरा तालुका के जंभुलघाट स्थित एक सरकारी सेकेंडरी आश्रम स्कूल में सुपरिटेंडेंट की तानाशाही का अजीब चेहरा देखने को मिला है। यहाँ खेलने से नाराज होकर सुपरिटेंडेंट ने गुस्से में स्कूल के 82 मासूम छात्रों का आधा सिर मुंडवा दिया। बच्चों के साथ हुई इस अजीब हरकत ने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी है और हर तरफ इसी बात की चर्चा हो रही है। हुआ यूं कि शनिवार को स्कूल में जब बच्चों के बाल काटे जा रहे थे, तब कुछ छात्र खेलकूद में व्यस्त थे। बच्चों के इस तरह खेलने से स्कूल का सुपरिटेंडेंट प्रशांत मेश्राम इतना भड़क गया कि उसने गुस्से में आकर 82 छात्रों के बाल आधे-अधूरे और टेढ़े-मेढ़े कटवा दिए।

पाकिस्तान के लोग बुरे नहीं : मीका सिंह



दुबई के मुसलमान अच्छे और पाकिस्तान के मुसलमान खराब क्यों लगते हैं, यह समझ नहीं आया

मुंबई। सिंगर मीका सिंह ने पाकिस्तान और वहां के लोगों को लेकर अपनी राय बताई। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के लोग बुरे नहीं हैं। टाइम्स नाउ के साथ बातचीत में मीका ने कहा, पाकिस्तान बुरा नहीं, पाकिस्तान के लोग कहीं से बुरे नहीं। पता नहीं क्यों हमें पाकिस्तान के ही मुसलमान खराब लगते हैं, लेकिन दुबई के मुसलमान बहुत अच्छे लगते हैं। यह मुझे आज तक समझ नहीं आया। मीका ने 2019 में कराची में एक निजी शादी में परफॉर्म किया था। उनकी पाकिस्तान यात्रा पर भारत में आलोचना हुई थी। इसके बाद फेडरेशन ऑफ वेस्टर्न इंडिया सिने एम्प्लॉइज ने उन पर बैन लगा दिया था। बाद में यह बैन हटा लिया गया। उन्होंने कहा, जब मैं पाकिस्तान गया था, तब भारत-पाकिस्तान के संबंध अच्छे थे। मेरे पाकिस्तान पहुंचने के बाद उरी हमला हुआ था। मीका ने कहा, मैं चोरी-छिपे पाकिस्तान नहीं गया था। मैं वीजा लेकर गया था। उस समय कोई यह नहीं कह रहा था कि मुझे वहां परफॉर्म नहीं करना चाहिए। उन्होंने कहा, अगर आप वहां किसी निजी कार्यक्रम में परफॉर्म करते हैं, कुछ पैसे कमाते हैं और उन्हें भारत वापस लाते हैं, तो उस पैसे पर भारत में टैक्स लगता है।

नैनो न्यूज

- **सऊदी अरब :** तैनात होंगी पाकिस्तान-तुर्किये की फौजः हूती विद्रोहियों के खिलाफ साथ आए तीनों देश, पिछले महीने पाकिस्तान ने मदद से इनकार किया था।
- **वाशिंगटन :** अमेरिकी उपराष्ट्रपति ने कहा- हमलावर पायलट मुसीबत था, मालूम होने पर भी प्लेन क्यों उड़ाने दिया, ओमान बोला- किसी देश ने हमामी की जानकारी नहीं मांगी।
- **वाशिंगटन :** अमेरिकी सैनिक को गोली मारकर मौत की सजा दी जाएगी, 65 साल में पहला ऐसा मामला, धार्मिक नारा लगाकर 13 लोगों को मार दिया था।
- **इस्लामाबाद :** पाकिस्तान में 60 लड़कियों के फोन लेकर फरार हुए ठग, नौकरी का झांसा देकर बुलाया, सभी के मोबाइल जमा कराए, फिर बाइक से भाग निकले।
- **मुंबई :** सेंसेक्स 685 अंक बढ़कर 73,068 पर बंदः निफ्टी भी 220 अंक ऊपर 22,776 पर पहुंच।
- वर्ल्ड बैंक ने भारत की जीडीपी ग्रोथ का अनुमान बढ़ाया, एफ 27 के लिए 6.6% से बढ़ाकर 7.1% किया।

एसआईआर के विरोध और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर

राहुल और प्रियंका ने आकाशवाणी भवन परिसर में दिया धरना

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नई दिल्ली

एसआईआर के विरोध और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर राहुल और प्रियंका गांधी 5 घंटे से ज्यादा समय से दिल्ली के आकाशवाणी भवन परिसर में धरने पर बैठे हैं।

राहुल ज्ञानेश कुमार से मिलने के लिए अड़े हैं। उन्होंने कहा, वे बिना मिले कहीं नहीं जाएंगे। अगर दिल्ली पुलिस को यहां प्रदर्शन से परेशानी है, तो उन्हें दूसरी जगह दे सकती है। इस दौरान प्रियंका तिरंगे के सामने हाथ फैलाकर खड़ी नजर आईं, जबकि राहुल ने पुलिस अफसर से कहा- इन्हें मत छूना।

इससे पहले इंडिया ब्लॉक का सेव डेमोक्रेसी मार्च सुबह 10 बजे संसद के मकर द्वार से शुरू हुआ, लेकिन पुलिस ने आगे बढ़ने नहीं दिया गया। पुलिस ने मार्च रोका और राहुल-प्रियंका को हिरासत में लेकर बस में बैठाया। दोनों बस से उतरकर आकाशवाणी परिसर में पहुंचे और पेड़ के नीचे धरने पर बैठ गए। इससे पहले अखिलेश सिंह समेत कई सांसदों को हिरासत में लिया गया। पुलिस अफसर ने प्रियंका गांधी से बात की और धरने खत्म की अपील की। लेकिन कांग्रेस नेताओं ने हटने से मना कर दिया।

- तिरंगे के सामने हाथ फैलाकर खड़ी हुई प्रियंका गांधी
- पुलिस अफसर से राहुल बोले- इन्हें मत छूना 5 घंटे से धरने पर कांग्रेस नेता





संविधान हमें प्रदर्शन करने का अधिकार देता है

राहुल गांधी ने कहा, आकाशवाणी भवन परिसर में प्रदर्शन जारी रहेगा। अगर दिल्ली पुलिस को यहा प्रदर्शन से असुविधा है तो पुलिस उन्हें दूसरी जगह उपलब्ध करा सकती है। संविधान हमें प्रदर्शन करने का अधिकार देता है।

एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं को पुलिस ने हिरासत में लिया- विरोध प्रदर्शन के दौरान इंडियन यूथ कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब ने कहा, दिल्ली पुलिस लोकतंत्र के हत्यारों को बचाने की कोशिश कर रही है। हालात ऐसे हैं। जो लोग शांतिपूर्ण विरोध कर रहे हैं, उन्हें उठाकर ले जाया जा रहा है।

इंडिया ब्लॉक के सांसदों को पुलिस हिरासत में ले रही- न्यूज एजेंसी आईएएनएस के मुताबिक, चुनाव आयोग तक इंडिया ब्लॉक के सांसदों के विरोध मार्च के दौरान आकाशवाणी गेट पर प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया जा रहा है।

दिल्ली पुलिस ने आकाशवाणी भवन के बाहर फोर्स बढ़ाई- दिल्ली पुलिस ने आकाशवाणी भवन के बाहर बड़ी तादाद में फोर्स की तैनाती शुरू कर दी है। सीआरपीएफ, महिला पुलिस समेत प्राइवेट बसों को भी रखा गया है।

राहुल-प्रियंका बरगद के पेड़ के नीचे चटाई बिछाकर बैठे

3 घंटे से ज्यादा समय से धरने पर बैठे राहुल और प्रियंका गांधी ने आकाशवाणी भवन में बरगद के पेड़ के नीचे चटाई बिछा ली है। इनका दावा है कि जब तक ज्ञानेश कुमार से मिलने नहीं दिया जाएगा, वे लोग वहां से नहीं उठेंगे।

प्रियंका गांधी ने डीसीपी दिल्ली से चर्चा की- राहुल गांधी के कहने पर प्रियंका गांधी डीसीपी नई दिल्ली सचिन शर्मा से चर्चा करने पहुंचीं। इसके बाद उन्होंने राहुल गांधी को बताया कि दोनों के बीच क्या बात हुई।

जंतर-मंतर पर महिला पत्रकारों से कथित बदसलूकी, जांच के बीच आरोपी एसीपी का चार्ज रोका

तीन महिला पत्रकारों की शिकायत क्राइम ब्रांच को

निष्पक्ष जांच की मांग के बीच दिल्ली पुलिस की कार्रवाई पर उठे सवाल


दैनिक अवन्तिका ▸▸ नई दिल्ली

जंतर-मंतर पर 3 अक्टूबर को मुख्य निर्वाचन आयुक्त के खिलाफ हुए प्रदर्शन की कवरेज के दौरान तीन महिला पत्रकारों द्वारा दिल्ली पुलिसकर्मियों पर कथित बदसलूकी और यौन उत्पीड़न के आरोप लगाए जाने के मामले ने तूल पकड़ लिया है। दिल्ली पुलिस ने शिकायतें मिलने के बाद मामले की जांच क्राइम ब्रांच को सौंप दी है। शिकायतकर्ताओं के बयान दर्ज किए जा चुके हैं और घटनास्थल के सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है। पुलिस ने लोगों से घटना से संबंधित वीडियो साक्ष्य उपलब्ध कराने की अपील भी की है।

मामले में एसीपी विवेक भगत का नाम भी सामने आया है। दिल्ली सरकार ने 5 अक्टूबर को 12 डीएएनआईपीएस अधिकारियों को एडिशनल डीसीपी का करंट ड्यूटी चार्ज देने का आदेश जारी किया था, जिसमें विवेक भगत भी शामिल थे। विवाद सामने आने के बाद भगत ने जांच पूरी होने तक यह अतिरिक्त जिम्मेदारी नहीं लेने का अनुरोध किया। इसके बाद सरकार ने आदेश संशोधित कर उनका चार्ज रोक दिया। सरकार ने स्पष्ट किया है कि यह अस्थायी प्रशासनिक व्यवस्था थी और इससे नियमित पदोन्नति अथवा अतिरिक्त वित्तीय लाभ नहीं मिलता।







एफआईआर की मांग को लेकर प्रदर्शन

महिला पत्रकारों की शिकायतों के बाद स्वतंत्र पत्रकारों और अन्य लोगों ने संसद मार्ग थाने के बाहर प्रदर्शन कर आरोपित पुलिसकर्मियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने और कार्रवाई की मांग की। सोमवार को थाने के बाहर रातभर मौजूद प्रदर्शनकारियों में शिकायतकर्ता महिला पत्रकार भी शामिल थीं। पुलिस ने करीब 17 लोगों को हिरासत में लिया। पुलिस की ओर से इसके लिए नई दिल्ली जिले में लागू प्रतिबंधों का हवाला दिया गया।


अनाज के दानों से बनाई कैप्टन स्मित मच्छार की अनोखी तस्वीर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नर्मदापुरम

30 सितंबर 2026 को दुबई से तेल अवीव जा रही फ्लाइट में उत्पन्न गंभीर संकट के दौरान भारतीय कैप्टन स्मित मच्छार ने साहस और सूझबूझ का परिचय देते हुए विमान को सुरक्षित बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

गंभीर परिस्थितियों के बावजूद उन्होंने अपना कर्तव्य निभाया और विमान में सवार यात्रियों तथा चालक दल की सुरक्षा में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

पीएम नरेंद्र मोदी ने कैप्टन स्मित मच्छार से बातचीत कर उनके साहस और सूझबूझ की सराहना की। बातचीत के दौरान कैप्टन स्मित ने संकट की उस घड़ी में हनुमान चालीसा का पाठ करने की बात भी बताई। कैप्टन स्मित के इसी साहस और हनुमान जी के प्रति उनकी आस्था से प्रेरित होकर ग्राम सुपरली, जिला नर्मदापुरम, मध्य प्रदेश के कृषक कलाकार योगेंद्र पाल सिंह सोलंकी ने अनाज के दानों से कैप्टन स्मित मच्छार की एक अनोखी तस्वीर तैयार की है। इस कलाकृति में हनुमान जी को कैप्टन स्मित को शक्ति प्रदान करते हुए तथा अपनी पूँछ के माध्यम से विमान को संभालते हुए दर्शाया गया है। यह कलाकृति भारतीय आस्था, साहस और कर्तव्यनिष्ठा का प्रतीक है। इस चित्र को तैयार करने में धान, तिल, चावल, खसखस, बाजरा, अलसी और मक्का सहित विभिन्न अनाज एवं बीजों का उपयोग किया गया है।



अगले साल से दो बार होगी पीएससी का एक्जाम

दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल

प्रदेश के सभी सरकारी कॉलेजों में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारियों के लिए मुफ्त में कोचिंग क्लॉस की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। भोपाल के लाल परेड मैदान में हुए यूथ कॉन्क्लेव में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इसका ऐलान किया है। सीएम ने कहा कि कॉलेजों में ही बच्चों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराई जाएगी। इसके लिए सभी जिलों में यह सुविधा मिलेगी। मुख्यमंत्री ने प्रदेश में अगले साल से वर्ष मे 2 बार पीएससी की परीक्षा कराने और प्रदेश स्तरीय एक परीक्षा कराने का भी ऐलान किया है. इसके जरिए तमाम विभागों में खाली पड़े पदों को भरा जाएगा।

शिवसेना चुनाव चिह्न विवाद, सुप्रीम कोर्ट बोला- दलबदल संवैधानिक पाप

एजेंसी ▸▸ मुंबई

सुप्रीम कोर्ट में मंगलवार को शिवसेना के चुनाव चिह्न विवाद पर सुनवाई हुई। सीजेआई जस्टिस सूर्यकांत की बेंच एकनाथ शिंदे गुट को धनुष-बाण निशान देने के चुनाव आयोग के फैसले को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी।

जस्टिस बागची ने पूछा, क्या चुनाव चिन्ह की भावना उन लोगों के लिए लागू होगी, जिन्होंने संवैधानिक पाप किया है? या उन लोगों के लिए, जिन्होंने संवैधानिक पाप की शिकायत की है? सुप्रीम कोर्ट ने पहले भी पूछा था कि क्या चुनाव आयोग दोनों गुटों को धनुष-बाण निशान देने से इनकार कर सकता था। कोर्ट ने यह भी सवाल किया कि जिन विधायकों की सदस्यता पर अयोग्यता की कार्यवाही चल रही हो, उनकी संख्या को बहुमत का सुरक्षित आधार माना जा सकता है या नहीं। सुप्रीम कोर्ट में मंगलवार को इस मामले पर सुनवाई पूरी नहीं हो सकी।

सड़क पर खड़े ट्रेलर में घुसी कार, 7 की मौत

एजेंसी ▸▸ भावनगर

गुजरात के भावनगर-सोमनाथ नेशनल हाईवे पर मंगलवार को भीषण सड़क हादसे में 7 लोगों की मौत हो गई। हादसा शिव शक्ति होटल के पास हुआ, जहां तेज रफ्तार बोलेरो एसयूवी सड़क किनारे खड़े ट्रेलर के पीछे जा टकराई।

बोलेरो में अलंग शिपयार्ड के 7 कर्मचारी सवार थे। सभी काम के सिलसिले में भावनगर से अलंग शिपयार्ड जा रहे थे। टक्कर इतनी भीषण थी कि भारी-भरकम ट्रेलर तक के अगले पहिए टूटकर अलग हो गए थे। हादसे में 6 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि एक ने हॉस्पिटल में दम तोड़ दिया। हादसे का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। फुटेज में तेज रफ्तार बोलेरो सड़क के बाईं ओर खड़े ट्रक से टकराती दिखाई दे रही है। वीडियो में देखा जा सकता है कि टक्कर से ट्रेलर कुछ इंच तक खिसक जाता है और ट्रेलर में बैठा ड्राइवर जमीन पर गिर जाता है।



---

12 साल की कंटेंट क्रियेटर बिंदु रानी ने किया था लाड़ली बहना योजना को लेकर सवाल

सीएम का मजाकिया जवाब, विपक्ष को मिला तंज कसने का अवसर

सीएम बोले बिंदु तुमको मालूम नहीं लाड़ली बहना ही बहुत महंगी पड़ गई, यह बड़ी अंदर की बात है

दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल

बुंदेलखंड के छतरपुर जिले की 12 वर्षीय बुंदेली कंटेंट क्रिएटर बिन्नू रानी ने सवाल किया कि बहनों के लिए तो बहुत सारी योजना की लेकिन बेटियों के लिए क्या करने वाले हैं? तभी सीएम ने मजाकिया अंदाज में कहा कि बिन्नू तुमको मालूम नहीं लाड़ली बहना ही बहुत महंगी पड़ गई। यह बड़ी अंदर की बात है। तुम्हें क्या मालूम कि मुख्यमंत्री बनते ही इतनी भारी मार पड़ने वाली है। इस तरीके की बात सामने आने के बाद मध्य प्रदेश में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने भी तंज कसते हुए ट्वीट किया कि चुनाव के पहले लाड़ली सत्ता में आते ही परेशानी।

लाड़ली बहना योजना को लेकर मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने एक ऐसा बयान दिया जिसका विषय सियासी गलियारों में चर्चा का विषय बन गया। सीएम मोहन यादव ने भोपाल में आयोजित हुए एक निजी कार्यक्रम में ऐसा लाड़ली बहना योजना को लेकर बयान दिया जिसको लेकर कांग्रेस भी अब तंज कसने लगी है।



कंटेंट क्रियेटर बिंदु रानी के सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मजाकिया जवाब दिया था। जवाब पर विपक्ष ने तंज कसने में देर नहीं की है। इस तरीके की बात सामने आने के बाद मध्य प्रदेश में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने भी तंज कसते हुए ट्वीट किया कि चुनाव के पहले लाड़ली सत्ता में आते ही परेशानी। यह है भाजपा सरकार का महिला सम्मान। इस तरीके की कांग्रेस ने इसे मुद्दा बना लिया।

भाजपा की महत्वाकांक्षी योजना

मध्य प्रदेश में बीजेपी सरकार की सबसे महत्वाकांक्षी योजना है लाड़ली बहना योजना जिसकी चर्चाएं पूरे मध्य प्रदेश में ही नहीं बल्कि देश के कई राज्यों में होने लगी हैं। जिसके तहत दूसरे राज्य भी इसी तरीके से मिलती जुलती योजना अपने प्रदेश की महिलाओं के लिए चला रहे हैं। मध्य प्रदेश सरकार में साल 2023 में प्रदेश की महिलाओं के लिए लाड़ली बहना योजना का ऐलान किया गया था। तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने योजना में अमली जामा पहनाते हुए 1 हजार रु. से यह राशि की शुरूआत की थी। वादा किया था कि 3 हजार रुपये तक ले जाया जाएगा।

मजाकिया अंदाज में जवाब दिया

अब मध्य प्रदेश के मुखिया डॉ. मोहन यादव के लिए यह योजना काफी महंगी पड़ने लगी है। इस तरीके की बात उन्होंने एक कंटेंट क्रिएटर प्रोग्राम के दौरान उस वक्त कही जब उनसे बुंदेलखंड के छतरपुर जिले की 12 वर्षीय बुंदेली कंटेंट क्रिएटर बिन्नू रानी ने सवाल किया कि बहनों के लिए तो बहुत सारी योजना की लेकिन बेटियों के लिए क्या करने वाले हैं? तभी मुख्यमंत्री ने मजाकिया अंदाज में कहा कि बिनू तुमको मालूम नहीं लाड़ली बहना ही बहुत महंगी पड़ गई। यह बड़ी अंदर की बात है। तुम्हें क्या मालूम कि मुख्यमंत्री बनते ही इतनी भारी मार पड़ने वाली है। यह बात अलग है कि डॉ. मोहन यादव का वादा है कि योजना निरंतर चलती रहेगी। वर्ष 2028 के विधानसभा चुनाव से पहले योजना की राशि 3 हजार रुपये तक सरकार कर देगी।

लाड़ली बहना योजना पर एक नजर

मध्यप्रदेश की लाड़ली बहना योजना में अब तक 40 किस्तें दी जा चुकी हैं।

- 40वीं किस्त - 13 सितंबर 2026 को आगर-मालवा से जारी हुई थी।
- प्रदेश में 1.25 करोड़ महिलाओं को 1,500 रु. प्रति महिला - कुल 1,835 करोड़ रु. की राशि दी जा रही है।

बहनों को अब अक्टूबर 26 में 41वीं किस्त का इंतजार है।

- योजना शुरू हुई - जून 2023 में 1,000 रु. से
- अक्टूबर 2023 से 1,250 रु.
- नवंबर 2025 से अब तक 1,500 रु. प्रतिमाह मिल रहे हैं
- रक्षाबंधन पर अगस्त 2023, 2024, 2025, 2026 में 250 रु. अलग से शगुन के तौर पर भी दिए गए थे।

महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का मंगलवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

खुसूर-फुसूर

गरीब को मिलेगा काम, खुलेगी दुकान

पिछले एक सप्ताह में रोजी रोजगार, दिहाड़ी मजदूरी ढूंढने के लिए सराय पर आने वाले मजदूरों के पेट की आंतडियां सूखने लगी थी। छत्रीचौक पर काम की आस में सुबह से आकर बैठने वाले मजदूर को काम नहीं मिल पा रहा था। विवाद के बाद से पूरा क्षेत्र बैरिकेड्स के हवाले था और सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था होने से मजदूरों की स्थिति भी गड़बड़ा गई थी। यहां तक की आसपास की दुकानें भी बंद थी और उससे व्यापार भी बराबर प्रभावित हो रहा था। दुकानदार तो फिर भी अपने घर की दाल रोटी चलाने जितनी व्यवस्था में था लेकिन रोज कमाना और रोज खाना का काम करने वाले दिहाड़ी मजदूरों की इससे परेशानी बढ़ गई थी। सराय तो ठीक उसके आसपास के क्षेत्र में भी लोगों को इकट्ठा नहीं होने दिया जा रहा था। कुछ शरारती तत्वों के उपद्रव का नतीजा दिहाड़ी मजदूरों को पूरे 7 दिन भूगतना पड़ा है। दुकानदारों को अपनी दुकानें बेवजह ही बंद रखनी पड़ी है। दिहाड़ी मजदूरी करने वालों को इस दौरान काफी परेशानियों से दो-चार होना पडा है। उधारी का बोझ इन दिनों में उन पर लद गया है। राशन की ही डेढ़ से दो हजार रूपए उन्हें परचूनी सामान के उधार हो गए हैं। प्रति दिन 500-600 रूपए कमाने वाले दिहाड़ी मजदूरों को रोज काम मिल जाए यह भी संभव नहीं है। कभी घर से आस लेकर आते हैं और निराश लौटना पड़ता है। ऐसे में सीधे-सीधे 6 दिन इन मजदूरों को न तो काम मिला न ही ठेकेदार ही लेने पहुंचा। खुसूर-फुसूर है कि पंजीबद्ध गरीबों को तो फ्री अनाज की व्यवस्था है लेकिन सराय में आने वाले अधिकांश मजदूर बाहर से आकर शहर में अपना ठिया बनाते हैं। सराय में इनके काम की तलाश पूरी होती है। कभी ठेकेदार काम लेता है तो कभी नहीं। महीने में आधे दिन काम आधे दिन आराम के हाल रहते हैं। अशांति के हाल से सबसे अधिक दिहाडी मजदूर ही प्रभावित हुआ है जिसके घर में चुल्हा भी उधार से जला है। सोमवार से सामान्य स्थिति के चलते दुकानें खुल गई और 8 वें दिन जाकर गरीब सराय में जुटे जहां उनमें से कुछ को काम मिला और कुछ तलाश में भटकते रह गए।

नैनो न्यूज

- **गीत-संगीत** के बीच अग्रवाल समाज ने उठाया अग्रसेन अंताक्षरी का आनंद, अग्रवाल नवयुवक मंडल के आयोजन में समाजबंधुओं ने उत्साह से लिया हिस्सा, आपसी सद्भाव और सामाजिक एकजुटता का दिया संदेश
- **अग्रसेन महोत्सव** में गूंजा रानी सती दादी का मंगल पाठ, अग्रवाल विकास समिति के आयोजन में सैकड़ों महिलाओं ने लिया हिस्सा, छप्पन भोग और फूल बंगला रहे आकर्षण का केंद्र
- **संजय कोठारी** राष्ट्रीय महामंत्री, जुली गोलेचा बनी प्रदेश अध्यक्ष, राजेन्द्र जैन नवयुवक एवं महिला परिषद के दो दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन में गच्छाधिपती आचार्य देवेश श्रीमद विजय नित्यसेन सुरीश्वर ने की अगले तीन वर्षों के लिए नवीन कार्यकारिणी की घोषणा
- **संत लखमीचंद** बने अंतरराष्ट्रीय कबीर पंथ महासंघ के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष, नई दिल्ली के कबीर मंदिर में आयोजित मासिक सत्संग में राष्ट्रीय अध्यक्ष महंत चूड़ामणि साहेब ने सौंपे नियुक्ति पत्र
- **एआरटी केंद्र** आर.डी. गार्डी मेडिकल कॉलेज उज्जैन हुआ पेपरलेस, उज्जैन। एआरटी केंद्र 6 अक्टूबर से पेपरलेस केंद्र के रूप में कार्य करने वाला प्रदेश का प्रथम प्रायवेट क्षेत्र का केंद्र बन गया है।
- **भरतनाट्यम** और पारंपरिक लोकगीतों से साकार हुई आदिशक्ति की महिमा, वरदा कला संस्थान ने महाराष्ट्र भवन में किया 'निर्मल पराशक्ति आराधन' का भव्य आयोजन, संजा और भूलाभाई गीतों की हुई मनमोहक प्रस्तुति
- **उमा सांझी** महोत्सव पर बाबा महाकाल को छप्पन भोग अर्पित, भक्ति गंध सेवा प्रतिष्ठान ने फूलों और आकर्षक रोशनी से की मंदिर परिसर की सजावट
- सेवा संकल्प अभियान के तहत आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम आयोजित, पोषण प्रदर्शनी लगाकर आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं का किया सम्मान

ट्रेंडिंग



नागझिरी औद्योगिक क्षेत्र की इकाईयों द्वारा रासायनिक अपशिष्ट बगैर उपचार के छोड़ा जा रहा

पार्श्वनाथ कॉलोनी के नलकूपों में प्रदूषण फैलने की स्थिति

जनसुनवाई में गंदा पानी लेकर पहुंचे रहवासी, महीनों से परेशान, जांच की मांग

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

देवास रोड नागझिरी औद्योगिक क्षेत्र में इकाईयों द्वारा रासायनिक अपशिष्ट बगैर किसी उपचार के सीधे छोड़ा जा रहा है जिसके कारण से पास की कालोनी पार्श्वनाथ सिटी के नलकूपों में प्रदूषित पानी मिलने की स्थिति सामने आने लगी है। रहवासियों ने दूषित पानी की समस्या को लेकर मंगलवार को कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर जनसुनवाई में शिकायत दर्ज कराई। रहवासी अपने साथ डब्बे में पानी लेकर जनसुनवाई में पहुंचे और अधिकारियों को पानी दिखाकर समस्या से अवगत कराया।

अधिकारियों के समक्ष पानी के डिब्बे रखते हुए रहवासियों ने सीधे तौर पर आरोप लगाते हुए कहा कि कॉलोनी के आसपास संचालित औद्योगिक इकाइयों से निकलने वाले रासायनिक अपशिष्ट के कारण क्षेत्र का भूजल प्रभावित हो रहा है। प्रशासन से मामले की जांच कराकर पेयजल की समस्या का स्थायी समाधान कराने की मांग की है। पार्श्वनाथ सिटी रहवासी संस्था के लोगों का कहना था कि पिछले करीब तीन महीनों से कॉलोनी में पानी की गुणवत्ता को लेकर परेशानी बनी हुई है। मंगलवार को बड़ी संख्या में महिलाएं और पुरुष पानी के नमूने लेकर कलेक्टर कार्यालय पहुंचे।

रहवासियों ने अधिकारियों को बताया कि पानी में रंग, झाग और दुर्गंध जैसी समस्या दिखाई दे रही है। उनका कहना है कि कॉलोनी में रहने वाले कई परिवार ट्यूबवेल आधारित जलस्त्रोतों पर निर्भर हैं।





औद्योगिक इकाईयों पर शंका

रहवासियों ने कॉलोनी के पीछे संचालित केमिकल, फार्मास्युटिकल, पेस्टीसाइड और अन्य औद्योगिक इकाइयों से निकलने वाले अपशिष्ट को लेकर सवाल उठाए हैं। उनका आरोप है कि रासायनिक अपशिष्ट जमीन में जाने से भूजल की गुणवत्ता प्रभावित हो सकती है। हालांकि, इन आरोपों की वास्तविक स्थिति जांच और संबंधित विभागों की रिपोर्ट के बाद ही स्पष्ट होगी। रहवासियों का कहना था कि समस्या को लेकर वे पिछले करीब तीन महीनों से अलग-अलग स्तर पर आवेदन दे चुके हैं। रहवासियों ने जनसुनवाई, कलेक्टर कार्यालय, जिला उद्योग एवं व्यापार केंद्र (डीआईसी), नगर निगम और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड सहित संबंधित विभागों से शिकायत किए जाने की बात कही। उनका कहना है कि कई बार शिकायत के बावजूद अभी तक उन्हें समस्या का स्थायी समाधान नहीं मिला है।

सीईओ एवं कलेक्टर दोनों को समस्या बताई

रहवासी जब कलेक्टर कार्यालय पहुंचे, उस समय कलेक्टर जनसुनवाई में मौजूद नहीं थे। इसके चलते रहवासियों ने जिला पंचायत सीईओ श्री कुमट से मुलाकात कर अपनी समस्या बताई और साथ लाया गया पानी दिखाया। कुछ ही देर में कलेक्टर रोशन कुमार सिंह के पहुंचने पर रहवासियों ने उन्हें भी पूरे मामले की जानकारी दी और पानी की गुणवत्ता की जांच के साथ कार्रवाई की मांग रखी।

नलकूप आधारित रहवासी क्षेत्र

रहवासियों के अनुसार पार्श्वनाथ सिटी में करीब 90 आवासीय इकाई का जलस्त्रोत ट्यूबवेल आधारित हैं। उन्होंने अधिकारियों के सामने पानी का नमूना रखते हुए उसमें गंदगी, झाग, रंग और दुर्गंध होने का दावा किया। रहवासियों का कहना है कि यदि भूजल प्रदूषण की आशंका सही पाई जाती है तो प्रभावित क्षेत्र के जलस्त्रोतों की वैज्ञानिक जांच कराकर लोगों के लिए सुरक्षित पेयजल की व्यवस्था करना जरूरी होगा। उन्होंने कॉलोनी और आसपास के औद्योगिक क्षेत्र से भूजल के नमूने लेकर उनकी अलग-अलग प्रयोगशालाओं से जांच कराने की बात रखी। रहवासियों ने कथित रासायनिक अपशिष्ट के स्त्रोतों की जांच, संदिग्ध स्थानों की वीडियोग्राफी और फोटोग्राफी तथा वहां से नमूने लेने की मांग की है।

वैकल्पिक जल की मांग

इसके साथ ही जब तक पानी की गुणवत्ता को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं होती, तब तक कॉलोनी में वैकल्पिक पेयजल व्यवस्था उपलब्ध कराने की मांग भी की गई। रहवासियों के अनुसार तीन महीने से लगातार आवेदन दिए जा रहे हैं। समय रहते समस्या की जांच और समाधान नहीं हुआ तो भविष्य में परेशानी और बढ़ सकती है।

सरकारी डॉक्टरों की निजी प्रैक्टिस पर सरकार लगाएगी लगाम!

दो विभाग एक होने के बाद अब सभी डॉक्टरों के लिए एक होंगे नियम, निगरानी भी होगी सख्त

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के एकीकरण को करीब दो वर्ष का समय हो चुका है, लेकिन सरकारी डॉक्टरों की निजी प्रैक्टिस को लेकर अभी तक पूरी तरह एक समान व्यवस्था लागू नहीं हो सकी है। पूर्व स्वास्थ्य विभाग और मेडिकल कॉलेजों से जुड़े चिकित्सकों के लिए अलग-अलग प्रावधान होने के कारण नियमों की एकरूपता को लेकर सवाल उठ रहे हैं। अब सरकार सभी सरकारी डॉक्टरों के लिए निजी प्रैक्टिस के नियम एक समान करने के साथ ही उनके पालन की निगरानी भी सख्त करने की तैयारी में है।

वर्तमान व्यवस्था में पूर्व स्वास्थ्य विभाग के डॉक्टरों के लिए निजी प्रैक्टिस के नियम अपेक्षाकृत कड़े हैं। उन्हें अपने आवास पर उपचार से जुड़े कुछ लाइसेंसी उपकरण रखने की अनुमति नहीं है। उदाहरण के तौर पर डेंटिस्ट को अपने घर पर मरीज देखने के दौरान डेंटल चेयर जैसी सुविधाएं रखने की अनुमति नहीं होने के कारण सीमित तरीके से उपचार करना पड़ता है। दूसरी ओर मेडिकल कॉलेजों से जुड़े डॉक्टरों को डीन की अनुमति लेकर निजी अस्पतालों में प्रैक्टिस करने की सुविधा है। उन्हें सर्जरी करने की अनुमति भी है। प्रस्तावित व्यवस्था में सभी सरकारी डॉक्टरों के लिए निजी प्रैक्टिस के नियम एक समान किए जाने पर विचार किया जा रहा है। नॉन-प्रैक्टिसिंग अलाउंस लेने वाले डॉक्टरों की निजी प्रैक्टिस पर निगरानी बढ़ाई जा सकती है। निजी नर्सिंग होम में प्रैक्टिस पर रोक लगाने का प्रावधान भी किया जा सकता है। वहीं डॉक्टरों को मिलने वाले नॉन-प्रैक्टिसिंग अलाउंस में बढ़ोतरी के विकल्प पर भी विचार होने की बात सामने आ रही है। सीएमएचओ, सिविल सर्जन, डीन और अस्पताल अधीक्षक जैसे प्रशासनिक पदों पर कार्यरत डॉक्टरों के लिए निजी प्रैक्टिस पर प्रतिबंध को और सख्ती से लागू किया जा सकता है। नियमों के पालन की निगरानी के लिए अलग समिति गठित करने का प्रस्ताव भी सामने आ सकता है।



आवास से लैब चलाने के आरोप

मेडिकल कॉलेजों से जुड़े पैथोलॉजी और माइक्रोबायोलॉजी के कुछ फैकल्टी पर अपने आवास से लैब संचालित करने के आरोप भी सामने आए हैं। इसके अलावा कुछ निजी नर्सिंग होम में शासकीय मेडिकल कॉलेजों के डॉक्टरों के नाम प्रदर्शित किए जाने की बात भी सामने आई है। ऐसे मामलों ने सरकारी सेवा में रहते हुए निजी प्रैक्टिस के नियमों के पालन और उनकी निगरानी को लेकर सवाल खड़े किए हैं।

घर पर मरीज देखने की सीमित अनुमति

नई व्यवस्था में डॉक्टरों को अपने आवास पर सीमित रूप से मरीज देखने की अनुमति देने पर विचार हो सकता है, लेकिन अलग से क्लीनिक संचालित करने की अनुमति नहीं होगी। इससे डॉक्टरों को मरीज देखने की सीमित सुविधा मिल सकेगी और साथ ही निजी क्लीनिक के रूप में व्यावसायिक प्रैक्टिस पर नियंत्रण रखा जा सकेगा। कुछ डॉक्टरों का कहना है कि प्रैक्टिस के नियम सभी सरकारी डॉक्टरों के लिए समान होने चाहिए और जो नियम पहले से लागू हैं, उनका कड़ाई से पालन कराया जाना चाहिए। उनका यह भी कहना है कि प्रदेश में सोनोलॉजिस्ट की कमी को देखते हुए डॉक्टरों को अपने आवास पर सोनोग्राफी सुविधा उपलब्ध कराने की अनुमति देने के विकल्प पर भी विचार किया जाना चाहिए। विभाग के एकीकरण के बाद अब मुख्य चुनौती अलग-अलग व्यवस्थाओं को समाप्त कर स्पष्ट और समान नियम लागू करने की है। साथ ही यह भी महत्वपूर्ण होगा कि नए नियम केवल कागजों तक सीमित न रहें, बल्कि उनकी नियमित निगरानी और उल्लंघन की स्थिति में कार्रवाई की व्यवस्था भी प्रभावी हो।

महाकाल मंदिर में ई-कार्ट सेवा दो दिन से बंद, बुजुर्ग-दिव्यांग परेशान



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

महाकाल मंदिर में दो दिन से बंद ई-कार्ट सेवा मंगलवार को भी पूरी तरह शुरू नहीं हो पाई। जो ई-कार्ट चल रही हैं, उनमें से भी अधिकांश वीआईपी श्रद्धालुओं की सेवा में लगी हैं। ऐसे में आम बुजुर्ग और दिव्यांग श्रद्धालुओं को गर्मी और उमस के बीच लंबी दूरी पैदल तय करनी पड़ रही है।

बताया जा रहा है कि पिछले दो दिनों से श्री महाकालेश्वर मंदिर में ई-कार्ट सेवा बंद थी। चार्जिंग के दौरान कुछ गाड़ियों में तकनीकी खराबी आने के कारण यह स्थिति बनी। महाकाल मंदिर में ई-कार्ट की व्यवस्था को लेकर उज्जैन सांसद भी नाराजगी जता चुके हैं। उन्होंने कहा था कि मंदिर में ई-कार्ट की सुविधा आम श्रद्धालुओं के बजाय केवल वीआईपी भक्तों को मिल रही है। इसके बाद उन्होंने मंदिर प्रशासक से भी इस संबंध में चर्चा की थी। महाकाल मंदिर समिति के पास दान में मिली करीब 42 ई-कार्ट हैं। इन्हें तीन अलग-अलग पालियों में 12-12 गाड़ियों के स्लॉट में चलाया जाता है। इनमें से कई गाड़ियां पहले से खराब पड़ी हैं। मंदिर प्रशासन की ओर से इन पर ध्यान नहीं दिए जाने के कारण कुछ गाड़ियां लंबे समय से खड़ी हैं। दो दिन पहले चार्जिंग के दौरान कुछ और गाड़ियों में तकनीकी खराबी आ गई, जिससे श्रद्धालुओं की परेशानी बढ़ गई। रविवार से महाकाल मंदिर कॉरिडोर में चलने वाली ई-कार्ट सेवा बंद थी। यह सुविधा महाकाल महालोक (त्रिवेणी संग्रहालय) द्वार, नीलकंठ द्वार और हरसिद्धि द्वार से श्रद्धालुओं के लिए संचालित की जाती है।

मड़ावदा स्वास्थ्य केंद्र पर डॉ. शिवानी बैरागी की नियुक्ति होने पर किया स्वागत

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

मड़ावदो प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मड़ावदा में स्वास्थ्य विभाग ने मेडिकल ऑफिसर के पद पर डॉ. शिवानी बैरागी की स्थायी नियुक्ति की है। इससे मड़ावदा सहित आसपास के क्षेत्र के मरीजों को स्थानीय स्तर पर उपचार की सुविधा मिलने की उम्मीद है। चिकित्सक की उपलब्धता से सामान्य उपचार के लिए मरीजों को दूर जाने की आवश्यकता कम होगी। नियुक्ति के बाद मेडिकल ऑफिसर लक्ष्यजीत मिश्रा, स्वास्थ्य विभाग के देवनारायण शर्मा, राधा नागर और वीडी बैरागी ने डॉ. बैरागी का स्वागत किया।



आगर रोड पर अतिक्रमण पर नगर निगम की कार्रवाई

हाथ ठेले, गुमटियां और टीन शेड हटाए, सामग्री जब्त

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

आगर रोड पर नगर निगम ने मंगलवार को अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई की। यहां एलिवेटेड ब्रिज का काम चलने से पहले ही ट्रैफिक का दबाव बढ़ा हुआ है। निगम की टीम ने सड़क किनारे से हाथ ठेले, गुमटियां और टीन शेड जैसे अवैध कब्जे हटाए। सामग्री भी जब्त की गई।

आगर रोड शहर के सबसे व्यस्त रास्तों में से एक है। ब्रिज निर्माण के कारण सड़क पर ट्रैफिक का असर है। ऐसे में सड़क किनारे अतिक्रमण से रास्ता संकरा हो रहा था, जिससे वाहन चालकों और पैदल चलने वालों को परेशानी हो रही थी। टीम ने सड़क और फुटपाथ पर रखे सामान को हटाया। अतिक्रमण करने वालों को दोबारा सार्वजनिक रास्ते पर कब्जा न करने की चेतावनी दी गई। निगम अधिकारियों के मुताबिक, ट्रैफिक व्यवस्था ठीक रखने और रास्तों को अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी।



यात्रियों से भरी सुगम परिवहन सेवा की बस में भीषण आग , फायर ब्रिगेड ने बुझाया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

मंगलवार दोपहर इंदौर रोड पर मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा की बस में रामवास के पास टायर फटने के उपरांत आग लग गई। बस में घटना के समय चालक-परिचालक सहित 25 से अधिक सवारी थी। प्रारंभिक दौर में बस में तेजी से धुंआ उठा और उसके बाद कुछ ही देर में बस की आग ने विकराल रूप ले लिया। उज्जैन नगर निगम की फायर ब्रिगेड ने पहुंचकर आग पर काबू पाया है। पुलिस ने आगजनी दर्ज कर जांच शुरू की है।

मंगलवार को मुख्यमंत्री सुगम बस सेवा की एक बस में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने पूरी बस को अपनी चपेट में ले लिया। कुछ ही देर में बस धूं-धूं कर जलने लगी और पूरी तरह जलकर खाक हो गई। नानाखेड़ा थाना प्रभारी नरेन्द्र कुमार यादव के अनुसार बस को चालक सुरेश चला रहा था। उसने बताया कि बस का पिछला टायर अचानक से फटा और उसके बाद चिंगारी सी निकली थी जिससे आग भड़कने के पहले ही सवारी को बस से उतार दिया गया था। थाना प्रभारी यादव के अनुसार हादसे का शिकार यह डीजल बस थी। पुलिस ने आगजनी का मामला जांच में लिया है। नगर निगम फायर ब्रिगेड कंट्रोल रूम के अटेंडर संजय पांचाल के आग की सूचना पर एक फायर ब्रिगेड वाहन नानाखेड़ा सब स्टेशन एवं दो वाहन मुख्यालय से आग पर काबू पाने के लिए भेजे गए थे।



11 दिन में टायर फटा

मुख्यमंत्री सुगम परिवहन सेवा का प्रदेश स्तर पर शुभारंभ हाल ही में 25 सितंबर को भोपाल के बीएचईएल दशहरा मैदान में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के साथ मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने किया था। इस दौरान 7 प्रमुख शहरों के लिए 351 इंटरसिटी और इंट्रासिटी बसों को हरी झंडी दिखाई गई। शुभारंभ के दो दिन बाद (27 सितंबर को) इंदौर के राजबाड़ा क्षेत्र में सेवा से जुड़ी ई-बस अनियंत्रित होकर तीन लोगों पर चढ़ गई थी, जिसमें से एक व्यक्ति की मौत हो गई और दो अन्य घायल हुए थे। उज्जैन को मुख्यमंत्री ने धार्मिक पर्यटन के लिए 27 सितंबर को 10 बसें देते हुए महाकाल लोक के शक्तिपथ से इनका शुभारंभ उज्जैन दर्शन सेवा से किया था।

दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

न्यूज ब्रीफ

इंदौर साहित्य, कला, संगीत, संस्कृति आदि क्षेत्रों में भी समृद्ध

इंदौर। भारत में जेन-जी को तरूण भारत कहना ज्यादा उपयुक्त है। यह वर्ग (जेन-जी) दुनिया की अर्थव्यवस्था में आज अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। दुनिया की बड़ी-बड़ी आईटी कम्पनियां अनुसंधान केन्द्र, प्रबंधन संस्थान आदि के सीईओ आज तरूण भारत (जेन-जी) है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की विदेश यात्राओं के दौरान विदेशों में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में उपस्थित समुदायों में सर्वाधिक संख्या इसी वर्ग (जेन-जी) की होती है। प्रदेश में आज जो हजारों स्टार्टअप संचालित हो रहे हैं उनकी कमान भी इसी वर्ग के हाथों में हैं।

शिकायतों का निराकरण एक सप्ताह में करने के निर्देश दिए

उज्जैन। पचास दिन से अधिक समय से लंबित सीएम हेल्पलाइन शिकायतों का निराकरण अगले एक सप्ताह में करने के निर्देश देने के साथ ही कलेक्टर ने अधिकारियों को चेताया है कि यदि उन्होंने फोर्स क्लोज की जाने वाली शिकायतों का फॉलोअप न करते हुए इनको बंद नहीं कराया तो संबंधित के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि एक सप्ताह के बाद किसी भी तरह की पूछताछ के बजाय सीधी कार्यवाही होगी। कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने आज कलेक्टर सभाकक्ष में आयोजित समयसीमा के पत्रों की समीक्षा कर रहे थे। बैठक में नगर निगम आयुक्त श्री अभिलाष मिश्रा, सीईओ जिला पंचायत श्रेयांस कूमट, श्री महाकालेश्वर मंदिर समिति प्रशासक प्रथम कौशिक, सीईओ स्मार्ट सिटी निधि जैन सहित जिले के सभी अधिकारी उपस्थित थे।

118वीं बैठक में शामिल हुए महापौर मुकेश टटवाल

उज्जैन। अखिल भारतीय महापौर परिषद की कार्यकारिणी की 118 वीं बैठक 5 एवं 6 अक्टूबर को चंडीगढ़ में आयोजित की गई। उज्जैन नगर पालिक निगम के महापौर मुकेश टटवाल भी अखिल भारतीय महापौर परिषद की कार्यकारिणी की बैठक में शामिल होने के लिए चंडीगढ़ पहुंचें। बैठक में नगरीय निकायों से जुड़े विभिन्न विषयों, शहरी विकास, नागरिक सुविधाओं एवं नगर निकायों के समक्ष आने वाली चुनौतियों सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। महापौर मुकेश टटवाल बैठक में उज्जैन नगर के विकास एवं नगरीय व्यवस्थाओं से जुड़े विषयों को भी परिषद के समक्ष रखा। बैठक का शुभारंभ पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया, मेयर इन काउंसिल की राष्ट्रीय अध्यक्ष रेणु बाला गुप्ता द्वारा किया गया।

उज्जैन शहर में निकलता है 180 टन से अधिक कचरा



उज्जैन। आने वालों दिनों में स्वच्छता रैंकिंग आने होने वाली है। इससे पहले पहले कचरे से निपटने की चुनौती बड़ी है। नगर निगम के ताजा आंकड़ों के अनुसार रोजाना औसत 180 टन निकलता है। इसमें 110 टन गीला कचरा और 70 टन सूखा कचरा होता है। पर्व के दिनों में 240-250 टन तक पहुँच जाता है। उज्जैन के साथ इंदौर, भोपाल, जबलपुर, ग्वालियर, सागर और सतना जैसे बड़े शहरों में भी कचरे के ढेर और पुराना लीगेसी वेस्ट चुनौती बने हुए हैं। डंपिंग साइटों पर जमा पुराना कचरा शहरों की स्वच्छता व्यवस्था पर सवाल खड़ा कर रहा है। स्वच्छ सर्वेक्षण की टीमों ने फरवरी-मार्च में नगरीय निकायों का सर्वे किया था। इस बार पर्यटक, हेरिटेज और धार्मिक स्थलों के अलावा ऐसे स्थानों की स्वच्छता भी जाँची गई, जहाँ बड़ी संख्या में लोग पहुँचते हैं। स्कूलों में बच्चों के व्यवहार में स्वच्छता को लेकर बदलाव आया या नहीं, इसका भी जायजा लिया गया। नई टूलकिट में खुले में शौच और यूरिनेशन रोकने से जुड़ा इंडिकेटर भी शामिल किया गया। टीमों ने सार्वजनिक स्थानों पर इसके लिए उपलब्ध व्यवस्थाओं को भी देखा। शहर स्वच्छता की रैंकिंग में ऊंची छलांग लगाने की तैयारी में हैं, लेकिन कचरे के पहाड़ उनकी राह में सबसे बड़ी बाधा बन सकते हैं। डंपिंग साइटों पर लीगेसी वेस्ट अब भी जमा है। दूसरी ओर, एक साल में रोजाना निकलने वाले घरेलू कचरे की मात्रा में बढ़ोतरी हुई है।

नैनो न्यूज

- **देवास – मीना बाजार की तैयारी तेज-** देवास में 11 अक्टूबर से ऐतिहासिक मीना बाजार लगेगा। पुलिस ग्राउंड पर आयोजन की तैयारियां तेज कर दी गई हैं।
- **शाजापुर – नगर निकाय में भर्ती अभियान-** शाजापुर नगर पालिका ने दिव्यांगजनों के लिए विशेष भर्ती अभियान की विज्ञप्ति जारी की है। आवेदन प्रक्रिया को लेकर सूचना जारी हुई।
- **सुसनेर – अध्यक्ष पद पर भाजपा जीती-** सुसनेर नगर परिषद अध्यक्ष उपचुनाव में प्रदीप सोनी ने 960 मतों से जीत दर्ज की। परिणाम के बाद समर्थकों ने जश्न मनाया।
- **आगर – आवास योजना पर काम तेज-** आगर मालवा नगर पालिका ने प्रधानमंत्री आवास योजना-2 से संबंधित विज्ञप्ति जारी की है। योजना के तहत हितग्राहियों को लाभ मिलने की उम्मीद है।
- **रतलाम – शॉपिंग कॉम्प्लेक्स को मंजूरी-** रतलाम महापौर परिषद ने तीन स्थानों पर कॉमर्शियल शॉपिंग कॉम्प्लेक्स विकसित करने के प्रस्ताव को हरी झंडी दी है।
- **मंदसौर – कृषि महोत्सव आज आयोजित-** मंदसौर में आज बलराम कृषि महोत्सव आयोजित होगा। कार्यक्रम में कृषि क्षेत्र से जुड़े अधिकारी और किसान शामिल होंगे।

सिंहस्थ-2004 के समय उज्जैन शहर में दो प्रमुख मार्गों का चौड़ीकरण हुआ था

उज्जैन में सिंहस्थ के लिए हटाए गए 3500 से ज्यादा मकान-दुकानें

उज्जैन में आतिथ्य की अनूठी परंपरा है, जो संपत्ति की हानि झेलकर भी लोगों ने निभाई, 80 धार्मिक स्थल भी हटाए गए

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

महाकाल की नगरी उज्जैन में इन दिनों पत्थरों और कंक्रीट से सड़कों के निर्माण के साथ आतिथ्य सत्कार की तैयारी की एक ऐसी पटकथा लिखी जा रही है, जो मिसाल बन गई है। देश-विदेश से आने वाले ह्यअतिथियोंह्ण (श्रद्धालुओं) के लिए उज्जैनवासियों ने सड़क चौड़ीकरण में अपनी संपत्ति को सहर्ष तुड़वाकर कह दिया है- आतिथ्य के लिए आस्था, घर और व्यापार सब कुछ न्योछावर है। इसके पीछे नागरिकों का सिर्फ यही सोचना है कि मार्ग चौड़ा होगा, तो बाबा महाकाल के दरबार आने वाले किसी भी भक्त को कोई कष्ट नहीं होगा। यह आतिथ्य की ऐसी अनूठी परंपरा है, जो संपत्ति की हानि झेलकर भी उन्होंने निभाई है।

महाकाल, गोपाल मंदिर से कालभैरव तक बदला स्वरूप

उज्जैन के कलेक्टर रौशन कुमार सिंह बताते हैं कि इस ऐतिहासिक बदलाव में शहर के अति-व्यस्त माने जाने वाले महाकाल, गोपाल मंदिर एवं कंठाल से लेकर कालभैरव और बिजासन माता मंदिर तक मार्गों का कायाकल्प हो रहा है। कभी इन तंग गलियों में एक साथ दो गाड़ियों का निकलना मुश्किल होता था, वहीं अब चौड़ी सड़कों पर यातायात फरार्टा भरेगा।

रिकार्ड्स में इन 64 मार्गों के चौड़ीकरण को अब तक का सबसे बड़ा और सफल ढांचागत परिवर्तन माना जा रहा है। सिंहस्थ-2004 के समय उज्जैन शहर में दो प्रमुख मार्गों का चौड़ीकरण हुआ था। वर्ष 2016 के सिंहस्थ में चार मार्गों को चौड़ा किया गया। सिंहस्थ 2028 में अनुमानित भारी भीड़ को देखते हुए उज्जैन प्रशासन ने शहर के 64 प्रमुख मार्गों के चौड़ीकरण का मेगा प्लान शुरू किया है। इस योजना की जद में करीब 10 हजार संपत्तियां आई हैं। इनमें 3500 से अधिक पक्के मकान, होटल और अन्य व्यापारिक प्रतिष्ठान प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित हुए हैं।

धर्मस्थलों ने भी सौंपी अपनी छत, दीवारें और मीनार

इस त्याग की गाथा में केवल आम नागरिक ही नहीं, बल्कि धार्मिक स्थल भी पीछे नहीं रहे। शहर के विभिन्न मार्गों पर आने वाले लगभग 80 धर्मस्थलों (मंदिर और अन्य धार्मिक स्थल) के प्रबंधकों ने भी आपसी सहमति और बड़े दिल का परिचय देते हुए अपने परिसरों के बाधक हिस्सों की छत, दीवार और मीनार तक को हटाने की सहमति दी।

दरअसल, शहर में महाकुंभ सिंहस्थ 2028 में आने वाली भारी भीड़ को सुगम यातायात देने के लिए प्रशासन ने 64 मार्गों के चौड़ीकरण का मेगा प्लान शुरू किया तो लोगों ने इसका विरोध नहीं किया, बल्कि स्वयं आगे बढ़कर अपनी पीढ़ियों पुराने घरों की दीवारें और दुकानें तोड़ दीं। करीब 10 हजार संपत्तियों पर इस विकास कार्य का असर पड़ा है, जिनमें 3500 से अधिक लोगों के पक्के घर, होटल और अन्य व्यापारिक प्रतिष्ठान प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित हुए हैं। कई मामलों में, जिस दुकान से परिवार का चूल्हा जलता था, जिस घर के आंगन में बच्चों की किलकारी गूंजी थी, उसे तोड़ने के लिए उसके मालिक ही स्वयं हथौड़ा लेकर खड़े हो गए। इनमें मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी शामिल हैं।

भागीरथपुरा हादसे के आरोपी संजीव श्रीवास्तव को बचाने का आरोप

भोपाल मंत्रालय के जांच के आदेश पर नगर निगम में हड़कंप

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

बहुचर्चित भागीरथपुरा हादसे से जुड़े भ्रष्टाचार और तत्कालीन कार्यपालन यंत्री संजीव कुमार श्रीवास्तव के कार्यकाल के दौरान भागीरथपुरा हादसा घटित जिसमे 36 नागरिकों की जान चली गई। नर्मदा जल संधारण के कार्यों में हुए भ्रष्टाचार की 792 फाइलों की जानकारी देने के लिए मध्यप्रदेश राज्य सूचना आयोग - विगत 08 जुलाई को आदेश दे चुका है, परन्तु श्री संजीव श्रीवास्तव के प्रभाव के कारण तथा नर्मदा विभाग के काले कारनामों पर पर्दा डालने की साज़िश अंतर्गत जानकारी छिपाई जा रही है, जिसमे संजीव श्रीवास्तव की विगत 09 वर्षों में - घोषित संपत्ति का बड़ा मामला शामिल है। विगत माह साक्ष्यों के साथ प्रस्तुत विधिक शिकायतों पर मध्यप्रदेश शासन नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने कड़ा रुख अपनाते हुए आयुक्त, नगरीय प्रशासन एवं विकास को पत्र जारी कर दोषी अधिकारियों के खिलाफ जांच एवं सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

9 वर्षों का रिकॉर्ड गायब करने की साजिश

बहुचर्चित भागीरथपुरा हादसे से जुड़े भ्रष्टाचार और नर्मदा संधारण की 792 फाइलों के मामले की कड़ियां जोड़ते हुए पूर्व पार्षद दिलीप कौशल ने सूचना का अधिकार (आरटीआई) के तहत आरोपी अधिकारी संजीव श्रीवास्तव के वर्ष 2017 से 2026 तक के अचल एवं चल संपत्ति विवरण की प्रतियां मांगी थीं। आरोप है कि जलप्रदाय शाखा के वर्तमान कार्यपालन यंत्री एवं लोक सूचना अधिकारी श्री नरेश कुवाल और श्री जुगल बारपेटे ने आरोपी को अवैध संरक्षण देते हुए रिकॉर्ड कार्यालय में उपलब्ध न होने का झूठा बहाना बनाया।

उल्लंघन और गुमराह करने का प्रयास

प्रथम अपील लंबित रहने के दौरान ही लोक सूचना अधिकारी ने अपने पद व अधिकार क्षेत्र का दुरुपयोग करते हुए सीधे मध्य प्रदेश राज्य सूचना आयोग को असंवैधानिक पत्र जारी कर दिया और आवेदक का आवेदन व स्टाम्प पेपर लौटाकर आरटीआई नियमों की धज्जियां उड़ा दीं। पूर्व पार्षद दिलीप कौशल ने कहा, आरोपी अधिकारी की अकूत संपत्ति के साक्ष्य मिटाने के लिए रिकॉर्ड गायब करने का मनगढंत बहाना बनाया जा रहा है।

कनिष्ठ अधिकारी द्वारा राज्य सूचना आयोग को गुमराह करना आपराधिक कदाचार की पराकाष्ठा है। श्री कौशल ने मध्यप्रदेश शासन के मुख्य सचिव को भेजे गए शिकायती-पत्र में माननीय उच्च न्यायालय में भागीरथपुरा हादसे का उल्लेख करते हुवे विस्तारपूर्वक तथ्यों एवं प्रमाण प्रस्तुत करते हुवे प्रमुख मांगे की थी-



- तत्काल निलंबन पद का दुरुपयोग करने वाले कार्यपालन यंत्री नरेश कुवाल व जुगल बारपेटे को तुरंत निर्लंबित कर विभागीय जांच शुरू की जाए।
- आपराधिक एफआरआई साक्ष्य मिटाने और आपराधिक षड्यंत्र रचने के आरोप में बीएनएस 2023 की धाराओं (316, 336, 340, 61(2)) के तहत मामला दर्ज हो।
- संपत्ति विवरण सार्वजनिक हो आरोपी संजीव श्रीवास्तव के 9 वर्षों के संपत्ति विवरण की सत्यापित प्रतियां सार्वजनिक की जाएं।

प्रयागराज-पुणे के बीच नई पूजा स्पेशल ट्रेन, फेरे भी बढ़ाए गए

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

त्योहारों का सीजन आते ही ट्रेनों में लंबी वेटिंग लिस्ट यात्रियों की परेशानी बढ़ा देती है। दुर्गा पूजा, दिवाली और छठ पर्व पर घर जाने वालों की इसी भीड़ को देखते हुए रेलवे ने खास तैयारियां की हैं। यूपी, बिहार और महाराष्ट्र का सफर आसान बनाने के लिए रेलवे ने अतिरिक्त ट्रेनें चलाने और कुछ ट्रेनों के फेरे बढ़ाने का फैसला किया है। प्रयागराज से हडपसर (पुणे) के बीच एक नई पूजा स्पेशल ट्रेन शुरू की जा रही है, जबकि वलसाड-दानापुर स्पेशल के फेरों में विस्तार किया गया है। इन बदलावों से विशेषकर भोपाल-नर्मदापुरम संभाग से गुजरने वाले यात्रियों को काफी सहूलियत मिलेगी।

प्रयागराज और हडपसर (पुणे) के बीच चलने वाली यह नई पूजा स्पेशल ट्रेन कुल 5-5 फेरे लगाएगी। यह ट्रेन 21 अक्टूबर से शुरू होकर 19 नवंबर तक पटरी पर दौड़ेगी। हर बुधवार रात 10:20 बजे यह प्रयागराज से चलेगी, जबकि वापसी में हडपसर से यह गुरुवार रात 10:40 बजे रवाना होगी। रास्ते में यह 15 प्रमुख स्टेशनों पर रुकेगी, जिनमें रानी कमलापति (आरकेएमपी), बीना, इटारसी, खजुराहो, चित्रकूट धाम, भुसावल, मनमाड और दौंड कॉर्ड लाइन शामिल हैं। इस ट्रेन में यात्रियों की सुविधा के लिए कुल 21 कोच लगाए गए हैं, जिनमें 12 स्लीपर, 6 जनरल, 1 थर्ड एसी और 2 एसएलआरडी कोच होंगे।

हर विधानसभा की सर्वे रिपोर्ट के आधार पर तय किया जाएगा टिकट

भाजपा ने की अभी से जो तैयारी शुरू

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

भाजपा ने इस बार देश की राजनीतिक माहौल को देखते हुए बदलाव करने की कोशिश शुरू कर दी है। पिछली बार मध्य प्रदेश में भाजपा को एक तरफ 163 सीट मिली थी और कांग्रेस सीट पर सिमट गई थी ,जबकि 2018 के चुनाव में कांग्रेस सत्ता में आ गई थी।

2023 में ऐसा माना जा रहा था कि वापस कांग्रेस की गद्दी आ सकती है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की रणनीति के आगे कांग्रेस फेल हो गई और एक बार फिर भाजपा को मौका मिल गया। शुरू के 2 साल तक तो कोई समस्या नहीं आई लेकिन जंतर मंतर के आंदोलन और युवाओं में बदलाव को लेकर सियासत अब गरमा गई है।

ऐसा माना जा रहा है कि जो माहौल बन रहा है उससे तो पार्टी को नुकसान हो सकता है। मध्य प्रदेश के अलावा छत्तीसगढ़ और राजस्थान में भी एक साथ चुनाव होना है। मध्य प्रदेश के दतिया में जो परिणाम उपचुनाव के दौरान सामने आया था उसके बाद भाजपा की नींद उड़ गई है और अभी से मंथन शुरू कर दिया है वैसे तो विधानसभा चुनाव को अभी 2 साल पूरे न बचे हैं लेकिन उसके पहले ही तैयारी शुरू कर दी गई है। ऐसी विधानसभाओं पर नजर रखी जा रही है जहां पर पार्टी को नुकसान हो सकता है अभी से मंथन शुरू होने के साथ सर्वे रिपोर्ट पर भी ध्यान दिया जा रहा है। जिस क विधायक की कमजोरी सामने आएगी वहां पर टिकट में बदलाव किया जा 1 सकता है।

ऐसा माना जा रहा है कि इस बार कई विधायकों के टिकट कट द सकते हैं और उसके लिए भाजपा ही कमान से भी निर्णय लिया जाएगा जो न सर्वे रिपोर्ट सामने आएगी इस आधार पर फैसला किया जाएगा। भाजपा ने की अभी से जो तैयारी शुरू की है उसको लेकर हलचल तेज हो गई है ऐसा माना क जा रहा है कि इस बार बड़ा परिवर्तन किया जा सकता है कई नामी विधायकों के टिकट भी कर सकते हैं।

मप्र में बदला मौसम का मिजाज...

जबलपुर-रीवा समेत कई जिलों में बारिश के आसार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल

मानूसन की विदाई के बाद प्रदेश में मौसम का मिजाज तेजी से बदल रहा है। इस दौरान दिन और रात के तापमान में काफी अंतर देखा जा रहा है। दोपहर में जहां तेज धूप और गर्मी पसीने छुड़ा रही है, वहीं देर रात और अलसुबह ठंडक होने लगी है।

सोमवार को प्रदेश के शहरों में दिन और रात के तापमान में औसतन करीब 13.7 डिग्री सेल्सियस का अंतर रिकार्ड हुआ। मौसम विज्ञानी वहीद खान ने बताया कि मालवा-निमाड़ क्षेत्र में पारे में अधिक उतार-चढ़ाव देखा गया। इंदौर में दिन का अधिकतम तापमान 35.3 डिग्री सेल्सियस रहा, जबकि रात का पारा लुढ़ककर 17.2 डिग्री सेल्सियस पर आ गया। यानी यहां दिन और रात के बीच 18.1 डिग्री सेल्सियस का अंतर रहा, जो प्रदेश में सबसे ज्यादा है। धार में 17.5 डिग्री सेल्सियस, भोपाल में 16.0 डिग्री सेल्सियस और बैतूल में 14.0 डिग्री सेल्सियस का अंतर दर्ज किया गया। प्रदेश में दिन के समय सबसे अधिक तपिश ग्वालियर, धार, राजगढ़ और छतरपुर जिले के खजुराहो में महसूस हुई।

पूर्वी मप्र में हल्की वर्षा के आसार



मौसम केंद्र के अनुसार एक- दो दिन में पूर्वी मध्य प्रदेश के सतना, पन्ना, मैहर, रीवा, मऊगंज, सीधी, सिंगरौली और शहडोल जिलों में कहीं-कहीं हल्की वर्षा के आसार हैं।

जवाब न मिलने पर कोर्ट में पिटीशन और जनजागरण अभियान, रावण दहन को लेकर

बढ़ा विवादः ब्राह्मण समाज भेजेगा कानूनी नोटिस

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

महाकाल नगरी उज्जैन में आगामी 20 अक्टूबर को दशहरा मैदान पर होने वाले पारंपरिक रावण दहन कार्यक्रम के विरोध में स्वर लगातार तेज होते जा रहे हैं। इस बार यह मामला केवल मौखिक विरोध तक सीमित न रहकर कानूनी मोड़ लेने जा रहा है। अखिल भारतीय युवा ब्राह्मण समाज ने निर्णय लिया है कि रावण दहन का आयोजन करने वाली संस्थाओं को कानूनी नोटिस जारी कर शास्त्रोक्त जवाब मांगा जाएगा और संतोषजनक उत्तर न मिलने पर माननीय न्यायालय में याचिका (पिटीशन) दायर की जाएगी। आगे जो भी हो, लेकिन अभी बाबा महाकाल की नगरी में एक तरफ रावण के विशालकाय स्वरूप का निर्माण किया जा रहा है, तो दूसरी तरफ परंपरा के शास्त्रोक्त आधार को चुनौती देते हुए कोर्ट जाने की तैयारी पूरी कर ली गई है।



संस्थाओं को जारी होंगे नोटिस

अखिल भारतीय युवा ब्राह्मण समाज के संस्थापक अध्यक्ष पं. महेश शर्मा के अनुसार, समाज लंबे समय से रावण दहन की प्रथा का विरोध करता आ रहा है। संस्था का स्पष्ट तर्क है कि भगवान श्रीराम ने रावण का वध किया था, दहन नहीं। केवल मनोरंजन या उत्सव के नाम पर रावण दहन करना शास्त्रों के अनुकूल नहीं है। इसी आधार पर वकील के माध्यम से शहर की चार प्रमुख आयोजन समितियों को कानूनी नोटिस भेजे जा रहे हैं। दशहरा मैदान उत्सव समिति, कार्तिक मेला दशहरा उत्सव समिति, शास्त्री नगर दशहरा समिति और सिद्धवट दशहरा समिति को नोटिस जारी किए जाएंगे। इन सभी संस्थाओं से नोटिस के जरिए यह सवाल पूछा जाएगा कि वे किस शास्त्र या धार्मिक आधार पर रावण का दहन कर रहे हैं।

एक तरफ विरोध का बिगुल, दूसरी तरफ 101 फीट का रावण तैयार

एक ओर जहां रावण दहन के खिलाफ कानूनी मोर्चा खोला जा रहा है, वहीं दूसरी तरफ दशहरा मैदान पर रावण दहन की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। इस बार का दशहरा उत्सव परंपरा को सहेजने वाले स्व. ओम अमरनाथ खत्री की स्मृति में आयोजित किया जा रहा है। आयोजन समिति के अध्यक्ष शिवा खत्री, आयोजक दीपून और सचिव मनीष शर्मा तैयारियों में जुटे हैं। रामलखन कहार और आठ लोगों की टीम पिछले 10 दिनों से 101 फीट ऊंचे रावण का ढांचा तैयार कर रही है। इस बार रावण के सिर पर बड़े सींग, बड़े दांत, पैरों में लॉन्ग शू, सीने पर भारी कवच और हाथ में 40 फीट लंबी दोधारी तलवार होगी। कार्यक्रम में आकर्षक आतिशबाजी का भी आयोजन रखा गया है।

इंदौर में सफाईकर्मियों की हड़ताल का असर

फैली गंदगी, कई क्षेत्रों में वाहन कचरा लेने नहीं आए

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर में विभिन्न मांगों को लेकर सफाईकर्मियों ने हड़ताल कर दी है। इसका असर शहर की सफाई व्यवस्था पर पड़ा। कई इलाकों में घर-घर से कचरा संग्रहित करने के लिए वाहन नहीं आए और न ही गलियों में सफाई हुई।

अफसरों ने श्रमिक क्षेत्र के कुछ मोहल्लों में डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन करने वाली गाड़ियां चलवाने की कोशिश की, लेकिन हड़ताल कर रहे सफाईकर्मी मौके पर पहुंचे और वाहनों को कचरा लेने के लिए जाने से रोक दिया। शहर में घरों से एक हजार टन से ज्यादा कचरा रोज निकलता है, जिसे 500 से ज्यादा वाहनों के जरिए ट्रेंचिंग ग्राउंड तक पहुंचाया जाता है। लेकिन मंगलवार को न कचरा घरों से बाहर निकला और न वाहन ट्रेंचिंग ग्राउंड तक पहुंचे। घर से निकलने वाला कचरा घरों में ही बदबू मारता रहा। कई लोगों ने कचरा गाड़ियां नहीं आने की शिकायतें नगर निगम कंट्रोल रूम में कॉल कर कीं। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने प्रमुख सड़कों की सफाई तो मशीनों से करा दी, लेकिन गलियों में कचरा पड़ा रहा। इंदौर के नेहरू नगर में तो रहवासियों ने कचरा गाड़ी नहीं आने के कारण सड़क पर ही कचरा फेंक दिया।

सफाईकर्मी बुधवार को भी हड़ताल पर रहेंगे। सफाईकर्मियों का कहना है कि 20 साल से ज्यादा समय होने के बावजूद मस्टर पर ही काम लिया जा रहा है। इसके अलावा कई सुविधाएं भी सफाईकर्मियों को नहीं मिल रही हैं। सोमवार को सफाईकर्मियों ने नगर निगम परिसर में धरना भी दिया था।

न्यूज कालम



बाग पुलिस की कार्रवाई: बुजुर्गों से हथियार दिखाकर लूट करने वाला आरोपी गिरफ्तार

बाग। बाग पुलिस ने दो बुजुर्गों से हथियार के बल पर लूट करने के मामले में फरार चल रहे आरोपी संजय उर्फ संजू (24) को गिरफ्तार किया है। आरोपी से लूटा गया मोबाइल, 8 हजार नकद, वारदात में प्रयुक्त मोटरसाइकिल एवं देशी पिस्तौल सहित करीब 1.13 लाख का मशरूका जब्त किया गया। पुलिस के अनुसार 21 सितंबर को रामा भायल (60) अपने साथी के साथ डेहरी से लौट रहे थे। टेकी रोड स्थित हनुमान मंदिर के सामने तीन बदमाशों ने मोटरसाइकिल रोककर फालिया व देशी कट्टा दिखाते हुए दो मोबाइल और 3 हजार नकद लूट लिए थे। बाद में लूटे गए मोबाइल से यूपीआई के जरिए खाते से 24,630 भी निकाल लिए गए। पुलिस ने अपराध दर्ज कर जांच के बाद 5 अक्टूबर को आरोपी संजय उर्फ संजू को गिरफ्तार किया। मामले में शामिल अन्य फरार आरोपियों की तलाश जारी है। कार्रवाई में थाना प्रभारी हिरुसिंह रावत, चौकी प्रभारी नवलसिंह बघेल, साइबर सेल प्रभारी भूपेन्द्र खरतिया सहित पुलिस टीम का विशेष योगदान रहा।

भगवान की प्रतिकक्षणा लगाने से मिटती है संसार की भव भ्रमणा-डा .अमृत रसा श्री जी

बाग। महिदपुर रोड नगर में चातुर्मास हेतु विराजित परम पूज्य साध्वी डॉ अमृतरसा श्री जी महाराज साहब आदि ठाणा ने मंगलवार धर्म सभा में जिन मंदिर संबंधी जानकारी से उपस्थित समाज जनों को अवगत कराते हुए कहा कि जैन धर्म में हर कार्य को करने के पीछे गढ़ रहस्य एवं ज्ञान छुपा हुआ है। हम परमात्मा के मंदिर में नित्य क्यों जाना चाहिए। प्रतिक्षणा क्यों लगाना चाहिए। मंदिर मे घंटी क्यों बजाना चाहिए, आरती क्यों उतारना चाहिए पूजा क्यों करना चाहिए इन को करने से हमें क्या लाभ प्राप्त होगा। इस प्रकार की अनेक दुर्लभ जानकारियों द्वारा पूज्य साध्वी जी ने उपस्थित समाज जनों को अवगत कराया क्योंकि हम क्रियाएं तो नित्य करते हैं।लेकिन जब तक उन क्रियो का हमें ज्ञान नहीं होगा वह क्रिया निष्फल हो जाएगी उन क्रियो का हमें उतना फल नहीं मिलेगा। गुरुदेवराजेंद्र सुरि जी ने अपनी अष्टप्रकारी पूजा में लिखा है कि ज्ञान बिना सब क्रिया झूठी करें आवश्यक अनुसारी अर्थात हम कितनी भी क्रियाएं करें अगर उसका हमें वास्तविक ज्ञान नहीं है तो हमें परिणाम के अनुरूप फल की प्राप्ति नहीं होती इसलिए क्रियाओ के साथ ज्ञान का होना परम आवश्यक है। जैन समाज मीडिया प्रभारी सचिन भंडारी ने जानकारी देते हुए बताया कि आज की साधार्मिक भक्ति प्रभावना संपूर्ण दिवस का लाभ प्रकाश चंद अरविंद कुमार बरडिया परिवार द्वारा लिया गया मंगलकारी प्रवचन श्रृंखला में सभी समाज जनों ने उपस्थित होकर धर्म लाभ प्राप्त किया।



वृद्धाश्रम पहुंचा लायंस क्लब सनावद स्नेह बुजुर्गों के चेहरों पर लौटी मुस्कान



सनावद। सेवा सप्ताह के पंचम दिवस मंगलवार को लायंस क्लब सनावद स्नेह द्वारा तीर्थनगरी ओंकारेश्वर स्थित वृद्धाश्रम में सेवा गतिविधि आयोजित की गई। क्लब अध्यक्ष ला. भागचंद जैन सहित लायन सदस्यों ने वृद्ध महिलाओं एवं पुरुषों से आत्मीय मुलाकात कर उन्हें वस्त्र, खाद्य सामग्री एवं फल वितरित किए। इस अवसर पर जीएमटी डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर ला. अनिता जैन ने कहा कि वृद्धजनों की सेवा का अवसर मिलना स्वयं में सौभाग्य की बात है। उन्होंने कहा कि बुजुर्गों के प्रति सम्मान और संवेदनशीलता समाज की जिम्मेदारी है। सेवा कार्य से भावुक हुए वृद्धजनों ने क्लब सदस्यों के आत्मीय व्यवहार की सराहना करते हुए उन्हें आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम में ला. विपिन गुप्ता, ला. अनुपमा वर्मा, ला. रजनीश जैन, ला. अनिल अरझरे, ला. विजय राठौर एवं मनीष मुछाला का सहयोग सराहनीय रहा।

सेवा ज्योति यात्रा को लेकर प्रभारी मंत्री ने दिए निर्देश, 7 अक्टूबर को होगी यात्रा



बुरहानपुर। सेवा संकल्प अभियान के तहत 7 अक्टूबर को जिले में आयोजित होने वाली सेवा ज्योति यात्रा- विकसित भारत संकल्प सभा की तैयारियों को लेकर प्रभारी मंत्री तुलसीराम सिलावट ने सोमवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों से चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिए। सिलावट ने कहा कि यात्रा में दोनों विधानसभा क्षेत्रों से अधिक से अधिक नागरिकों की सहभागिता सुनिश्चित की जाए। आयोजन भव्य और सुव्यवस्थित हो, इसके लिए कानून-व्यवस्था, पेयजल, पार्किंग, स्वास्थ्य सुविधा और यातायात प्रबंधन सहित सभी व्यवस्थाएं समय पर पूरी की जाएं, ताकि नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। वीसी के दौरान प्रभारी मंत्री ने सांसद ज्ञानेश्वर पाटील, विधायक अर्चना चिटनिस, विधायक मंजू दादू, महापौर माधुरी पटेल, जिलाध्यक्ष मनोज माने, कलेक्टर हर्ष सिंह और एसपी आशुतोष बागरी से तैयारियों की जानकारी ली। बैठक में जिला पंचायत सीईओ, अपर कलेक्टर सृजन वर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधि और अधिकारी उपस्थित रहे।

गायों के चिकित्सकों व गौ सेवको का किया सम्मान

खण्डवा। लायन्स क्लब खण्डवा एवं लियो क्लब खण्डवा द्वारा 'लायन्स सेवा सप्ताह' (2 अक्टूबर से 8 अक्टूबर) के अंतर्गत श्री श्री गणेश गौशाला में गौ चिकित्सा एवं गौ सेवा के साथ ही गायों के चिकित्सकों व गौ सेवको के सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कलेक्ट्रेट कार्यालय में साप्ताहिक जनसुनवाई का हुआ आयोजन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ आलीराजपुर



प्रति मंगलवार आयोजित होने वाली जनसुनवाई का आयोजन कलेक्ट्रेट के जनसुनवाई कक्ष में मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती संघमित्रा गौतम की अध्यक्षता में किया गया। जनसुनवाई में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए आवेदकों की समस्याएं सुनी गई तथा उनके निराकरण के लिए संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश दिए गए।

इस जनसुनवाई के दौरान श्री शंकर सिंह चौहान पद सेवानिवृत्त सहायक शिक्षक प्राथमिक विद्यालय लागीमवड़ी फलिया, इंदरसिंह की चौकी ने पेंशन नहीं मिलने के संबंध में आवेदन दिया उन्होंने बताया कि वे 31 मार्च 2022 को सेवानिवृत्त हुए थे, लेकिन सेवानिवृत्ति के लंबे समय बाद भी आज दिनांक तक मेरा पेंशन प्रकरण लंबित है साथ ही उपादान (ग्रेच्युटी) एवं अन्य सेवानिवृत्ति लाभों का भुगतान भी नहीं हुआ है। मुझे मेरी पेंशन का भुगतान करवाया जाए।

एक अन्य आवेदक ग्राम काटकुआ, विकासखंड उदयगढ़ निवासी श्री थगड़ा छोटिया ने अपने पौते का आधार कार्ड बनवाने हेतु आवेदन दिया । उन्होंने बताया कि मेरे पुत्र एवं बहू दोनों का निधन हो चुका है। मेरे पौते के आधार कार्ड अब तक नहीं बन पाया हैं। मेरे द्वारा आधार कार्ड बनवाने के लिए वे कई बार संबंधित से संपर्क किया जा चुका है लेकीन आज दिनांक तक समस्या का निराकरण नहीं हो सका। मेरे पोते का आधार कार्ड नहीं बनने से हमे कई प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है मेरे पोते का आधार कार्ड बनवाया जाए ।

उक्त आवेदनों को मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती गौतम ने संबंधित विभागों को जांच कर निराकरण करने के निर्देश दिए।

इस दौरान,अतिक्रमण, सीमांकन करने ,पीएम किसान सम्मान निधि की राशि न मिलने, गिरवी रखी चांदी वापस दिलाने के संबंध में, जमीनी कब्जा ,नामांतरण एवं बटवारे से आदि विभिन्न विषयों से संबंधित कुल 40 आवेदन प्राप्त हुए। सभी आवेदनों को निराकरण हेतु संबंधित विभागों को प्रेषित किया गया तथा समय सीमा में आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। इस दौरान अपर कलेक्टर श्री सोहन कनास सहित विभिन्न विभागो के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

बड़वानी जिले में वेक्टर जनित रोगों से बचाव हेतु जागरूकता अभियान जारी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बड़वानी

बड़वानी जिले में मलेरिया, डेंगू और चिकनगुनिया जैसी वेक्टर जनित बीमारियों की रोकथाम और बचाव के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगातार प्रचार-प्रसार तथा सघन सर्वे अभियान चलाया जा रहा है। आज शहरी क्षेत्र बड़वानी के वार्ड नं. 09 पुरानी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के आस - पास मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जयपालसिंह ठाकुर एवं जिला मलेरिया अधिकारी श्री अब्दुल वसीम शेख के निर्देशन में जिला मलेरिया सलाहकार किरतसिंह कवचे, सुनील मोयदे, सादिक अली, एमपीडब्ल्यू. व राघवेंद्र कौरव, सुशीला पटेल फील्ड वर्कर के द्वारा डेंगू, चिकनगुनिया मलेरिया के प्रति पम्पलेट का वितरण कर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा हैं, जिसके तहत शहरी क्षेत्र बड़वानी के वार्ड में लार्वा सर्वे, लार्वा नस्टिकरण, रेपिड फीवर सर्वे, आदि करवाया जा रहा तथा मच्छरदानी के उपयोग आदि के बारे में विस्तार से लोगों को समझाइश दी जा रही हैं। जनसमुदाय से चर्चा कर बताया कि डेंगू बुखार एडिज मच्छर के काटने से होता हैं ये मच्छर साफ पानी में पनपते हैं तथा ये मच्छर दिन के समय काटता हैं तथा मलेरिया फैलाने वाले मच्छर का नाम मादा एनाफिलीज हैं, ये मच्छर अधिकतर सुबह-शाम के समय काँटते हैं। इसलिए हमें अपने घर एवं घरों के बाहर साफ- सफाई का विशेष ध्यान रखना चाहिए।

खेत में ही प्रसव हुआ अस्पताल पहुंचने से पूर्व ,मां व बेटी दोनो स्वस्थ

दैनिक अवन्तिका ▸▸ जावरा



सोयाबीन काटने मजदूरी करने के लिए खाकरा कुड़ी सैलाना से लाला खेड़ा आई रीना बाई ,शांतिलाल मीणा २४ को डिलेवरी में फूल टाईम के चलते मंगलवार को सुबह टापरी से पैदल निकलते ही प्रसव पीड़ा प्रारंभ हो गई,। असहनीय दर्द के चलते वह खेत में ही बैठ गई।, लालाखेड़ा गांव के कमलेश सेन ने तुरंत सिविल हॉस्पिटल प्रभारी डॉ दीपक पालड़ीया को फोन लगाकर वस्तु स्थिति से अवगत कराया, इस पर डा पालड़ीया ने तुरंत संज्ञान लेते हुए सिविल हॉस्पिटल से एंबुलेंस ड्राइवर शंकर माली के साथ सुशीला शर्मा दाई को किट के साथ तुरंत लाला खेड़ा रवाना किया,। लाला खेड़ा गांव के खेत में ही सुशीला शर्मा ने सफलता पूर्वक रीनाबाई की डिलेवरी करवाई, डिलेवरी के समय रीनाबाई की मम्मी भूरीबाई,दाई विनीता सेन भी मौजूद रही, ।डिलेवरी के तुरंत बाद न्यू मैटरनिटी विंग जावरा में लाकर रीनाबाई को लेबर रूम में ले जाकर डा दीपक पालड़ीया, श्वेता सिंह, शिरोमणि मसीह ने चेकअप कर उपचार प्रारंभ किया,। रीना बाई ओर उसकी लड़की दोनों स्वस्थ है तथा लड़की का वजन तीन किलो दो सो ग्राम है,। रीनाबाई की दूसरी डिलेवरी में जांचे,टीकाकरण, दवाईयां पूर्ण हो चुकी थी।,

आंगन का उत्सव के अंतर्गत आंगनवाडी केन्द्र पर 'मेरी कहानी, मेरी सफलता' कार्यक्रम आयोजित

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बाग



आंगन का उत्सव के अंतर्गत आंगनवाड़ी केंद्र पर मेरी कहानी, मेरी सफलता योजना लाभार्थी संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य शासकीय योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों के वास्तविक अनुभवों को सामने लाना तथा अन्य पात्र परिवारों को योजनाओं की जानकारी देकर उनका लाभ लेने के लिए जागरूक करना रहा।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला महामंत्री महेंद्र सिंह चौहान उपस्थित रहे। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष सुरेश सिसोदिया, सरपंच धर्मेंद्र बामनिया, जिला लाभार्थी प्रभारी प्रकाश शर्मा, मंडल उपाध्यक्ष डॉ. विवेक राठौर, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष ब्रजबाला जाजू, पिछड़ा वर्ग मंडल अध्यक्ष रमेश प्रजापत, वेदांश अगाल, रौनक राठौर, ऋषि राठौर, पत्रकार शहजाद भारती सहित आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाएं उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता वंदना मोराने, अंतिम भावसार, सपना सिसोदिया, लीला गोहिल, प्रभा सेन तथा सहायिका बबीता सोनवणे एवं लक्ष्मी चौहान सहित क्षेत्र की लाभार्थी महिलाएं, गर्भवती एवं धात्री माताएं तथा बच्चों के अभिभावकों ने सहभागिता की।

कार्यक्रम के दौरान हितग्राहियों ने अपनी-अपनी च्मेरी कहानी, मेरी सफलता साझा करते हुए बताया कि उन्हें विभिन्न शासकीय योजनाओं एवं आंगनवाड़ी केंद्र के माध्यम से किस प्रकार सहायता प्राप्त हुई। उन्होंने बताया कि योजनाओं का लाभ मिलने से उनके तथा उनके बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण एवं जीवन स्तर में सकारात्मक बदलाव आया है।

आबकारी विभाग द्वारा अवैध मदिरा पर की कार्यवाही

बड़वानी। जिले में अवैध मदिरा की बिक्री, संग्रहण, चोर्यनयन / निर्माण एवं परिवहन पर रोक लगाने हेतु विशेष अभियान के तहत कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह एवं उपायुक्त आबकारी इंदौर संभाग, इंदौर द्वारा सतत कार्यवाही के निर्देश दिए गए हैं।उक्त निर्देश के पालन में जिला आबकारी अधिकारी अशोक कुमार खत्री के मार्गदर्शन में एवं सहायक जिला आबकारी अधिकारी अभिलाषा वर्मा के नेतृत्व में 5 अक्टूबर को आबकारी के संयुक्त बल द्वारा वृत-राजपुर के ग्राम सिदड़ी में खड़क्या फल्या में खड़ी फसल वाले खेत से कुल 9 पेटी लेमाउण्ट केन बीयर एंव 4 नग लेमाउण्ट केन बीयर, इस प्रकार कुल 220 नग लेमाउण्ट केन बीयर में कुल 110 बल्क लीटर बीयर मदिरा जप्त की।

सीसीआई खरीदी की मांग, किसानों ने मंडी गेट पर जड़ा ताला, तीन घंटे चला प्रदर्शन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ खरगोन



शहर की आनंद नगर कपास मंडी में भारतीय कपास निगम (सीसीआई) द्वारा कपास खरीदी शुरू करने की मांग को लेकर मंगलवार को किसानों ने प्रभावी प्रदर्शन किया। करीब तीन घंटे तक चले प्रदर्शन के बाद आनन-फानन में सीसीआई अधिकारियों सहित मंडी सचिव ने मौके पर पहुंचकर 15 अक्टूबर से खरीदी शुरू करने का आश्वासन दिया, जिसके बाद धरना खत्म हुआ। हालांकि प्रदर्शन के दौरान मंडी में नीलामी प्रक्रिया जारी रही। प्रदर्शन के दौरान एक किसान की घबराहट के बाद मौत का मामला भी सामने आया है।

महासंघ के कैलाश पाटीदार, कमलेश पाटीदार आदि किसानों का कहना था कि सीसीआई द्वारा खरीदी शुरू न होने से उन्हें अपनी कपास उपज को निजी व्यापारियों को कम दामों पर बेचने को विवश होना पड़ रहा है। बाजार में मनमाने दाम लगाए जा रहे हैं, जिससे किसानों को अपनी लागत निकालना भी मुश्किल हो रहा है। किसानों का कहना है कि सीसीआई खरीदी से कुछ हद तक राहत मिलती है। वर्तमान में जहां 6 हजार से 9 हजार के बीच खरीदी हो रही है, वहीं सीसीआई खरीदी होने से 8667 रुपए न्यूनतम दाम मिलने की उम्मीद रहेगी।

मंडी में चल रहे प्रदर्शन के दौरान उपज बेचने आए लेपा निवासी एक किसान की घबराहट होने के बाद मौत का मामला भी सामने आया है। मंडी सचिव ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि धरने के दौरान नीलामी प्रक्रिया जारी थी। किसान महासंघ पदाधिकारियों ने कहा कि प्रदर्शन की सूचना पहले ही दिन थी, मंडी प्रबंधन ने खरीदी बंद रखना था।

सीसीआई खरीदी में देरी पर किसानों का सब्र टूटा

सनावद। कपास की सरकारी खरीदी शुरू होने में हो रही देरी को लेकर मंगलवार को सनावद कृषि उपज मंडी में किसानों का आक्रोश सामने आया। इष्टढ्ढ खरीदी शुरू करने की मांग को लेकर किसानों एवं राष्ट्रीय मजदूर संघ से जुड़े लोगों ने मंडी के मुख्य गेट पर तालाबंदी कर विरोध जताया। प्रदर्शन के दौरान किसानों ने दो टूक कहा कि जब तक सीसीआई की खरीदी शुरू नहीं होती, मंडी का गेट नहीं खोला जाएगा। किसानों का कहना था कि अब कपास की आवक के साथ गुणवत्ता भी बेहतर हो रही है। ऐसे में सरकारी खरीदी शुरू होने से उन्हें उपज का उचित भाव मिलने की उम्मीद है। मंडी में तालाबंदी के बाद प्रशासन और किसानों के बीच चर्चा हुई।

सीएम यूथ कन्क्लेव 2026 के लाइव प्रसारण से जुड़े महाविद्यालय के विद्यार्थी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बड़वानी

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शहीद भीमा नायक शासकीय स्नातकोत्तर महा विद्यालय बड़वानी की राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम का आयोजन कार्यक्रम अधिकारी डॉ रणजीत सिंह मेवाडे ने प्राचार्य डॉ वीणा सत्य के आदेशानुसार 6 अक्टूबर को भोपाल के लाल परेड मैदान में आयोजित सीएम यूथ कन्क्लेव 2026 के लाइव प्रसारण से विद्यार्थियों एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों को जोड़ा।

प्राचार्य डॉ. वीणा सत्य ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विद्यार्थियों को संबोधित किया उन्होंने कहा कि लाइव प्रसारण कार्यक्रम के माध्यम से युवाओं को शिक्षा, कौशल विकास, रोजगार, स्वरोजगार, स्टार्टअप, नवाचार एवं नई तकनीकों के क्षेत्र में उपलब्ध अवसरों की जानकारी प्राप्त हुई।

प्रशासनिक अधिकारी डॉ धीरज कुमार वर्मा ने कहा कि युवा शिक्षा के साथ कौशल एवं तकनीकी ज्ञान प्राप्त कर रोजगार और स्वरोजगार के नए अवसरों की ओर आगे बढ़ें।

इस अवसर पर विद्यार्थियों ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा युवाओं के साथ किए जा रहे संवाद को लाइव प्रसारण के माध्यम से देखा और सुना। मुख्य अतिथि करियर काउंसलर डॉ. मधुसूदन चौबे ने कहा कि युवा देश और प्रदेश की सबसे बड़ी शक्ति हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ कौशल, अनुशासन एवं सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने तथा उपलब्ध अवसरों का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया।



जिला पंचायत सीईओ व अपर कलेक्टर ने सुनीं नागरिकों की समस्याएं

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बड़वानी

शासन के निर्देशानुसार आम नागरिकों को शासकीय सेवाओं का लाभ सहज, सरल एवं समयबद्ध तरीके से उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। बड़वानी जिला कलेक्टर कार्यालय में आयोजित साप्ताहिक जनसुनवाई में जिला पंचायत सीईओ श्री अर्पित गुप्ता एवं अपर कलेक्टर श्रीमती हेमलता सोलंकी ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए आम नागरिकों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने प्रत्येक नागरिक से संवाद कर उनकी समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना एवं संबंधित अधिकारियों को प्रकरणों के त्वरित एवं समयबद्ध निराकरण के निर्देश दिए।जनसुनवाई में अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन प्रकरणों का निराकरण मौके पर संभव नहीं है, उनका प्राथमिकता के आधार पर परीक्षण कर निर्धारित समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित किया जाए।

जनसुनवाई में ग्राम पंचायत पांचपुला दक्षिण के श्री भीमा द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना की चौथी किस्त दिलाए जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया। आवेदक ने बताया कि उन्हें योजना के तहत नियमानुसार 3 किस्तें प्राप्त हो चुकी हैं, जिनके आधार पर उन्होंने अपने मकान का निर्माण कार्य लगभग पूरा करवा लिया है, किंतु अभी तक चौथी किस्त की राशि प्राप्त नहीं हुई है। प्रकरण का संज्ञान लेते हुए जनसुनवाई कर रहे जिला पंचायत सीईओ श्री अर्पित गुप्ता ने मुख्य कार्यकारी अधिकारी बड़वानी को त्वरित रूप से उक्त प्रकरण की जांच कर शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए हैं।



मुख्यमंत्री डा.मोहन यादव से विधायक राजकुमार मेव ने की सौजन्य भेंट

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मंडलेश्वर

सोमवार को भोपाल स्थित मुख्यमंत्री निवास पर महेश्वर विधानसभा क्षेत्र के सनातनी विधायक राजकुमार मेव ने प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से महेश्वर भाजपा मंडल अध्यक्ष विक्रम पटेल एवं प्रतिनिधिमंडल के साथ सौजन्य भेंट की।

इस दौरान महेश्वर विधानसभा क्षेत्र के सर्वांगीण विकास और आमजन से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों को लेकर मुख्यमंत्री के साथ विस्तार से चर्चा की गई। विधायक राजकुमार मेव ने विधानसभा क्षेत्र में आवश्यक विकास कार्यों, अधोसंरचना के विस्तार तथा ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं को मजबूत करने से जुड़े विभिन्न विषय मुख्यमंत्री के समक्ष रखे। उन्होंने क्षेत्र की आवश्यकता और जनहित को देखते हुए विभिन्न विभागों से संबंधित कार्यों की स्वीकृति एवं आवश्यक सहयोग की मांग रखी।भेंट के दौरान फोर लेन सड़क, अहिल्या लोक, लोक निर्माण विभाग से संबंधित विभिन्न मार्गों की स्वीकृति, जनजातीय कार्य विभाग के अंतर्गत स्कूलों से जुड़े कार्य, महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत आंगनवाड़ी भवनों के निर्माण, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अंतर्गत नवीन पंचायत भवनों की स्वीकृति सहित अन्य विकास कार्यों पर चर्चा हुई।इसी के साथ क्षेत्र में विद्युत व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए ऊर्जा विभाग के अंतर्गत नए ट्रांसफार्मर लगाने, विद्युत लाइन के विस्तार एवं विद्युतीकरण से जुड़े कार्यों को लेकर भी मुख्यमंत्री के समक्ष विषय रखा गया।



अंतरराष्ट्रीय कराते चैंपियनशिप में खंडवा के खिलाड़ियों का दमदार प्रदर्शन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ खंडवा

हर विधाओं में हमारे जिले में प्रतिभाओं की कमी नहीं है ये प्रतिभाएं अपने हुनर और कला के माध्यम से खंडवा जिले का नाम देश-विदेश में रोशन कर रही हैं। कुश्ती खेल के साथ ही अब कराते प्रतियोगिता में भी हमारे जिले के खिलाड़ी अंतर राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में पदक प्राप्त कर खंडवा का नाम रोशन कर रहे हैं, समाजसेवी व प्रवक्ता सुनील जैन ने सभी खिलाड़ियों को बधाई शुभकामना देते हुए बताया कि मुंबई के मीरा रोड स्थित मिहिर सेन स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में 4 और 5 अक्टूबर को हुई अंतरराष्ट्रीय कराते चैंपियनशिप में खंडवा कराते अकादमी के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। भारत सहित नेपाल, भूटान, मलेशिया, श्रीलंका और थाईलैंड के खिलाड़ियों के बीच हुए मुकाबलों में खंडवा के खिलाड़ियों ने 3 स्वर्ण, 1 रजत और 2 कांस्य सहित कुल 6 पदक जीते। कुमिते स्पर्धा में हर्ष मालवीय ने 42 किग्रा, नेवेद्धया पाल ने 39 किग्रा और तुषार पटेल ने 52 किग्रा वजन वर्ग में अपने-अपने मुकाबले जीतकर स्वर्ण पदक हासिल किया। समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि काता स्पर्धा में हर्ष मालवीय ने रजत पदक जीता। वहीं नेवेद्धया पाल और तुषार पटेल ने कांस्य पदक अपने नाम किए। तीनों खिलाड़ियों ने प्रति योगिता में दो-दो पदक जीतकर अकादमी का प्रदर्शन मजबूत किया। प्रतियोगिता में खिलाड़ियों के मार्गदर्शन के साथ निर्णायक की भूमिका निभाने वाले कोच शिहान मनीष भैसारे, को उत्कृष्ट निर्णायक प्रदर्शन के लिए बेस्ट रेफरी अवॉर्ड से सम्मानित किया।

न्यूज -कॉलम

सड़क दुर्घटनाओं में घायलों को उपचार देने का प्रशिक्षण



उज्जैन। सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के साथ सड़क दुर्घटना में घायलों को समय पर आवश्यक उपचार, सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पुलिस द्वारा एक महत्वपूर्ण प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। एसपी प्रदीप शर्मा की मौजूदगी में एएसपी ट्राफिक मनोज खत्री द्वारा जिले के विभिन्न थानों से चयनित सीसीटीएनएस पर कार्य करने वाले पुलिसकर्मियों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। पुलिसकर्मियों को सड़क दुर्घटनाओं से संबंधित जानकारी को व्यवस्थित रूप से दर्ज करने, दुर्घटना के कारणों और परिस्थितियों का विश्लेषण करने के साथ दुर्घटना के बाद आवश्यक कार्रवाई को अधिक प्रभावी बनाने के लिये प्रशिक्षित किया गया। इस दौरान पुलिसकर्तियों को समझाया गया कि दुर्घटना होने की स्थिति में पुलिस घायल व्यक्तियों को समय पर चिकित्सा सहायता, उपचार एवं आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने में सहायक हो सकती है। दुर्घटना के बाद शुरूआती समय में की गई प्रभावी कार्रवाई घायल व्यक्ति के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होती है, इसलिए पुलिसकर्मियों को इस संबंध में आवश्यक प्रक्रियाओं एवं समन्वय के बारे में भी प्रशिक्षित किया गया। एसपी शर्मा ने कहा कि पुलिस का उद्देश्य केवल सड़क दुर्घटना के बाद कार्रवाई करना ही नहीं, बल्कि दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए उपलब्ध आंकड़ों और तकनीक का प्रभावी उपयोग करते हुए दुर्घटना संभावित क्षेत्रों की पहचान करना और आवश्यक सुधारात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करना भी है।

जहरीला पदार्थ खाने वाले 2 युवकों की मौत

उज्जैन। जहरीला पदार्थ खाने से बिगड़ी 2 युवकों को परिवार उपचार के लिये उज्जैन लेकर आया था। दोनों युवकों की निजी अस्पताल में मंगलवार दोपहर मौत हो गई। माधवनगर थाना पुलिस ने बताया कि मृतकों में एक कमल पिता कैलाशचंद्र पाटीदार 40 साल निवासी रूंजी नाका देपालपुर गौतमपुरा इंदौर का था। वहीं दूसरा निजाम पिता हातम मंसूरी 22 साल झोंकर मक्सी का रहने वाला था। दोनों मामलों मे मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपे गये है। मामले की जांच संबंधित थाना पुलिस को भेजी जायेगी।

चार दिनों से घर नहीं लौटा 78 साल का बुजुर्ग

उज्जैन। इंगोरिया के ग्राम नरसिंगा में रहने वाला 78 वर्षीय बुजुर्ग अमर पिता गुलाबसिंह सिसौदिया 2 अक्टूबर से घर नहीं लौटा है। परिजनों ने सभी जगह तलाश करने के बाद 5 अक्टूबर की शाम पुलिस को मामले की शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज कर जांच में लिया है। नीलगंगा थाना पुलिस ने लोटी तिराहा से 3 अक्टूबर को लापता हुये महेश पिता पूरालाल आंजना 41 साल निवासी डोरीखेड़ा भैरवगढ़ के वापस नहीं लौटने पर पुत्र शिवम की शिकायत पर अपहरण का प्रकरण दर्ज किया है। नानाखेड़ा थाना पुलिस को भी काला पत्थर क्षेत्र में रहने वाली सुशीला डांगरे ने 4 अक्टूबर से लापता अपने पुत्र निशांत पिता विजय डांगरे 26 साल के मामले में शिकायत दर्ज कराई है। तीनों मामलों में पुलिस लापता लोगों की तलाश में लगी है। मंगलवार शाम तक तीनों का कुछ पता नहीं चल पाया था।

शिवपुरी के युवक की करंट लगने से हुई मौत

उज्जैन। शिवपुरी के ग्राम भटनावर पोहरी का रहने वाला मोनू पिता नंदकिशोर बैरागी बिजली विभाग में आउटसोर्स कर्मचारी था। दशहरा मैदान में बिजली के पोल पर काम करते समय करंट लगने से जमीन पर आ गिरा था। उसे चरक अस्पताल लाया गया था। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। माधवनगर थाना पुलिस ने बताया कि घटनाक्रम सोमवार शाम का था। मामले में मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया गया। परिजन शव शिवपुरी लेकर गये है। उनके लौटने पर बयान दर्ज कर मामले की जांच शुरू की जायेगी।

2 कारों को मारी टक्कर

उज्जैन। उन्हेल थाना क्षेत्र के जावरा-उज्जैन स्टेट हाइवे पर मंगलवार को तेजगति से दौड़ती एम्बुलेंस ने 2 कारों को टक्कर मार दी। घटनाक्रम के बाद एम्बुलेंस का नियंत्रण बिगड़ गया और वह सड़क से नीचे उतरकर खंती में जा फंसी। एक कार दीपक चौहान निवासी दयानंद कालोनी नागदा की थी, जो ज्यादा क्षतिग्रस्त हुई है। उन्हेल पुलिस के अनुसार एम्बुलेंस में कोई मरीज नहीं था। दुर्घटना के बाद चालक एम्बुलेंस छोड़कर भाग निकला था। मामले में दीपक चौहान की शिकायत पर मामला जांच में लिया गया है।

दिन	167-4	115-7
मेन बाजार	770-4	490-3
कल्याण नाइट	137-1	128-1
मिलन डे	468-8	180-9
मिलन नाइट	129-2	230-5
मधुर डे	690-5	578-0
मधुर नाइट	135-9	159-5
शुभांक	6 8	9

डेढ़ लाख के आभूषण बरामद, साथी की तलाश जारी...

146 दिन बाद गिरफ्त में आया चोरी का आरोपी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

शादी में गये परिवार के मकान का ताला तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम देने वाला एक आरोपी 146 दिन बाद पुलिस की गिरफ्त में आ गया। दूसरा फरार है। गिरफ्तार आरोपी से डेढ़ लाख लगभग के आभूषण बरामद किये गये है। उसे मंगलवार को न्यायालय में पेश कर एक दिन की रिमांड पर लिया गया है।

खाचारौद की इंद्रप्रस्थ कालोनी में रहने वाले रईस खान परिवार के साथ 10 मई को शादी में शामिल होने के लिये ताल गया था। 2 दिन बाद 12 मई को लौटने पर मकान में चोरी का पता चला था। पुलिस ने मामले में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की थी। 146 दिन बाद पुलिस ने अर्जुन पिता विक्रम चन्द्रवंशी 22 वर्ष निवासी जुना शहर खाचरौद को गिरफ्तार किया। पूछताछ में उसने अपने



साथी मोहसिन पिता युसुफ खान निवासी सातसवार मोहल्ला के साथ चोरी करना बताया। उसने चोरी के बाद आभूषण और नगदी आपस में बांटना बताई। पुलिस ने बरामदगी के प्रयास किये तो उसने आभूषण अपने घर में छुपाकर रखना बताया। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर लगभग डेढ़ लाख कीमत के आभूषण बरामद कर लिये। उसके साथी की तलाश के लिये आरोपी को न्यायालय में पेश कर एक दिन की रिमांड पर लिया गया है।

कैमरों की मदद से मिला था सुराग- खाचरौद टीआई धनसिंह नलवाया ने बताया कि चोरी के बाद क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखे गये थे। जिसमें 2 संदिग्ध दिखाई दिये थे। जिनकी पहचान उनकी चलने की स्टाईल से की गई, लेकिन दोनों फरार चल रहे थे। लम्बी तलाश के बाद मुखबीर से सूचना मिलने पर अर्जुन को हिरासत में लिया गया।

उसका साथी मोहसीन कुछ साल पहले खाचरौद से उदयपुर रहने चला गया था। उसकी गिरफ्तारी के लिये टीम रवाना की गई है। अर्जुन का अपराधिक रिकार्ड नहीं है उसके साथी का पूर्व में चोरी का रिकार्ड सामने आया है।

इधर दूर के रिश्तेदार ने चुराई थी ट्राली

खाचरौद टीआई ने बताया कि चोरी का एक मामला ओर ट्रेस किया गया है। 3 अक्टूबर को ग्राम बटलावदी में रहने वाले राजेश पाटीदार ने शिकायत दर्ज कराई थी कि रात में उसने अपनी ट्रेक्टर ट्राली खेत पर खड़ी की थी जिसे अज्ञात बदमाश चुराकर ले गये है। मामले में जांच शुरू की गई और कैमरों के फुटेज देखे गये। जिसके आधार पर शरद पिता रामेश्वर निवासी बटलावदी को गिरफ्तार किया गया। जो शिकायतकर्ता का दूर का रिश्तेदार है। पुराने विवाद में उसने चोरी को अंजाम दिया था। घटनावाली रात वह अपना ट्रेक्टर लेकर आया था और ट्राली चुराकर ले गया था। उससे चुराई ट्राली और ट्रेक्टर जप्त किया गया है।

कांग्रेस नेत्री और पार्षद माया त्रिवेदी का निधन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

वार्ड क्रमांक 21 पार्षद और कांग्रेस नेत्री माया राजेश त्रिवेदी का रात 11:30 बजे के लगभग आकस्मिक निधन हो गया। बताया जा रहा है कि उन्हें हार्ट अटैक हुआ था।

कांग्रेस में रहकर लंबे समय से राजनीति करने वाली माया राजेश त्रिवेदी वर्तमान में कांग्रेस पार्टी की ओर से वार्ड क्रमांक 21 की पार्षद थी। रात 11:30 बजे अचानक उनकी तबीयत खराब होने पर परिवार नानाखेड़ा स्थित अवंती अस्पताल



लेकर पहुंचा था जहां डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया। बताया गया कि उन्हें हार्ट अटैक हुआ था। निधन की खबर मिलते ही त्रिवेदी परिवार से जुड़े सदस्य और क्षेत्रवासियों के साथ कांग्रेस नेता अस्पताल के साथ उनके निवास स्थान पहुंच गए थे। कांग्रेस में लंबे समय से राजनीति कर नगर निगम पार्षद के साथ माया राजेश त्रिवेदी को उत्तर विधानसभा सीट से प्रत्याशी भी बनाया गया था। ब्राह्मण समाज में उन्हें काफी सम्मान प्राप्त था। उनके पति राजेश त्रिवेदी पंडित है और सिद्धवट मंदिर पर देशभर से आने वाले श्रद्धालुओं का पूजन अर्चन करते हैं।

मुरलीपुरा में खड़ी 3 कारों के फोड़े कांच

उज्जैन। बड़नगर मार्ग मुरलीपुरा में सोमवार-मंगलवार रात अज्ञात शरारती युवकों द्वारा वहां खड़ी 3 कारों के कांच फोड़ दिये। सुबह कारों मालिकों का पता चला तो मामले की शिकायत महाकाल थाना पुलिस को दर्ज कराई गई।

बताया जा रहा है कि रात में राजेश प्रजापत, दीपेश माली और एक अन्य ने अपनी कार मुरलीपुरा क्षेत्र में खड़ी की थी, सुबह तीनों कारों के कांच फूटे होने की जानकारी सामने आई तो क्षेत्रवासी एकत्रित हो गये। उन्होने बताया कि रात में असामाजिक तत्वों घूमते रहे है। पूर्व में भी वाहनों के कांच फोड़ने की घटना सामने आ चुकी है। पुलिस की रात्रि में गश्त नहीं होती है, जिसके चलते असामाजिक तत्वों में भय नहीं है। महाकाल थाना पुलिस के अनुसार मामले में जांच शुरू की गई है। कैमरों के फुटेज देख कांच फोड़ने वालों की जानकारी जुटाई जा रही है। कार मालिकों के अनुसार उन्हे हजारों का नुकसान हुआ है।

क्षिप्रा नदी में नहाने उतारा युवक डूबा

उज्जैन। क्षिप्रा नदी में नहाने उतारा युवक डूब गया, मां क्षिप्रा तैराक दल के सदस्यों का युवक के संबंध में जानकारी मिली तो होमगार्ड जवानों के साथ उसकी तलाश शुरू की गई। कुछ देर बाद युवक का शव बाहर निकाला गया।

मां क्षिप्रा तैराक दल सचिव संतोष सोलंकी ने बताया कि एक युवक के क्षिप्रा नदी स्थित रामघाट पर डूबने की सूचना मिलने पर वह टीम के साथ पहुंचे थे। होमगार्ड जवानों के साथ युवक की तलाश शुरू की गई। कुछ देर बाद युवक को बाहर निकाल लिया, उसकी मौत हो चुकी थी। मामले की सूचना महाकाल थाना पुलिस को दी गई और शव सुपुर्द किया गया। जिसे पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिये अस्पताल पहुंचाया है। बताया जा रहा है कि डूबे युवक के कपड़े घाट पर मिले है, लेकिन उसकी पहचान का कोई दस्तावेज नहीं मिला है। पुलिस के अनुसार मृतक के परिजनो का पता लगाया जा रहा है। मृतक की फोटो आसपास की थाना पुलिस को भेजी गई है। वहीं सोशल मीडिया के माध्यम से भी पता लगाया जा रहा है। मृतक की पहचान होने पर पोस्टमार्टम कराया जायेगा।

घायल की मौत, हत्या में बदलेगा मामला

उज्जैन। हीरामिल की चाल में 4 दिन पहले हुये विवाद में घायल की उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने मारपीट का मामला दर्ज किया था, जो हत्या में बदला जायेगा। देवासगेट थाना पुलिस ने बताया कि हीरामिल की चाल में रहने वाले शाहरूख पिता शाकीर खान और विजय पिता महाराज वर्मा के बीच 2 अक्टूबर की रात विवाद हो गया था। दोनों ने एक दूसरे से मारपीट की थी। दोनों को घायल हालत में दोस्तों ने अस्पताल में भर्ती कराया था। शाहरूख को सिर में गंभीर चोंट लगी थी, जिसके चलते उसे अमलतास अस्पताल में भर्ती किया गया था। जहां सोमवार रात उसकी मौत हो गई। देवास पुलिस द्वारा पोस्टमार्टम कराया गया है। देवासगेट थाना पुलिस ने बताया कि विवाद के बाद दोनों ओर से क्रास प्रकरण दर्ज किया गया था। शाहरूख की मौत होने पर विजय को हिरासत में लिया गया है।

दुकाने एवं रुम किराये से देने हेतु

सर्व साधारण को का सुचित किया जाता है क्षत्रिय मराठा समाज 24 महाकाल घाटि मल्हार मार्तण्ड मन्दिर का जीरणोंद्वारा किया जा रहा है विकास कार्य को देखते हुए उक्त स्थान पर पूर्व की दुकान की जगह नव निर्मित दुकान एवं रूम का निर्माण किया जा है इच्छुक व्यक्ती सम्पर्क करे-
क्षत्रिय मराठा समाज कार्यालय उज्जैन
समय 2 से 4 तक अनिल धर्मे
मोन.9302462526 अनिल गावडे 9302220224

in The Court Of V Civil Judge Class-II, District Cour Ujjain

PresidingOfficer: **श्री पंकज गोंडू भालेराव**
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु EX B /0000042/2025)
किलोस्कर कारखाना कामगार साख सहकारी संस्था मर्यादित देवास..... वादी
विरूद्ध
बाबूलाल रावल.....प्रतिवादी
Process Id-/2026
पेशी दिनांक 27/11/2026

प्रेषिती- (1) बाबूलाल रावल पिता हरिशंकर रावल पत्ता- 74 मनी विहार कालोनी चिन्तामण गणेश रोड उजैन मप्र यह कि प्रार्थी किर्लोस्कर कारखाना कामगार साख सहकारी संस्था मर्यादित देवास द्वारा एक बजावरी अंतर्गत आदेश 21 नियम 11 सीपीसी का न्यायालय द्वारा प्रकरण क्रमांक 58-बी-06-/2011-12 दिनांक 15/02/2022 के अनुसार आपके विरूद्ध प्रवर्तन संस्थित किया है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते हैं, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हों और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो बाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। तारीख 28 सितंबर 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है। कृपया ध्यान दें- यदि किसी कारणवश्यक तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्य दिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जाएगा

न्यायालय के मुद्रा **न्यायाधीश**
पंकज गोंडू भालेराव
पंचम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खंड जिला उज्जैन मप्र

in The Court Of V Civil Judge Class-II, District Cour Ujjain

PresidingOfficer: **श्री पंकज गोंडू भालेराव**
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु EX B/0000041/2025
किर्लोस्कर कारखाना कामगार साख सहकारी संस्था मर्यादित देवास..... वादी
विरूद्ध
बाबूलाल रावल..... प्रतिवादी
Process Id-/2026
पेशी दिनांक 27/11/2026

प्रेषिती- (1) बाबूलाल रावल पिता हरिशंकर रावल पता- 74 मनी विहार कालोनी चिन्तामण गणेश रोड उजैन मप्र

यह कि प्रार्थी किर्लोस्कर कारखाना कामगार साख सहकारी संस्था मर्यादित देवास द्वारा एक बजावरी अंतर्गत आदेश 21 नियम 11 सीपीसी का न्यायालय द्वारा प्रकरण क्रमांक 58-बी-02/2011-12 आदेश दिनांक 07/09/2021 के अनुसार आपके विरूद्ध प्रवर्तन संस्थित किया है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हैं तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। तारीख 28 सितम्बर 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है। कृपया ध्यान दें- यदि किसी कारणवश्यक तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्य दिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जाएगा

न्यायालय के मुद्रा **न्यायाधीश**
पंकज गोंडू भालेराव
पंचम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खंड जिला उज्जैन मप्र

in The Court Of V Civil Judge Class-II, District Cour Ujjain

Presiding Officer: **श्री पंकज गोंडू भालेराव**
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु) (EX B/0000038/2025)
किललोंस्कर कारखाना कामगार साख सहकारी संस्था मर्यादित देवास..... वादी
विरूद्ध
बाबूलाल रावल, प्रतिवादी

Process Id-/2026
पेशी दिनांक-27/11/2026

प्रेषिती- (1) बाबूलाल रावल पिता हरिशंकर रावल पता- 74 मनी विहार कालोनी चिन्तामण गणेश रोड उज्जैन मप्र यह कि प्रार्थी किर्लोस्कर कारखाना कामगार साख सहकारी संस्था मर्यादित देवास द्वारा एक बजावरी अंतर्गत आदेश 21 नियम 11 सीपीसी का न्यायालय द्वारा प्रकरण क्रमांक 58-बी-05/2011-12 दिनांक 15/02/2022 के अनुसार आपके विरूद्ध प्रवर्तन संस्थित किया है,, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात/हाजिर होने के लये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लोडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजाल हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। यह आज तारीख 28सितम्बर 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है। कृपया ध्यान दें यदि किसी कारणवश्यक तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्य दिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जाएगा।

न्यायालय की मुद्रा **न्यायाधीश**
पंकज गोंड भालेराव
पंचम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड जिला उज्जैन मप्र

in The Court Of V Civil Judge Class-II, District Cour Ujjain

PresidingOfficer: **श्री पंकज गोंडू भालेराव**
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु EX B/0000060/2025)
किर्लोस्कर कारखाना कामगार साख सहकारी संस्था मर्यादित द्वारा मानसिंह ..... वादी
विरूद्ध
बाबूलाल रावल..... प्रतिवादी
Process Id-/2026
पेशी दिनांक 27/11/2026

प्रेषिती (1) बाबूलाल रावल पिता हरिशंकर रावल पता-पता 74 मनी विहार कालोनी चिन्तामण गणेश रोड उज्जैन मप्र यह कि प्रार्थी किर्लोस्कर कारखाना कामगार साख सहकारी संस्था मर्यादित देवास द्वारा एक बजावरी अंतर्गत आदेश 21 नियम 11 सीपीसी का न्यायालय द्वारा प्रकरण क्रमांक 58-बी-04-/2011-12 दिनांक 19/08/2021 के अनुसार आपके विरूद्ध प्रवर्तन संस्थित किया है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो. और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है। है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें यह आज तारीख 28 सितम्बर 2026 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है। कृपया ध्यान दें यदि किसी कारणवश्यक तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्य दिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जाएगा।

न्यायालय की मुद्रा **न्यायाधीश**
पंकज गोडू भालेराव
पंचम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्क खंड उज्जैन मप्र

in The Court Of V Civil Judge Class-II, District Cour Ujjain

PresidingOfficer: **श्री पंकज गोंडू भालेराव**
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1008 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु EX B/0000040/2025)
किर्लोस्कर कारखाना कामगार साख सहकारी संस्था मर्यादित देवा..... वादी
विरूद्ध
बाबूलाल रावल .....प्रतिवादी
Process Id-/2026
पेशी दिनांक 27/11/2026

प्रेषिती (1) बाबूलाल रावल पित्ता हरिशंकर रावल पता- 74 मनी विहार कालोनी चिन्तामण गणेश रोड उजैन मप्र यह कि प्राथर्थी किर्लोस्कर कारखाना कामगार साख सहकारी संस्था मर्यादित देवास द्वारा एक बजावरी अंतर्गत आदेश 21 नियम 11 सीपीसी का न्यायालय द्वारा प्रकरण क्रमांक 58-बी-01-/2011-12 दिनांक 21/02/2022 के अनुसार आपके विरूद्ध प्रवर्तन संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात / हाजिर होने के लये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी साखान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो बाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक है तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें।

यह आज तारीख 28 सितम्बर 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

कृपया ध्यान दें-यदि किसी कारणवश्यक तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्य दिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जाएगा

न्यायालय के मुद्रा **न्यायाधीश**
पंकज गोंडू भालेराव
पंचम व्यवहारन्यायाधीश कनिष्ठ खंड जिला उज्जैन मप्र

in The Court Of V Civil Judge Class-II, District Cour Ujjain

PresidingOfficer: **श्री पंकज गोंडू भालेराव**
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु EX B /0000059/2025)
किललोंस्कर कारखाना कामगार साख सहकारी संस्था द्वारा मानसिंह..... वादी
विरूद्ध
बाबूलाल रावल..... प्रतिवादी
Process Id-/2026
पेशी दिनांक 27/11/2026

प्रेषिती- (1) बाबूलाल रावल पिता हरि शंकर रावल पता-74 मनी विहार कालोनी चिन्तामण गणेश रोड उजैन मप्र यह कि प्रार्थी किर्लोस्कर कारखाना कामगार साख सहकारी संस्था मर्यादित देवास द्वारा एक बजावरी अंतर्गत आदेश 21 नियम 11 सीपीसी का न्यायालय द्वारा प्रकरण क्रमांक 58-बी-03-/2011-12 दिनांक 13/09/2021 के अनुसार आपके विरूद्ध प्रवर्तन संस्थित किया है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति ने किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावों। यह आज तारीख 28 सितम्बर 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

कृपया ध्यान दें यदि किसी कारणवश्यक तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्य दिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जाएगा

न्यायालय की मुद्रा **न्यायाधीश**
पंकज गोंडू भालेराव
पंचम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्क खंड जिला उज्जैन मप्र

सर्जनशील बनना सीखें



समाज के पतन के कारणों के बारे में हमें सचेत होना पड़ेगा और एक ऐसी नवीन संरचना करनी होगी, जो केवल अनुकरण पर नहीं, बल्कि हमारे सर्जनशील बोध पर आधारित हो। विखंडित हो रही चीज को समझने के लिए हमें उसका परीक्षण, अन्वेषण, निषेधात्मक रूप में शुरू करना होगा, किसी विधिपरक विचार-प्रणाली, सूत्र या निष्कर्ष को मानकर नहीं। समाज निरंतर जीर्ण-शीर्ण हो रहा है, टूट रहा है। ऐसा क्यों हो रहा है? इसके मूलभूल कारणों में से एक कारण यह है कि व्यक्ति की, हमारी-आपकी सर्जनशीलता कुंठित हो चुकी है। मैं अपना आशय थोड़ा स्पष्ट कर दूं। दरअसल, आप और मैं, यानी हम केवल अनुकरण करने वाले बनकर रह गए हैं। बाहर से और भीतर से हम बस नकल ही कर रहे हैं। बाहर से जब हम कोई तकनीक सीखते हैं; जब शाब्दिक स्तर पर हम एक-दूसरे से कहते-सुनते हैं, तो स्वभावतः वहां कुछ अनुकरण होता है, नकल होती है। मैं शब्दों को दोहराता हूं। इंजीनियर बनने के लिए मुझे पहले तकनीक सीखनी पड़ती है और तब मैं उस तकनीक का पुलों, इमारतों के निर्माण में प्रयोग करता हूं। बाह्य तकनीक में किसी सीमा तक अनुकरण या दोहराव जरूरी हो जाता है, पर जब आंतरिक अनुकरण होता है, तब निस्संदेह हम सर्जनशील नहीं रहते।

आज हमारी शिक्षा, हमारी सामाजिक संरचना, हमारा तथाकथित धार्मिक जीवन, सभी अनुकरण पर आधारित हैं; इसका अर्थ यह हुआ कि हमें किसी विशेष सामाजिक या धार्मिक फामूर्ले के अनुकूल बनना होता है। वास्तव में, मेरा व्यक्तिगत अस्तित्व समाप्त हो जाता है, मनोवैज्ञानिक दृष्टि से मैं कुछ संस्कारबद्ध अनुक्रियाओं वाला, पुनरावृत्ति करने वाला यंत्र भर बन जाता हूं, चाहे वे अनुक्रियाएं हिंदू की हों या ईसाई की अथवा बौद्ध की हों। हमारे प्रत्युत्तर समाज के ढांचे के अनुसार संस्कारित होते हैं, चाहे वह प्रारूप पश्चिमी हो या प्राच्य, भौतिकवादी हो या धार्मिक। इसलिए अनुकरण समाज के विघटन के मूलभूत कारणों में से एक है और इस विघटन को क्रियान्वित करने वाले अनेक कारकों में से एक कारक है नेता, जिसका आधार ही अनुकरण है।

विघटित होते समाज के स्वरूप को समझने के लिए क्या इसका अन्वेषण आवश्यक नहीं है कि आप और मैं, यानी व्यक्ति सर्जनशील हो सकते हैं या नहीं? हम देख सकते हैं कि जहां कहीं भी अनुकरण है, विघटन होता ही है। चूंकि हमारी समस्त मानसिक, मनोवैज्ञानिक संरचना सत्ता-प्रामाण्य पर आधारित है, अतः हमें सर्जनशील होने के लिए इनसे मुक्त होना होगा। क्या आपने ध्यान दिया कि सृजन के क्षणों में, जीवंत रुचि के सुखद पलों में पुनरावृत्ति, अनुकरण का कोई भाव नहीं होता? ऐसे क्षण सदा नए, सर्जनशील और सुखद होते हैं।

सम्पादकीय

मस्तिष्क और नोबेल

स्मृतियों, भावनाओं और व्यवहारों का निर्माण मस्तिष्क में किस तरह होता है, इसे पूरी तरह समझना इंसानों का पुराना सपना है। इस सपने को साकार करने की ओर कदम बढ़ाते तीन वैज्ञानिकों – कार्ल डीसेरोथ, पीटर हेगेमैन और जॉर्ज नागल को चिकित्सा क्षेत्र में योगदान के लिए नोबेल सम्मान देने की घोषणा हुई है। इस विशिष्ट विज्ञान को ऑप्टोजेनेटिक्स कहा जाता है और इससे जुड़े अध्ययन में अनेक वैज्ञानिक लगे हुए हैं, लेकिन इन तीन वैज्ञानिकों की सफलता को स्वाभाविक ही रेखांकित करना जरूरी था। साल 2026 के लिए शरीर क्रिया विज्ञान या चिकित्सा का यह नोबेल वास्तव में तंत्रिका विज्ञान और इंसानी दिमाग को समझने की दिशा में बहुत अहम कदम है। संक्षेप में समझें, तो तीन वैज्ञानिकों ने मिलकर प्रकाश के उपयोग से विशिष्ट कोशिकाओं की गतिविधियों को नियंत्रित करने की क्षमता विकसित की है। ऑप्टोजेनेटिक्स जीवित मस्तिष्क में व्यक्तिगत तंत्रिका कोशिकाओं की गतिविधि को चालू या बंद करने को संभव बनाता है। इस विधि का उपयोग अब दुनिया भर की प्रयोगशालाओं में मस्तिष्क के अब तक अबुझ रहस्यों को उजागर करने के लिए किया जा रहा है।

इस नोबेल से मानव मस्तिष्क को लेकर चल रहे आवश्यक शोध–अध्ययन को बहुत बल मिलेगा। यह समझने की बात है कि शरीर के बाकी अंगों पर चिकित्सा विज्ञान का लगभग नियंत्रण हो चुका है, किंतु दिमाग को समझना अभी भी मुश्किल है। यही कारण है, दिमाग से जुड़ी बीमारियों का इलाज आसान नहीं है। किसी तरह की लत, अंधता, अवसाद, स्मृति संबंधी विकारों को दूर करना दिनों–दिन जरूरी होता जा रहा है। दुनिया में डिमेंशिया की अगर बात करें, तो करीब 5.5 करोड़ दर्ज रोगी हैं। प्रति तीन सेकंड एक डिमेंशिया रोगी सामने आ रहा है। यह तो दिमाग संबंधी केवल एक रोग के आंकड़े हैं। समग्रता में देखें, तो यह एहसास आसानी से हो जाता है कि दिमाग को पूरी तरह से समझना कितना जरूरी है। स्वीडन के कैरोलिंस्का इंस्टीट्यूट मेडिकल यूनिवर्सिटी की नोबेल सभा द्वारा 54 वर्षीय अमेरिकी डीसेरोथ, 71 वर्षीय जर्मन हेगेमैन और 73 वर्षीय जर्मन नागल का चयन किया गया है।

चुनावों तक सीमित नहीं लोकतंत्र की वास्तविक शक्ति

सत्याग्रह से बिखरी आवाजों को एक सूत्र में पिरोने की कोशिश

लोकतंत्र केवल चुनाव, संसद और सरकारों तक सीमित नहीं है। लोकतंत्र की वास्तविक शक्ति उस आवाज में भी निहित होती है, जो अपने अधिकार, न्याय और सम्मान के लिए व्यवस्था के सामने सवाल खड़ा करती है। भारत के लोकतांत्रिक इतिहास में महात्मा गांधी का सत्याग्रह इसी सवाल को अहिंसक संघर्ष और नैतिक आग्रह की शक्ति में बदलने का एक महत्वपूर्ण उदाहरण रहा है। ऐसे समय में जब देश के अलग-अलग हिस्सों में विभिन्न मुद्दों को लेकर आंदोलन और विरोध सामने आते रहते हैं, कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा 'सत्याग्रहइ नामक डिजिटल मंच की शुरूआत को इसी संदर्भ में देखा जा सकता है। यह मंच ऐसे समय में आया है जब सत्ता पक्ष के खिलाफ धीरे-धीरे विपक्ष एकजुट हो रहा है। हालांकि अभी समाजवादी पार्टी, आम आदमी पार्टी खुलकर राहुल के साथ नहीं दिखाई दे रहे हैं क्योंकि यूपी -पंजाब में आने वाले समय में चुनाव है।



सौरभ वार्ष्णेया
(दैनिक अवन्तिका)

जन मानस के विरोध को भांपते हुए राहुल गांधी ने तीन अक्टूबर को इस डिजिटल मंच की शुरूआत की। इसके माध्यम से देश के अलग-अलग हिस्सों में चल रहे मुद्दा आधारित आंदोलनों और संघर्षों को एक साझा डिजिटल मंच पर लाने की कोशिश की गई है। मंच पर लोग अपने आंदोलन और मुद्दे की जानकारी साझा कर सकते हैं तथा इंटरैक्टिव मैप के माध्यम से देश के दूसरे हिस्सों में समान प्रकृति के संघर्षों की जानकारी भी प्राप्त कर सकते हैं।

राहुल गांधी ने अपने संदेश में कहा कि देशभर में लोग अपने अधिकारों के लिए संघर्ष कर रहे हैं और कई बार उनकी आवाज अकेली रह जाती है। उन्होंने युवाओं, छात्रों, किसानों, आदिवासियों, दलितों और महिलाओं सहित विभिन्न समूहों के संघर्षों का उल्लेख करते हुए लोगों से अपनी समस्याओं और आंदोलनों को इस मंच पर साझा करने का आह्वान किया। उनका कहना है कि जब अलग-अलग संघर्षों की जानकारी एक जगह उपलब्ध होगी, तो एक मुद्दे से जुड़े लोग दूसरे स्थानों पर चल रहे समान संघर्षों से जुड़ सकेंगे। यहां सबसे महत्वपूर्ण प्रश्न यह है कि क्या डिजिटल मंच वास्तव में बिखरी हुई आवाजों को प्रभावी सामाजिक शक्ति में बदल सकता है? इसका उत्तर केवल राजनीतिक अपील में नहीं, बल्कि इस बात में छिपा होगा कि मंच कितनी व्यापकता से लोगों तक पहुंचता है और वहां आने वाली शिकायतों एवं आंदोलनों को किस प्रकार व्यवस्थित किया जाता है।

भारत जैसे विशाल और विविध देश में जमीन, वनाधिकार, शिक्षा, परीक्षाओं, रोजगार, महिलाओं के अधिकार, सामाजिक न्याय, दलित एवं ओबीसी अधिकार जैसे अनेक विषयों पर अलग-अलग स्तर पर आंदोलन होते रहे हैं। कई बार स्थानीय स्तर का कोई संघर्ष राष्ट्रीय विमर्श तक नहीं पहुंच पाता। मीडिया की सीमित पहुंच, संसाधनों की कमी और आंदोलनकारी समूहों के बीच समन्वय का अभाव इसके कारण हो सकते हैं। 'सत्याग्रहइ मंच की घोषित भूमिका ऐसे संघर्षों को दृश्यता और आपसी संपर्क उपलब्ध कराने की है।

लेकिन किसी भी डिजिटल मंच की सफलता केवल उसके नाम या उद्देश्य से तय नहीं होती। उसकी विश्वसनीयता इस बात से निर्धारित होगी कि उस पर आने वाली सूचनाओं की पुष्टि कैसे होती है, विभिन्न पक्षों को अपना दृष्टिकोण रखने का अवसर कितना मिलता है और शिकायतों को राजनीतिक प्रचार से अलग रखते हुए किस प्रकार प्रस्तुत किया जाता है। यदि किसी आंदोलन की जानकारी को बिना पर्याप्त सत्यापन के व्यापक रूप से प्रसारित किया जाता है, तो इससे तथ्य और दावे के बीच अंतर धुंधला होने का खतरा भी रहेगा। इसलिए पारदर्शिता और तथ्य-जांच इस पहल की महत्वपूर्ण कसौटियां होंगी।

राहुल गांधी ने नेता प्रतिपक्ष के रूप में संसद के साथ-साथ सड़क और अन्य माध्यमों से लोगों की आवाज उठाने की बात कही है। यह स्वाभाविक रूप से राजनीतिक भूमिका का हिस्सा भी है। विपक्ष का दायित्व सरकार से सवाल पूछना और जनता से जुड़े मुद्दों को संसद में उठाना है। दूसरी ओर, आंदोलनों के साथ जुड?ा विपक्षी राजनीति का एक महत्वपूर्ण तरीका हो सकता है। लेकिन यहां भी यह अंतर बनाए रखना जरूरी होगा कि कौन-सा मुद्दा वास्तविक जनशिकायत है, कौन सा राजनीतिक मतभेद है और कौन सा आरोप अभी प्रमाणित नहीं हुआ है।

'सत्याग्रहइ नाम अपने आप में महात्मा गांधी की विरासत से जुड़ा हुआ है। गांधी के लिए सत्याग्रह केवल विरोध का माध्यम नहीं था, बल्कि सत्य, अहिंसा, आत्मअनुशासन और नैतिक आग्रह से जुड़ी संघर्ष पद्धति थी। आज के डिजिटल दौर में किसी आंदोलन को सोशल मीडिया और ऑनलाइन मंच के माध्यम से व्यापक बनाना आसान है, लेकिन गांधी के सत्याग्रह की मूल भावना को बनाए रखना कहीं अधिक कठिन है। डिजिटल आक्रोश और सत्याग्रह के बीच यही सबसे महत्वपूर्ण अंतर है।

आज राजनीति में संवाद की जगह टकराव बढ? की शिकायतें अक्सर सामने आती हैं। सत्ता और विपक्ष के बीच तीखी राजनीतिक भाषा, सोशल मीडिया पर ध्रुवीकरण और किसी भी मुद्दे को तत्काल राजनीतिक चश्मे से देखने की प्रवृत्ति लोकतांत्रिक संवाद के लिए चुनौती है। ऐसे वातावरण में यदि कोई मंच लोगों की शिकायतों को सामने लाने का माध्यम बनता है, तो उसके साथ जिम्मेदारी भी उतनी ही बड़ी होगी।

इस पहल को केवल कांग्रेस या राहुल गांधी का राजनीतिक डिजिटल अभियान मानकर खारिज कर देना भी पर्याप्त नहीं होगा और इसे देश के सभी संघर्षों का स्वत प्रतिनिधि मान लेना भी उचित नहीं होगा। इसका वास्तविक मूल्यांकन समय के साथ होगा। कितने वास्तविक आंदोलन इससे जुड़ते हैं, कितने स्थानीय मुद्दे राष्ट्रीय विमर्श तक पहुंचते हैं, कितनी शिकायतों पर संस्थागत कार्रवाई होती है और मंच की सूचनाओं की विश्वसनीयता कितनी बनी रहती है। इन प्रश्नों के उत्तर ही इसकी उपयोगिता निर्धारित करेंगे।

लोकतंत्र में असहमति कोई कमजोरी नहीं है। असहमति को सुनना, उसके कारणों को समझना और शांतिपूर्ण ढंग से उसका समाधान तलाशना लोकतांत्रिक व्यवस्था की मजबूती का संकेत है। यदि 'सत्याग्रहइ मंच वास्तव में उन आवाजों को सामने लाने में सफल होता है जिन्हें सामान्य परिस्थितियों में पर्याप्त स्थान नहीं मिलता, तो यह नागरिक भागीदारी के लिए एक नया डिजिटल माध्यम बन सकता है। लेकिन इसके लिए राजनीतिक प्रतिबद्धता के साथ तथ्यात्मक निष्पक्षता, पारदर्शिता और संवाद की संस्कृति भी आवश्यक होगी।

आसमान में संकट जब

आसमान में उड़ता विमान आमतौर पर यात्रियों के लिए विश्वास का प्रतीक होता है। सैकड़ों लोग अपनी सुरक्षा का भरोसा दो पायलटों और विमान दल के हाथों सौंपकर यात्रा करते हैं। लेकिन 30 सितंबर 2026 को दुबई से तेल अवीव जा रही फ्लाईदुबई की उड़ान में कुछ ऐसा हुआ, जिसने विमान सुरक्षा, पायलटों की जांच और मानवीय जिम्मेदारी पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए।

उड़ान में 174 लोग सवार थे। यात्रा के दौरान सह-पायलट ने कप्तान पर चाकू से हमला किया। विमान अचानक तेजी से नीचे आया और स्थिति बेहद गंभीर हो गई। घायल भारतीय कप्तान स्मित मच्छर ने कॉकपिट का दरवाजा खोलकर मदद का संकेत दिया। यात्रियों और चालक दल के सदस्यों ने हस्तक्षेप कर सह-पायलट को काबू किया। बाद में विमान को सऊदी अरब के ताबुक हवाई अड्डे पर सुरक्षित उतारा गया।

इस पूरे घटनाक्रम में सबसे उल्लेखनीय बात यह रही कि संकट की घड़ी में कुछ यात्रियों ने अपनी जान की परवाह किए बिना कॉकपिट में पहुंचकर हमलावर को रोकने में मदद की। घायल कप्तान द्वारा दरवाजा खोलकर सहायता का अवसर उपलब्ध कराना भी निर्णायक साबित हुआ। उपलब्ध रिपोर्टों के अनुसार विमान में मौजूद अन्य प्रशिक्षित पायलटों और चालक दल के सदस्यों ने भी विमान को संभालने में भूमिका निभाई।

लेकिन घटना के बाद भावनाओं के साथ कई दावे भी तेजी से फैलने लगे। सह-पायलट की राष्ट्रीयता ओमान की बताई गई है और कुछ इजरायली नेताओं ने इसे संभावित आतंकी हमला तथा कट्टरपंथी विचारधारा से जोड़ने की बात कही है। दूसरी ओर जांच एजेंसियां अभी उसकी वास्तविक मंशा और घटना की पूरी पृष्ठभूमि पता कर रही हैं। ईरान से उसके कथित संबंध का कोई पुष्ट प्रमाण फिलहाल सामने नहीं आया है। यहीं पत्रकारिता और सामाजिक जिम्मेदारी की असली परीक्षा शुरू होती है।

किसी व्यक्ति के अपराध को उसके धर्म, राष्ट्रीयता या समुदाय से जोड़ देना आसान है। लेकिन अपराध की जिम्मेदारी अपराध करने वाले व्यक्ति की होती है। यदि जांच में आतंकवादी मंशा सिद्ध होती है तो उसके अनुसार कठोर कार्रवाई होनी चाहिए;

पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 07 अक्टूबर 2026 बुधवार
सूर्योदय - 06:23सूर्यास्त 18:09
आश्विन मास कृष्ण पक्ष
राहुकाल -12:00 से 13:30 तक
तिथि- द्वादशी23:00
नक्षत्र- मघा22:30
योग- साध्य 07:00 उपरांत शुभ 04:35 उपरांत शुक्ल
करण - कौलव
चन्द्रमा - सिंह मे
मुस्लिम मास - रवि उस्सानी मास 24तारिख

मेष- कार्यस्थल पर काम का दबाव हो सकता है, योजनाबद्ध रहें। व्यापार में लेनदेन को लेकर सजग रहने की जरूरत है।

वृषभ- पारिवारिक विवादों को बातचीत से हल करें। धन के व्यय पर नियंत्रण रखें।

मिथुन- कार्यक्षेत्र में आपकी प्रतिभा खुलकर सामने आएगी। व्यापार में शत्रुओं पर आपकी विजय होगी।

कर्क- परिवार का सहयोग आपकी हिम्मत बढ़ाएगा। रुका हुआ धन प्राप्त होने के योग हैं।

सिंह- कार्यस्थल पर संयम बनाए रखें, गुस्सा न करें। व्यापारिक निर्णय सोच-समझकर ही लें।

कन्या- घरेलू सुख-सुविधाओं पर खर्च हो सकता है। मांसपेशियों में खिंचाव या दर्द हो सकता है।

तुला- कार्यक्षेत्र में आपके विचार सराहे जाएंगे। व्यापार में धन लाभ होगा, नए अवसर मिलेंगे।

वृश्चिक- परिवार में सुख-शांति का माहौल रहेगा। बचत बढ़ाने के प्रयास सफल होंगे। वाणी की मधुरता बनी रहेगी।

धनु- कार्यक्षेत्र में लापरवाही से बचें, कागजात जांचें। व्यापार में सोच-समझकर ही निवेश करें।

मकर- पारिवारिक खर्च बढ़ सकते हैं, बजट बनाएं। अनावश्यक धन हानि से बचें। मानसिक शांति के लिए ध्यान लगाएं।

कुंभ- भाग्य का सहयोग मिलेगा, काम आसानी से पूरे होंगे। व्यापार की योजना सफल होगी।

मीन- धार्मिक या आध्यात्मिक झुकाव बढ़ेगा। धन की स्थिति बहुत अच्छी रहेगी। मानसिक रूप से तनावमुक्त रहेंगे।

संजा पर्व बारहवां दिन

आज बनेगी ग्यारस की केल

संजा पर्व के बारहवे दिन ग्यारस की केल बनाई जाएगी। केल का पूजन शिव-पार्वती को प्रसन्न करने के लिए किया जाता है। यह मान्यता है कि केल का पूजन यदि कुंवारी कन्या करती है तो उसे अपनी पसंद का वर मिलता है। वहीं यह मान्यता भी है कि यदि केल के दूध का सेवन लगातार मनुष्य को करवाया जाए तो उसकी प्रजनन क्षमता समाप्त हो जाती है। बुजूर्गो के अनुसार ब्रम्हचर्य के दौरान अपना कौमार्य सुरक्षित रखने के लिए खास करके लड़कियों को केल की पूजा की प्रेरणा महिलाएं दिया करती थी। संजा के माण्डने जहां बहुत कुछ बताते, सिखाते हैं वहीं ये माण्डने लोक मान्यताओं का वर्णन भी करते है, जो तात्कालिक समय हुआ करती थी। संजा पर्व के माध्यम से कुंवारी लड़कियों को बताया जाता है कि सद्मार्ग पर चलने के लिए धर्म के प्रति झुकाव, ईश्वर के प्रति आस्था होना चाहिए। यह मिलती है नियमित दिनचर्या के साथ-साथ पूजा पाठ करने से। लड़कियों को बचपन से ही पूजा करना, दीपक लगाना, सांध्य आरती करना सिखाया जाता था। पर्व, त्यौहार पर धार्मिक रस्म किस प्रकार निभाई जाती है, यह बताया जाता था। साथ ही पूर्णिमा, चतुर्थी पर व्रत रखना, एकासना और उपवास रखना, एकादशी पर व्रत रखना और इनके पिछे के कारणों को बताया जाता था। लड़कियां व्रत रखने के चलते जहां भोग विलास से मुक्त रहती थी वहीं मौका आने पर किसी संकट की स्थिति में भूखा रहकर भी संतुलित और संयमित रहा जा सकता है, सीखती थी। यदि प्राचीन काल में ससुराल शब्द को लेकर व्याख्या करें तो पुरानी पीढ़ी महिलाएं बताती है कि ससुराल के मायने होते थे कोई कैद हो गई हो? उस समय लड़की ससुराल के नाम से कांपती थी। पति के घर जाना तो पसंद रहता था लेकिन सास-ससुर का व्यवहार, ननद, जेठ-जेठानी का व्यवहार कैसा होगा, यही सोचकर लड़कियां भय खाती थी। ऐसे में संजा के माण्डने उसे लोकाचार खीखाते थे। यही लोकाचार उसे ससुराल में हिम्मत देते थे। यही लोकाचार उसे ससुराल में धीर-गंभीर बनना सिखाते थे। और एक दिन बहू घर में सभी की प्रिय हो जाती थी। समय निकलता जाता था और बहू की पदवी सासु मां बनने तक पहुंच जाती थी। जीवन चक्र इसीप्रकार चलता रहता था। आज भी चल रहा है लेकिन भौतिकवाद को ओढ़कर, जिसमें न तो संवेदना है, न ही भावनाएं। केवल और केवल दिखावा ....?

आज का गीत

गाड़ी नीचे जीरो बोयो, सात सहेलियां जी
गाड़ी रड़की, कोंपल फूटी, सात सहेलियां जी
कोपल की म्हने सब्जी रांदी, सात सहेलियां जी
वा सब्जी म्हने बीराजी के मेली,सात सहेलियां जी
बीराजी बोलिया अच्छी लागी,सात सहेलियां जी
बीराजी ने म्हने भैंस मेली,सात सहेलियां जी
भैंस ने म्हने दूध दियो,सात सहेलियां जी
दूध की म्हने खीर बनई,सात सहेलियां जी
खीर म्हने बीराजी के मेली,सात सहेलियां जी
बीराजी ने म्हने चुनड़ी उड़ई,सात सहेलियां जी
चूनड़ी ओढ़ी पाणी चाल्या,सात सहेलियां जी
पाणी चाल्या कांटा लग्या,सात सहेलियां जी
कांटा लग्या चुनड़ी फाटी,सात सहेलियां जी
वा चूनरी म्हने दर्जी के दईदी,सात सहेलियां जी
दर्जी ने उकी खोल सी दी,सात सहेलियां जी
वा खोल में म्हने सिक्का भरिया,सात सहेलियां जी
सिक्का लईने हाट चाली,सात सहेलियां जी
हाट में म्हने चूढ़ो पेरियो,सात सहेलियां जी
चूढ़ो पेरियो-बिछिया पेनी,सात सहेलियां जी
चूड़ो चमके, बिछिया झमके,सात सहेलियां जी
बिछिया बाजे, सासू गाजे,सात सहेलियां जी ....

■ श्रीमती स्वाति अंकित जैन

नशे में उड़ता पंजाबः बद अच्छा बदनाम बुरा

पंजाब राज्य का भारतीय कृषि उत्पादन और देश की खाद्य सुरक्षा में सबसे अहम योगदान है। भारत के कुल भौगोलिक क्षेत्र का मात्र 1.5% हिस्सा होने के बावजूद, पंजाब को 'भारत का अन्न भंडार' और 'भारत की खाद्य टोकरी' कहा जाता है। भारत सरकार द्वारा खरीदे जाने वाले कुल गेहूं का लगभग 46% हिस्सा अकेले पंजाब से आता है। केंद्रीय पूल में जमा होने वाले कुल चावल के सरकारी उपार्जन में भी पंजाब का लगभग 31% योगदान है। देश के कुल खाद्यान्न उत्पादन में पंजाब 13 से 14 प्रतिशत का योगदान देता है। गेहूं उत्पादन का लगभग 14% से 22% हिस्सा पंजाब में उगता है, जो इसे देश के शीर्ष उत्पादकों में बनाए रखता है। इसी तरह पंजाब देश के चावल उत्पादन का लगभग 10% से 11% हिस्सा पैदा करता है। भारत के कुल दूध उत्पादन में भी पंजाब लगभग 6.2% से 10% का योगदान देता है। इसी तरह देश के शहद उत्पादन में भी पंजाब का योगदान करीब 20% और मशरूम उत्पादन में रिकॉर्ड 48% है। पंजाब की यह सफलता उसकी फसल सघनता के कारण है, जो 186% से भी अधिक है। राज्य का लगभग 82% से 87% भूभाग खेती के अंतर्गत आता है, जबकि राष्ट्रीय औसत केवल 40% है। यही कारण है कि प्रति हेक्टेयर उत्पादन के मामले में पंजाब के किसान देश में अग्रणी बने हुए हैं और देश की भुखमरी मिटाने में सबसे आगे खड़े हैं।



तनवीर जाफरी
(दैनिक अवन्तिका)

परन्तु दुर्भाग्यवश कृषि उत्पादन से लेकर लंगर चलाने व जरूरतमंदों की मदद के लिये अग्रणी रहने वाले इस राज्य को विगत कुछ वर्षों से मात्र 'नशे ' को लेकर बदनाम करने की बड़ी साजिश रची जा रही है। चूँकि पंजाब की 17 वीं विधानसभा चुनाव फरवरी 2027 में कराए जाने की पूरी संभावना इसीलिये चुनाव पूर्व विभिन्न राजनैतिक दल पंजाब में कथित तौर पर व्याप्त नशे की समस्या को एक प्रमुख राजनैतिक मुद्दा बना रहे हैं। मिसाल के तौर पर भारतीय जनता पार्टी ने हाल ही में राज्य की सभी 117 विधानसभा सीटों पर 13 दिवसीय 'नशा मुक्त पंजाब यात्रा' निकाली और नशे को ही राज्य का अपना मुख्य चुनावी एजेंडा घोषित किया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पिछले दिनों जालंधर में यह घोषणा की, कि यदि पंजाब में भाजपा की सरकार बनती है, तो 31 दिसंबर 2029 तक पंजाब को पूरी तरह से नशे के कारोबार से मुक्त कर दिया जाएगा। उन्होंने राज्य की भगवंत मान सरकार को 'आपदा' सरकार करार देते हुये यह आरोप लगाया कि आम आदमी पार्टी ने राज्य में सिंथेटिक ड्रग्स के अवैध कारोबार को खुलेआम फलने-फूलने दिया है। जबकि 'आप' नेताओं का कहना है कि केंद्र सरकार पंजाब को बदनाम कर रही है। 'आप' नेताओं ने गुजरात जैसे राज्यों के बंदरगाहों पर पकड़े जाने वाले भारी मात्रा में नशीले पदार्थों का हवाला देते हुए केंद्र की सीमा सुरक्षा की विफलता पर सवाल उठाए हैं। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने वादा किया है कि सत्ता में आने के 6 महीने के भीतर पंजाब के पूरे ड्रग नेटवर्क को ध्वस्त कर दिया जाएगा और नशे के व्यापारियों को जेल भेजा जाएगा। पंजाब में कथित तौर पर फैले नशा नेटवर्क को लेकर बनाई गई फिल्म 'उड़ता पंजाब' ने और भी इस विषय को प्रमुखता से कुछ इसतरह प्रचारित कर दिया गोया देश का कृषि प्रमुख व भारतीय अर्थव्यवस्था में कृषि के माध्यम से अपना अतुलनीय योगदान देने वाला देश का यही इकलौता राज्य है जो नशे में डूबा हुआ है।राजनीतिक दल भी एक-दूसरे को घेरने के लिए इस मुद्दे को कुछ इस तरह उछाल रहे हैं मानो पंजाब का हर दूसरा नागरिक नशेड़ी हो। जो कि तथ्यात्मक रूप से पूरी तरह गलत व निराधार है।

धर्म-आस्था

क्या मृत्यु के बाद आत्मा इसी अदृश्य दुनिया में जाती है?

मृत्यु के बाद क्या होता है, इससे जुड़े कई सवाल लोगों के मन में आते हैं। जैसे कि, क्या शरीर की मृत्यु के साथ सब कुछ समाप्त हो जाता है या फिर क्या कोई ऐसा अदृश्य संसार है, जहां भौतिक शरीर के बिना भी अस्तित्व बना रहता है। इन सवालों का जवाब ढूंढते वक्त अध्यात्म में कई अवधारणाएं मिलती हैं। इनमें से स्थूल शरीर, सूक्ष्म शरीर, आत्मा, कर्म और विभिन्न लोकों की चर्चा विशेष रूप से महत्वपूर्ण है। इसी संदर्भ में 'सूक्ष्म जगत' की धारणा को समझा जाता है।



सूक्ष्म जगत क्या होता है?

भारतीय दर्शन में मनुष्य के अस्तित्व को केवल दिखाई देने वाले शरीर तक सीमित नहीं माना गया। स्थूल शरीर वह है जिसे हम देख और स्पर्श कर सकते हैं, जबकि सूक्ष्म स्तर में मन, बुद्धि, अहंकार और प्राण जैसी अवधारणाओं का वर्णन मिलता है। साधारण भाषा में सूक्ष्म जगत को ऐसे अस्तित्व या स्तर के रूप में समझा जा सकता है, जिसे हमारी सामान्य इंद्रियां सीधे अनुभव नहीं कर पातीं। सूक्ष्म जगत, जिसे सूक्ष्म लोक या सूक्ष्म आयाम भी कहा जा सकता है, वह क्षेत्र है जिसे हम अपनी भौतिक आँखों से नहीं देख सकते, परंतु जो ऊर्जा, कंपन, प्राण, विचार, आत्मा और चेतना के स्तर पर मौजूद है। हिन्दू दर्शन में तीन लोकों का उल्लेख मिलता है। पहला, स्थूल जगत, जो हमारा भौतिक संसार है। दूसरा, सूक्ष्म जगत, जो ऊर्जा, प्राण और चेतना का संसार है और तीसरा, कारण जगत, जो मूल कारणों, कर्मों और संकल्पों का संसार है।

सूक्ष्म जगत में जीवन भौतिक शरीर जैसा नहीं, बल्कि ऊर्जा और चेतना आधारित होता है। इसलिए, कुछ आध्यात्मिक परंपराओं में माना जाता है कि स्थूल शरीर छोड़ने के बाद जीव की यात्रा एक सूक्ष्म अवस्था से गुजर सकती है। कर्म और संस्कारों के आधार पर आत्मा को आगे की गति मिलती है। लेकिन उससे पहले सूक्ष्म शरीर के रूप में आत्मा का पड़ाव सूक्ष्म जगत होता है। सूक्ष्म शरीर भोजन, हवा या नींद पर निर्भर नहीं होता। यह प्राण और कंपन पर चलता है। अध्यात्म मानता है कि मृत्यु के बाद शरीर नष्ट हो जाता है, लेकिन प्राण सूक्ष्म जगत में सक्रिय रहता है। मनुष्य जो सोचता है, कल्पनाएँ करता है, वे सूक्ष्म तरंगें बनकर सूक्ष्म दुनिया में फैलती हैं। हर व्यक्ति के कर्म सूक्ष्म ऊर्जा रूप में संग्रहीत होते हैं, जिनसे भविष्य की घटनाएँ बनती हैं।

मूल रूप से अध्यात्म में सूक्ष्म जगत वह अदृश्य संसार है जहाँ आत्मा स्थूल शरीर से मुक्त होकर रहती है। वहाँ जीवन विचारों, भावनाओं और प्राण ऊर्जा पर आधारित होता है। यहाँ विचार, भावनाएँ और प्राणशक्ति ही वास्तविकता हैं। स्थूल जगत अस्थायी है, पर सूक्ष्म जगत आत्मा की यात्रा का अगला पड़ाव है। आत्मा सूक्ष्म जगत में अपने कर्मों के अनुसार सुख-दुःख का अनुभव करती है। यह जगत हमें यह एहसास दिलाता है कि हमारे कर्म और विचार ही हमारी अगली यात्रा का मार्ग तय करते हैं। यहाँ साधना और भक्ति से आत्मा सूक्ष्म जगत से भी परे जाकर परमात्मा में लीन हो सकती है।

इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 7000 से क्वालिटी 2750 से 2800 लोकवन 7050 विशाल 6950 से 6950 3100 से 3150 पूर्णा 2950 से डंकी चना 6200 से 6500 मसूर 3000 मालवराज 2850 से 2900 6000 महाराष्ट्र सफेद 8700 मक्का 2500 से 2525 चना से 8900 महाराष्ट्र लाल १००० दाल 8500 से 8600 मीडियम से 9200 कर्नाटक 9100 से 8800 से 8900 बेस्ट 9400 9300 निमाड़ी तुअर 7000 से से 9600 तुअर दाल 8700 से '8200 मूंग बेस्ट गर्मी 7900 से 8800 मीडियम 9700 से 9800 8000 मूंग बेस्ट बोल्ड 8100 से बेस्ट 11100 से 11400 एक्स्ट्रा 8200 मोगर 5500 से 7200 बेस्ट 12200 से 12400 ब्रांडेड उड़द बोल्ड 9400 से 9700 उड़द 13800 मूंग दाल 9500 से 9600 गर्मी 9000 से 9400 ग्रेविटी क्लीन बेस्ट 9700 से 9800 मूंग मोगर 9500 से 10000 हल्का उड़द 11500 से 11600 बेस्ट 11700 4000 से 6000 काबुली डॉलर से 11800 उड़द दाल 11200 से 8300 से 10000 काबुली रशियन 11300 बेस्ट 11400 से 11500- 6800 से 7100 बिटकी 6500 से उड़द मोगर 12200 से 12400 6700 सरसों निमाड़ी 8300 रायडा बेस्ट 12600 से 12900 मसूर 7100 से 7300 सोयाबीन 5600 दाल 7650 से 7750 बेस्ट 7850 टोली 5700 से 5900 गेहूं मिल से 76,50 रुपए प्रति क्विंटल।

आलू, प्याज, लहसून भाव

ज्योति नया 700 से 800 ज्योति राशन आलू 500 से 600 गुल्ला 300 से 400 रुपए प्रति क्विंटल बिका। प्याज नया 1200 से 1300 पुराना 800 से 1000 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 300 से 400 प्रति क्विंटल रहे। लहसुन एक्स्ट्रा सुपर 15000 से 18000 देशी 13000 से 14000 एवरेज 12000 से 15000 बारीक 9000 से 10000 रुपए क्विंटल।

उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 2071-3150, चना देशी-5901 काबली- 3350-7951, बटला-3201, रायड़ा- 6850, मूंग- 7600, सोयाबीन- 2700-6085, मैथीदाना- 5240, सरसो- 7050-7601, तुवर- 4300, तिल्ली-10491-11001, मावा- 300 प्रतिकिलो। मावा- 300 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना-स्टेण्ड- 1,50,200 रवा- 1,50,000 चांदी-टंच- 2,26,500 पाट- 2,26,600।

उज्जैन किराना

अशोक कुमार भगवानदास

152 फवारा चौक उज्जैन

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती 75 से 200, तिबार 68 से 130, पोनिया 55 से 85, टुकडी 32 से 65, शेला 36 से 38, परमल 35 से 44, तुवर दाल निमाडी 135 महाराष्ट्र 105 से 120, तुवर दाल 80 से 120, मूंगदाल 85 से 110, मोगर 95 से 120, उड़द मोगर 110 से 120, उडद दाल 95 से 100, मसूरदाल 75 से 78, चना दाल 72 से 80 ।

आमंत्रण

आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।

editor.awantika@gmail.com



नुक्कड़ नाटक से दिया नशामुक्ति और सांझी रसोई का संदेश

शुजालपुर। सेवा संकल्प अभियान 2026 के तहत सोमवार को जवाहरलाल नेहरू स्मृति शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस स्वयंसेवकों ने जनजागरूकता गतिविधियां आयोजित कीं। शहर के मध्य विद्यार्थियों ने नशामुक्त भारत और सांझी रसोई विषय पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर सामाजिक जिम्मेदारी और सेवा का संदेश दिया। इसके बाद महाविद्यालय से सीएम राइज स्कूल तक जागरूकता रैली निकाली गई। विद्यार्थियों ने नशामुक्ति, पॉलीथीन रोकथाम, स्वच्छता, सेवा सहयोग और सामाजिक जागरूकता से जुड़े संदेश दिए। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को सामाजिक सरोकारों से जोड़कर सकारात्मक बदलाव के लिए प्रेरित करना रहा। कार्यक्रम प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार शर्मा के मार्गदर्शन और एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी सहायक प्राध्यापक गजेन्द्र कुमार पाटीदार के निर्देशन में हुआ। ज्योति भैरव, अंशिता पुष्पद, कविता अहिरवार, कोमल गोस्वामी, पायल वर्मा, तंजिला, प्रियांशी राठौर, कल्पना सोलंकी और रानी अहिरवार ने रैली में विशेष योगदान दिया।

विद्यार्थियों, स्टाफ और आमजन ने लिया योगासन-प्राणायाम का प्रशिक्षण

शुजालपुर। जवाहरलाल नेहरू स्मृति शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय शुजालपुर के क्रीड़ा विभाग की ओर से सोमवार से पांच दिवसीय निःशुल्क योग शिविर शुरू हुआ। महाविद्यालय के वराहमिहिर भवन स्थित डोम में आयोजित शिविर में विद्यार्थियों, स्टाफ सदस्यों और आमजन ने उत्साह से सहभागिता की। शिविर प्रतिदिन सुबह 6 बजे आयोजित किया जा रहा है। क्रीड़ा अधिकारी एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला संगठक देवेंद्र कुम्भकार ने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नियमित योग से शारीरिक स्वास्थ्य के साथ मानसिक शांति, एकाग्रता और सकारात्मक ऊर्जा बढ़ती है। इससे तनाव कम होने के साथ कार्यक्षमता में भी सुधार होता है। योग प्रशिक्षक रिया दुबे ने प्रतिभागियों को विभिन्न योगासन और प्राणायाम करवाए तथा उनके सही तरीके और लाभ बताए। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. बीके त्यागी ने शिविर की सराहना करते हुए विद्यार्थियों, स्टाफ और आमजन से नियमित योग को जीवनशैली का हिस्सा बनाने का आह्वान किया।

अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से सनसनी

शाजापुर। हाईवे किनारे अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। जानकारी के अनुसार लालघाटी थाना क्षेत्र में एमपीईबी कार्यालय के पास हाईवे किनारे सोमवार को अज्ञात व्यक्ति का शव पड़ा मिला। सूचना मिलते ही लालघाटी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का जायजा लिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जिला अस्पताल शाजापुर पहुंचाया। समाचार लिखे जाने तक मृतक की शिनाख्त नही हो सकी थी। लालघाटी थाना प्रभारी अर्जुनसिंह मुजाल्दे ने बताया कि मामले में शिनाख्ती के प्रयास किए जा रहे हैं।

आपत्तिजनक टिप्पणी के विरोध में कुशवाह समाज ने सौंपा ज्ञापन



शाजापुर। फेसबुक पर कुशवाह समाज के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने के मामले में समाजजनों ने ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की है। सोमवार को कुशवाह समाज ने थाना कोतवाली शाजापुर पहुंचकर थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपा। सौंपे गए ज्ञापन में बताया कि फेसबुक पर उज्जैन निवासी अमित रैकवार द्वारा लगातार आपत्तिजनक पोस्ट की जा रही है जिससे समाज की भावनाएं आहत हो रही हैं। ज्ञापन में आरोपी के विरूद्ध कार्रवाई किए जाने की मांग की।

पुलिस जांच में मारपीट, मुंह दबाना सामने आया, रसोई में मिला था महिला का शव

नवविवाहिता की संदिग्ध मौत के मामले में पति, सास-ससुर पर हत्या का केस दर्ज

दैनिक अवन्तिका ▸▸ देवास



देवास जिले के मल्हार टोडी क्षेत्र में 32 वर्षीय नवविवाहिता प्रीति चौहान की संदिग्ध मौत के मामले में पुलिस ने हत्या का केस दर्ज कर लिया है।

मामले में पति गोविंद चौहान के साथ-साथ उसके माता-पिता (सास-ससुर) को भी आरोपी बनाया है। सास-ससुर को गिरफ्तार कर लिया गया है। जबकि आरोपी पति फरार है।

दरअसल, 4 अक्तूबर को 32 वर्षीय नवविवाहिता प्रीति चौहान की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। वह घर की रसोई में फर्श पर बेसुध मिली थी। शरीर पर चोट के निशान भी मिले थे।

पुलिस ने बताया कि जांच में प्रीति के साथ मारपीट, मुंह दबाने की घटना सामने आई है। पुलिस आरोपी पति की तलाश कर रही है। प्रीति चौहान की संदिग्ध मौत के मामले में पुलिस ने हत्या का केस दर्ज किया।

मायके पक्ष के आरोपों के बाद हत्या का केस

मायके पक्ष ने अस्पताल में ही हंगामा करते हुए पति समेत ससुराल वालों पर प्रताड़ना और हत्या के गंभीर आरोप लगाए थे। अब पुलिस ने मामले में हत्या का प्रकरण दर्ज कर लिया है।

सीएसपी बोले- फरार पति की बाइक ट्रेस कर रहे

सीएसपी सुमीत अग्रवाल ने बताया कि हत्या का प्रकरण दर्ज कर प्रीति के सास-ससुर को भी आरोपी बनाया गया है। उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है। फरार पति की बाइक को ट्रेस कर लिया गया है। उसके संभावित ठिकानों पर तलाश की जा रही है। प्रीति की मौत की असली वजह पोस्टमार्टम और मेडिकल रिपोर्ट आने के बाद ही साफ हो सकेगी।

डेढ़ साल पहले हुई थी शादी

प्रीति की डेढ़ साल पहले गोविंद चौहान से शादी हुई थी। शुरूआत में दोनों सास-ससुर के साथ रहते थे। बाद में अलग रहने लगे थे। वहीं, प्रीति के अंकल ने बताया कि घटना से कुछ देर पहले (करीब 10.30 बजे) उनकी प्रीति से बात हुई थी। प्रीति ने पति और अन्य लोगों से विवाद की बात बताई थी। कहा था कि उसकी साड़ी जला दी गई है।



चौपाल में वृद्धजनों ने बताए अपने अनुभव

शाजापुर। राज्य आनंद संस्थान के मार्गदर्शन में शाजापुर के आनन्दको द्वारा ग्राम मूलीखेड़ा के हनुमान मंदिर प्रांगण में ग्राम चौपाल बैठक का आयोजन अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के उपलक्ष्य में किया गया। राज्य आनंद संस्थान के मास्टर ट्रेनर एवं जिला संपर्क व्यक्ति जिला शाजापुर प्रदीप कुमार जायसवाल द्वारा राज्य आनंद संस्थान का परिचय देते हुए गतिविधियों से सभी को अवगत करवाया गया। इस दौरान वरिष्ठजनों द्वारा आत्मीय संवाद और उनके जीवन के अनुभव साझा किए गए। समाज में आत्मीयता की कमी पर भी चर्चा की गई और आत्मीयता कैसे बढ़े इस पर भी वरिष्ठजनों ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम में प्रत्येक माह इस प्रकार सामूहिक मिलने के लिए प्रस्ताव पर सर्वसहमति बनी। इस अवसर पर मनोज कुमार जायसवाल, आनंदक जितेंद्र विश्वकर्मा, अभिषेक सिलोदिया मौजूद रहे।

तेज आवाज वाले डीजे पर रोक लगाने के लिए कलेक्टर-एसपी को दिया ज्ञापन

अवन्तिका ▸▸ आगर मालवा



नगर में तेज आवाज वाले डीजे और साउंड सिस्टम पर रोक लगाने की मांग उठी है। सोमवार को 'साईं परिवार आगर' के लोगों ने कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक को एक ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में बताया गया कि शहर में रात 10 बजे के बाद भी बहुत तेज आवाज में डीजे बजाए जा रहे हैं। मध्यप्रदेश कोलाहल अधिनियम के तहत 70 डेसीबल तक की ध्वनि सीमा तय है, जबकि डीजे से 100 डेसीबल से ज्यादा आवाज निकलती है।

इससे बच्चों, बुजुर्गों और मरीजों के दिल-दिमाग पर बुरा असर पड़ रहा है। साथ ही आए दिन विवाद भी हो रहे हैं। ज्ञापन में मध्यप्रदेश हाईकोर्ट जबलपुर के आदेश का जिक्र करते हुए कहा गया कि शांत माहौल में रहना हर नागरिक का मौलिक अधिकार है।संस्था ने मांग की है कि डीजे संचालकों को नियमों का सख्ती से पालन करने की सूचना दी जाए। नियम तोड़ने वालों पर कार्रवाई हो।

सेवा संकल्प अभियान के तहत करियर मार्गदर्शन सत्र आयोजित

दैनिक अवन्तिका ▸▸ महिदपुर

शासकीय महाविद्यालय महिदपुर में सेवा संकल्प अभियान (17 सितंबर से 17 अक्टूबर 2026) के अंतर्गत दिनांक 05 अक्टूबर 2026 को कौशल विकास एवं वोकल फॉर लोकल के अंतर्गत स्थानीय उत्पाद में करियर व स्वरोजगार के अवसर विषय पर विशेष व्याख्यान एवं परामर्श सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता डॉ. राजेश कुमार माहौर ने विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता पाने की सटीक रणनीतियों से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि अकादमिक क्षेत्र में लगन और अनुशासन के साथ तैयारी करने पर विद्यार्थी नवोदय विद्यालय, केंद्रीय विद्यालय जैसी प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थाओं में अध्यापन एवं प्रशासनिक सेवाओं में अपना स्थान बना सकते हैं। इसके साथ ही उन्होंने साइंस व एप्लाइड साइंसेज के विद्यार्थियों के लिए केमिस्ट्री एवं ड्रग केमिस्ट्री के क्षेत्र में करियर की संभावनाओं का उल्लेख किया। कार्यक्रम के विशिष्ट वक्ता अनिल पडियार ने विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं के साथ-साथ श्वोकल फॉर लोकलश की अवधारणा से जोड़ते हुए स्थानीय उत्पादों के संवर्धन पर मार्गदर्शन दिया। सत्र का संचालन डॉ. प्रज्ञा शर्मा द्वारा एवं अंत में आभार डॉ. घनश्याम सिंह ने व्यक्त किया।

तकनीकी खामियों और प्रशासनिक दबाव के खिलाफ पटवारियों ने खोला मोर्चा, दी आंदोलन की चेतावनी



शाजापुर। जिले में स्वामित्व रजिस्ट्री एवं निष्पादन योजना को लेकर राजस्व अमले और प्रशासन के बीच टकराव की स्थिति बन गई है। मैदानी स्तर पर आ रही तकनीकी दिक्कतों को नजरअंदाज कर लक्ष्य पूरा करने के दबाव और पटवारियों पर हो रही एकतरफा दंडात्मक कार्रवाई ने जिलेभर के पटवारियों को आक्रोशित कर दिया है। इसके तहत जिलाध्यक्ष हरिओम हनोतिया के नेतृत्व में पटवारियों ने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व शुजालपुर, शाजापुर और गोलाना को ज्ञापन सौंपे। ज्ञापन में संघ का स्पष्ट कहना है कि पटवारी हमेशा प्रशासन के साथ सहयोगात्मक रवैया अपनाते आए हैं, लेकिन जमीनी हकीकत को समझे बिना केवल उन पर कार्रवाई करना न्यायसंगत नहीं है। ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई है कि स्वामित्व योजना के तहत की गई कार्रवाई तत्काल प्रभाव से निरस्त की जाए। संघ ने इस बात पर जोर दिया कि जिन ऑनलाइन कार्यों की प्रगति विभिन्न पोर्टल, ओटीपी, आधार, समग्र आईडी, वेब जीआईएस या सीधे तौर पर किसानों की सहभागिता पर निर्भर करती है, उनमें शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल न होने पर केवल पटवारी को बलि का बकरा न बनाया जाए। इसके अलावा, अवकाश और त्योहारों के दिन अनावश्यक कार्य के दबाव से मुक्त करने तथा योजना को लेकर स्पष्ट एवं लिखित दिशा-निर्देश जारी करने की भी पुरजोर मांग की गई। ज्ञापन सौंपते समय बड़ी संख्या में पटवारी मौजूद रहे।



नीलगाय के 3 बच्चों पर कुत्तों का हमला : दो बच्चों को कुत्ते उठा ले गए, तीसरे के पैर में घाव

दैनिक अवन्तिका ▸▸ देवास

मेंडकीचक गांव में सुपर कॉरिडोर के पास एक खेत में नीलगाय के तीन बच्चों पर कुत्तों के झुंड ने हमला कर दिया। किसान विष्णु प्रकाश ने समय रहते एक घायल बच्चे को बचा लिया। कुत्तों ने दो बच्चों को उठा लिया था, जबकि तीसरे के पैर में चोट और शरीर पर घाव हो गए थे।

घटना की जानकारी मिलने पर रहवासी संदीप मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि नीलगाय का बच्चा हमले के बाद चल नहीं पा रहा था। उसके पैर में गहरा घाव था। संदीप ने बच्चे को गोद में उठाकर सुरक्षित जगह पहुंचाया। किसान ने भी बच्चे को कुत्तों से बचाने में मदद की।

इसके बाद 'युवा राधे' संस्था से संपर्क किया गया। संस्था की सूचना पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और घायल नीलगाय के बच्चे को अपने साथ ले गई। फिलहाल, उसका उपचार और देखभाल की जा रही है।

कार्रवाई वापस न हुई तो होगा चरणबद्ध आंदोलन, पटवारियों ने सौंपा ज्ञापन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शुजालपुर



स्वामित्व रजिस्ट्री एवं निष्पादन योजना में तकनीकी और व्यावहारिक दिक्कतों तथा पटवारियों पर की गई कार्रवाई के विरोध में मध्यप्रदेश पटवारी संघ जिला शाजापुर ने राजस्व अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा। संघ ने कार्रवाई तत्काल वापस लेने और योजना से जुड़ी समस्याओं का शीघ्र निराकरण करने की मांग की है।

संघ ने कहा कि पोर्टल, ओटीपी, आधार, समग्र, वेब जीआईएस और कृषक की सहभागिता पर निर्भर ऑनलाइन कार्यों में केवल पटवारियों को लक्ष्यपूर्ति के लिए जिम्मेदार ठहराना उचित नहीं है। साथ ही अवकाश, त्योहार और निर्धारित कार्य समय के बाद अनावश्यक कार्यदबाव नहीं बनाने तथा योजना के संबंध में स्पष्ट और लिखित दिशा-निर्देश जारी करने की मांग की गई।

मांगें पूरी नहीं होने पर पटवारियों ने चरणबद्ध आंदोलन की घोषणा की है। 5 अक्टूबर को शासकीय कार्यों के लिए बनाए गए वाट्सऐप समूहों से लेफ्ट होने, इसके बाद सारा पोर्टल से लॉगआउट करने और फिर ऑनलाइन राजस्व कार्यों से सामूहिक रूप से विरत रहे। अंतिम चरण में हड़ताल पर जाने की बात कही गई है। जिलाध्यक्ष हरिओम हनोतिया और जिला सचिव मनोज शर्मा ने कहा कि आंदोलन किसी व्यक्ति विशेष के विरोध में नहीं, बल्कि पटवारियों की सामूहिक समस्याओं के समाधान के लिए है। संघ ने प्रशासन से कार्रवाई वापस लेकर समय रहते समस्याओं का निराकरण करने की मांग की है।

बी.के.एस.एन कॉलेज में विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति योजना की दी जानकारी



शाजापुर। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, बी.के.एस.एन गवर्नमेंट कॉलेज शाजापुर में सेवा संकल्प अभियान कार्यक्रम के तहत सेवा सेतु शिविर का आयोजन किया गया। सोमवार को आयोजित शिविर के दौरान महाविद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति फार्म में आ रही समस्याओं, हितग्राही पंजीयन, डाटा प्रविष्टि की प्रक्रिया हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। इस मौके पर गांव की बेटी योजना के जिले के नोडल अधिकारी ने अभियान के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। साथ ही गांव की बेटी योजना, प्रतिभा किरण योजना, अनुसूचित जाति, जनजाति छात्रवृत्ति योजनाओं के बारे में विद्यार्थियों को विस्तृत से जानकारी दी। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ.एस.के तिवारी, प्राशासनिक अधिकारी प्रो.मीनू गिडवानी, सेवा संकल्प अभियान की नोडल अधिकारी डॉ.अर्चना वर्मा, गांव की बेटी योजना नोडल अधिकारी डॉ. दिनेश निंगवाल, कार्यक्रम संयोजक डॉ. सविता यादव, डॉ. अरुण कुमार बोड़ाने, डॉ.दीपिका गुप्ता, पूजा राठौर उपस्थित थीं।

सेवा सेतु अभियान शिविर में 223 पात्र आवेदनों पर मौके पर लाभ प्रदान

दैनिक अवन्तिका ▸▸ महिदपुर

मध्यप्रदेश शासन के निदेर्शानुसार सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत सेवा सेतु अभियान -सरकार आपके द्वार शिविर का आयोजन आज दिनांक 04.10.2026 को नगर पालिका परिषद महिदपुर में किया गया। शिविर में क्षेत्रीय विधायक दिनेश जैन बोस, पूर्व विधायक बहादुरसिंह चौहान, नगर पालिका अध्यक्ष नानीबाई ओमप्रकाश माली, एसडीएम अजय हिंगे, पार्षद उमा पाण्डे, आशा राठौर, नेहा सकलेचा, एल्डरमेन सूधीर मूणत, पत्रकार निर्भयसिंह भाटी, पूर्व उपाध्यक्ष कैलाश राठी, गुलाम मोहम्मद नागौरी, जाहिद हुसैन, भाजपा नेता निलेश सोलंकी, दिनेश ग्रोवर, जनप्रतिनिधिगण, मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजा यादव एवं सभी विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। शिविर में नागरिकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। मुख्य नगरपालिका अधिकारी राजा यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि शिविर में आज कुल 481 आवेदन प्राप्त हुए। जिसमें से 223 पात्र हितग्राहियों को मौके पर ही लाभ प्रदान किया गया, 4 आवेदन अपात्र पाए गए तथा 254 आवेदन भविष्य में लाभ दिए जाने हेतु विभागों द्वारा प्रक्रियाधीन रखे गए हैं। जिनका परीक्षण कर 7 दिवस में लाभ प्रदान किया जाएगा। शिविर का उद्देश्य शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक पहुँचाना है।

विभागवार प्राप्त आवेदनों की स्थिति इस प्रकार है- स्वास्थ्य विभाग - सबसे ज्यादा आवेदन आयुष्मान भारत में 74 आवेदन एवं स्वास्थ्य शिविर में 50 लोगों को लाभ दिया गया। श्रम विभाग - संबल योजना 71 आवेदन प्राप्त, 69 को मौके पर स्वीकृति। नगरीय प्रशासन - पीएम स्वनिधि योजना में 69 आवेदन प्राप्त, 4 को मौके पर लाभ, 65 भविष्य में लाभान्वित होंगे। वित्त विभाग - जीवन ज्योति बीमा में 45 आवेदन, सभी भविष्य में लाभ हेतु। ऊर्जा विभाग - पीएम सूर्य घर योजना में 30 आवेदन, 1 अपात्र, 29 भविष्य में लाभ। खाद्य विभाग- उज्ज्वला योजना - 6, गरीब कल्याण अन्न योजना - 1, राशन कार्ड - 24 आवेदन (23 को मौके पर लाभ)। कृषि विभाग - पीएम प्रणाम में 19 आवेदन, सभी 19 को मौके पर लाभ। महिला एवं बाल विकास- लाड़ली लक्ष्मी - 16, पीएम मातृ वंदना - 4, सभी को मौके पर लाभ। राजस्व विभाग- फार्मर आईडी - 10, बीपीएल - 1, मौके पर निराकृत किए।

सड़क हादसे के बाद मारपीट के आरोप

शुजालपुर। देहंडी जोड़ क्षेत्र में सड़क हादसे के बाद विवाद का मामला सामने आया है। मामले में दोनों पक्षों की ओर से पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। एक पक्ष ने कार की टक्कर से घायल करने का आरोप लगाया, जबकि कार चालक ने चार युवकों पर पीछा कर मारपीट करने, कार में तोडफोड़ और जान से मारने की धमकी देने के आरोप लगाए हैं। गैरखेड़ी निवासी पंकज मेवाड़ा 26 ने रिपोर्ट में बताया कि 5 अक्टूबर की रात करीब 12 बजे वह देहंडी जोड़ से पैदल अपने घर जा रहा था।

जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैरे पक्षकार द्वारा 1- श्रीमती किरण मालानी पति श्री मुनीश मालानी 2- मुनीश मालानी पिता श्री नंदकिशोर मालानी, निवासीगण - शिव मंदिर के सामने 69, गुमाश्ता नगर, इंदौर (म.प्र.) से उनके स्वत्व स्वामित्व व आधिपत्य की संपत्ति भूखण्ड क्रमांक 429, जो की एलान्स एवेन्यु, कालोनी, ग्राम सुरासा तहसील घटिया जिला उज्जैन में अंदर की ओर स्थित हैं। भूखण्ड का कुल क्षेत्रफल 139.29 वर्गमीटर हैं, जिसके पूर्व दिशा में भूखण्ड क्रमांक 434, पश्चिम दिशा में - सड़क कालोनी की, उत्तर दिशा में भूखण्ड क्रमांक 428, दक्षिण दिशा में भूखण्ड क्रमांक 430 हैं। उक्त संपत्ति को क्रय करने का सौदा किया जाकर अनुबंध पत्र निष्पादित कर आंशिक राशि अदा कर दी गयी है तथा शेष राशि प्रदान करते हुए उक्त संपत्ति का विक्रय पत्र का संपादन किया जाना शेष है। उक्त वर्णित सम्पत्ति पर किसी बैंक, व्यक्ति, वित्तीय संस्था, शासन या अन्य का कोई ऋण, भार या मतालबा हो या किसी भी शासकीय, अर्द्धशासकीय विभाग का किसी प्रकार का टेक्स, कर, प्रभार, बोझ, पेनल्टी, दंड, ब्याज या देनदारी आदि बकाया हो या उक्त वर्णित सम्पत्ति में किसी का कोई स्वत्व, हित, दान, क्लेम हो अथवा इस विक्रय बाबत कोई आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से 07 दिवस के अंदर सप्रमाण मुझे लिखित में आपत्ति प्रस्तुत करें ताकि उसका निराकरण किया जा सकेगा अन्यथा बाद अवधि मैरे पक्षकार द्वारा उक्त सम्पत्ति स्वामी को विक्रय धन अदा किया जाकर उनसे विक्रय पत्र का संपादन व पंजीयन करा लिया जावेगा, तत्पश्चात किसी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी। सूचित हो। इति दिनांक 06-10-2026

सौरभ जैन, (चौरड़िया) एडव्होकेट
ए-20, भरतपुरी कांप्लेक्स, देवास रोड़, उज्जैन (म.प्र.) मोबा. 96177-77776

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार द्वारा राजस्व अभिलेख ग्राम सूकलाना तहसील बड़नगर जिला उज्जैन स्थित भूमि सर्वे नंबर 344 रकबा 0.41 हे. में से रकबा 0.20 हे. बरूख पूर्व दिशा की कुल किता 01 कुल रकबा 0.20 हे. भूमि क्रय करने का सौदा भूमिस्वामी लालाराम ,महेश पुत्रगण छोगालाल एवं लीलाबाई पति छोगालाल जाती बागरी निवासी ग्राम भीडावद क्रमांक 03 तहसील बड़नगर जिला उज्जैन से कर सौदे पेटे समक्ष गवाहन बयाना राशि अदा कर मेरे पक्षकार के हित एवं पक्ष में सौदा चिट्ठी एवं अनुबंध पत्र निष्पादित किया गया है शेष राशि अदा कर भूमि का विक्रय पत्र निष्पादित होना शेष है उपरोक्त भूमि पर किसी भी व्यक्ति, वित्तीय निकाय, शासकीय एवं अर्थशासकीय संस्था, बैंक, पेडी, समूह, आदि से किसी भी प्रकार का ऋण भार बकाया हो या भूमि पर अन्य किसी का स्वत्व, हित,अधिकार, सुखाधिकार, दान, भार, अंतरण, बंधक, या कोई अनुबंध, सौदा चिट्ठी हो या उक्त विक्रय व्यवहार से किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के 03 दिवस में लिखित आपत्ति मय प्रमाण /दस्तावेज के मेरे कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करे अन्यथा बाद गुजरने मियाद मेरे पक्षकार उक्त भूमि का विक्रय पत्र अपने पक्ष में निष्पादित करवा लेंगे एवं किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं मेरे पक्षकार पर किसी भी रूप में बंधनकारी एवं पालनीय नहीं होगी।

सूचित हो पाबंदी करे। दिनांक 06/10/2026

केदार व्यास एडवोकेट
कार्यालय :- कोर्ट परिसर बड़नगर जिला उज्जैन मप्र. मोबा. न.96919-80827

92 वर्षीय भगवती देवी जोशी सहित वरिष्ठ पेंशनर्स का शाल-माला से सम्मान



शुजालपुर। प्रोग्रेसिव पेंशनर्स संगठन तहसील शुजालपुर का वरिष्ठ पेंशनर्स से संपर्क और संगठन विस्तार अभियान जारी है। अभियान के तहत संगठन पदाधिकारियों ने पेंशनर्स के घर पहुंचकर कुशलक्षेम जाना और संगठन की गतिविधियों व आगामी योजनाओं की जानकारी दी। शाखा अध्यक्ष मांगीलाल लेवे, कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र यादव, उपाध्यक्ष एनडी गुप्ता, सचिव नरेंद्र कुमार सक्सेना, संरक्षक हरिचरण मंगलावत व सदस्य रामकरण शर्मा ने चंद्रकांता श्रीवास्तव और 92 वर्षीय भगवती देवी जोशी का शाल ओढ़ाकर व माला पहनाकर सम्मान किया। इस दौरान वेद मंत्रों के उच्चारण के साथ उनका अभिनंदन किया गया। इसी क्रम में संगठन पदाधिकारियों ने लक्ष्मीनारायण परमार, लीलाधर तिवारी, भेरूलाल लववंशी, पार्वती देवी लववंशी, देवनारायण विश्वकर्मा, कमलाप्रसाद शर्मा, लक्ष्मण राठौर, 92 वर्षीय रामकिशोर दुबे, अशोक दुबे, रमेशचंद्र दुबे व सज्जन सिंह विश्वकर्मा से भी संपर्क किया। अध्यक्ष मांगीलाल लेवे ने बताया कि अभियान का उद्देश्य केवल सदस्यता बढ़ाना नहीं, बल्कि वरिष्ठ पेंशनर्स के सुख-दुख में सहभागी बनना और उनके अनुभवों का लाभ संगठन को देना है। अभियान आगे भी जारी रहेगा।

गुमठियां हटाना कोई समाधान नहीं, प्रशासन से बीच का रास्ता निकालने की मांग

गुना। शहर में अतिक्रमण के नाम पर गुमठियों और छोटी दुकानों को हटाने की कार्रवाई को लेकर गुमठीधारियों और छोटे दुकानदारों में चिंता बढ़ गई है। मंगलवार शाम कलेक्टर कार्यालय परिसर में बीज निगम के किनारे संचालित गुमठियों के संचालक बड़ी संख्या में पहुंचे और प्रशासन से गुमठियों को हटाने के बजाय समस्या का व्यावहारिक समाधान निकालने की मांग की। दरअसल गुमठीधारियों का कहना है कि वर्षों से छोटे स्तर पर व्यवसाय और मैकेनिक का काम कर परिवार का भरण-पोषण करने वाले लोगों की गुमठियां हटाने से उनके सामने रोजगार का संकट खड़ा हो जाएगा। उनका कहना है कि अतिक्रमण हटाना समस्या का स्थायी समाधान नहीं है, बल्कि प्रशासन को सभी पक्षों से चर्चा कर बीच का रास्ता निकालना चाहिए। गुमठीधारियों ने प्रशासन से मांग की है कि सड़क के संबंध में एक स्पष्ट सीमा निर्धारित कर दी जाए, ताकि उसके भीतर कोई दुकान या गुमठी न हो और यातायात व्यवस्था भी प्रभावित न हो। उनका कहना है कि यदि सड़क की सीमा तय कर दी जाती है तो छोटे दुकानदार भी अपनी दुकानों को उसी के अनुरूप व्यवस्थित कर सकते हैं। भारी वाहनों और लोडिंग-अनलोडिंग पर भी उठे सवाल गुमठीधारियों ने सड़क पर यातायात व्यवस्था को लेकर भी सवाल उठाए। उनका कहना है कि सड़क पर भारी वाहनों की आवाजाही तथा लोडिंग-अनलोडिंग करने वाले वाहनों के कारण यातायात प्रभावित होता है। ऐसे वाहनों के खिलाफ यातायात विभाग द्वारा प्रभावी कार्रवाई की जानी चाहिए। उन्होंने प्रशासन से आग्रह किया कि केवल छोटे दुकानदारों और मैकेनिकों को हटाने की कार्रवाई करने के बजाय यातायात व्यवस्था को प्रभावित करने वाले सभी कारणों पर ध्यान दिया जाए।

हुसैनी अपार्टमेंट के फ्लेट नं. 206 में चोरी की वारदात

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन



जूना सोमवारिया हुसैन अपार्टमेंट के फ्लेट नम्बर 206 में सोमवार-मंगलवार रात चोरी की वारदात हो गई। चोर 15 लाख के आभूषण और 25 हजार रूपये चुराकर ले गये है। पुलिस चोरों का पता लगाने के लिये सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है।

जीवाजीगंज थाना क्षेत्र के हुसैनी अपार्टमेंट के फ्लेट नम्बर 206 में जुमाना पति सादिक मानपुरवाला अपने बच्चों के साथ रहती है। कुछ वर्ष पहले पति का निधन गया था। फ्लेट में ही उनके रिश्तेदार भी रहते है। सोमवार रात जुमाना अपने बच्चों के साथ रिश्तेदारों के यहां चली गई थी। सुबह वापस लौटने पर अपने फ्लेट का ताला टूटा देखा। रिश्तेदार काईद जौहर मानपुरवाला ने मामले की सूचना पुलिस को दी। जांच के लिये पहुंची पुलिस को परिवार ने बताया कि बदमाश 15 लाख के आभूषण और 25 हजार रूपये नगद चुराकर ले गये है। पुलिस ने जांच के फिंगर प्रिंट टीम को बुलाया और साक्ष्य एकत्रित किये। इस दौरान अपार्टमेंट में लगे कैमरों के फुटेज भी देखे गये। लेकिन कोई सुराग नहीं मिल पाया। पुलिस अब क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरे देख कर चोरी करने वालों का पता लगाने के प्रयास कर रही है।

शहर में चोर लगा रहे है गश्त- शहर चोरों की लगातार गश्त सामने आ रही है। कुछ दिन पहले ही नानाखेड़ा थाना क्षेत्र के वृदांवनधाम कालोनी में 3 से 4 मकानों पर चोरों ने धावा बोला था और आभूषणों के साथ नगदी चुराकर ले गये थे। उससे पहले नरवर में चोरों की गश्त होना सामने आई थी। नानाखेड़ा और नरवर पुलिस को चोरों के फुटेज भी मिले थे, लेकिन अब तक उनकी पहचान नहीं हो पाई है।

स्कूली बच्चों को थाना प्रभारी भाभौर ने दी यातायात के नियमों की जानकारी

महिदपुर रोड। नगर के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में यातायात सप्ताह के तहत मंगलवार को थाना प्रभारी आर एस भाभौर व उनके सहयोगियों ने स्कूली छात्र छात्राओं को याता यात संबंधी जानकारी दी। जानकारी में थाना प्रभारी ने बताया 18 वर्ष से कम आयु के के स्कूली छात्र-छात्राओं को वाहन नियमों का पालन करते हुए दो पहिया वाहन चलाने बच्चों द्वारा गाड़ी चलाने ,हेलमेट का उपयोग नहीं करने, रॉन्ग साइड गाड़ी चलाने, यातायात के संकेतक का पालन नहीं करने जैसे बिंदुओं पर छात्र छात्राओं को विस्तार से बताया थाना प्रभारी ने कहा अक्सर देखा गया है कि छात्र छात्राओं द्वारा गाड़ी चलाते वक्त मोबाइल का भी उपयोग करते हैं ,जिसके कारण अक्सर दुर्घटनाएं हो जाया करती है फल स्वरूप अधिकांश परिवार आज काल के गाल में समा जाते हैं अतिथियों का स्वागत प्राचार्य शिवनारायण बामनिया ,अशोक पोरवाल, बंसीलाल सौलंकी, संगीता पासी श्रद्धा सूर्यवंशी, गीता रावत , हरीश सौलंकी आदि द्वारा किया इस अवसर पर महिला आरक्षक शिवकन्या धनगर , जितेंद्र यादव लालसिंह आदि उपस्थित रहे।

दरगाह मंडी चौराहा पर दर्दनाक सड़क हादसा

उज्जैन। दरगाह मंडी चौराहा पर सोमवार-मंगलवार रात बाइक सवार युवक पर ट्रेक्टर का पहिया चढ़ गया। युवक की मौत हो गई। बाइक पर उसका साथी भी सवार था, जो घायल हुआ है।

चिमनगंज थाना पुलिस ने बताया कि दरगाह मंडी के पास रात में बाइक पर सवार दो युवकों को अज्ञात वाहन ने कुचल दिया था। पुलिस घटनास्थल पहुची तो सामने आया कि दुर्घटना ट्रेक्टर से हुई है। एक की मौत हो चुकी थी दूसरा घायल था। जिससे पूछताछ करने पर उसका नाम आकाश सूर्यवंशी और मृतक का दीपक पिता दुर्गाप्रसाद सोनी निवासी बापूनगर सामने आया। रात में ही परिजनों को सूचना दी गई। परिजन अस्पताल पहुंच गये थे। मंगलवार सुबह पोस्टमार्टम के दौरान सामने आया कि मृतक ई-रिक्शा चलाता था और रात में आकाश के साथ नानाखेड़ा जा रहा था। जहां निजी अस्पताल में उसका साथी भर्ती है। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम किया है। ट्रेक्टर चालक की तलाश की जा रही है। विदित हो कि आगररोड पर एलिवेटेड ब्रिज का निर्माण कार्य चल रहा है। जिसके चलते मार्ग पर आवागमन बाधित है। पांच दिन पहले भी नगर निगम के पास एक्टिवा सवार युवक को अज्ञात वाहन ने कुचल दिया था। जिसकी मौके पर मौत हो गई थी।

सेवा मेरा योगदान अभियान के तहत स्वास्थ्य संस्थाओं में लगाए नेत्र जांच शिविर

खंडवा। सेवा संकल्प अभियान' के अंतर्गत 'सेवा मेरा योगदान' अभियान के तहत मंगलवार को जिले की विभिन्न स्वास्थ्य संस्थाओं में नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर आयोजित किए गए। शिविरों में नेत्र रोग से संबंधित मरीजों की जांच कर आवश्यक उपचार एवं परामर्श दिया गया। जांच के उपरांत जरूरतमंद मरीजों को नि:शुल्क चश्मे भी वितरित किए गए। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ओपी जुगतावत ने बताया कि अभियान का उद्देश्य आमजन को स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ उनके नजदीकी स्वास्थ्य संस्थानों पर उपलब्ध कराना है। इसी क्रम में जिला स्तर पर मेडिकल कॉलेज सह जिला चिकित्सालय खंडवा में विशेष नेत्र जांच शिविर आयोजित किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में मरीजों की नेत्र जांच की गई तथा चिकित्सकों द्वारा आवश्यक उपचार एवं परामर्श प्रदान किया गया। जिले भर की स्वास्थ्य संस्थाओं में 205 मरीजों की आँखों की जाँच की गई, तथा चश्मे के जरुरतमंद 112 लोगों को दूर और पास देखने के लिए नि:शुल्क चश्मे वितरित किये गए। शिविर के दौरान रोगी कल्याण समिति के सदस्य श्री भावेश बिल्लोरे, श्री सुधांशु जैन एवं श्री राजेश तिवारी द्वारा नेत्र रोग से पीड़ित एवं जरूरतमंद मरीजों को नि:शुल्क चश्मे वितरित किए गए। इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ. अनिरुद्ध कौशल, मेडिकल कॉलेज के सहायक अधीक्षक डॉ. सुनील बाजोलिया सहित चिकित्सक एवं स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित रहे।

निजी नर्सिंग होम एवं क्लीनिक संचालकों को निर्धारित मानकों एवं नियमों के पालन के निर्देश

गुना। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशानुसार जिले के समस्त निजी नर्सिंग होम एवं निजी चिकित्सालय संचालकों की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 05 अक्टूबर 2026 को बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के सभी 24 नर्सिंग होम के संचालक अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित रहे। बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजकुमार ऋषीश्वर ने निजी स्वास्थ्य संस्थानों में मरीजों को गुणवत्तापूर्ण एवं सुरक्षित स्वास्थ्य सेवाएं निर्धारित मानकों के अनुरूप उपलब्ध कराने तथा मध्यप्रदेश उपचर्या गृह तथा रूजोपचार संबंधी स्थापनाएं अधिनियम, 1973 का अनिवार्य रूप से पालन करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी संस्थानों को आवश्यक वैधानिक अनुपालनों को पूर्ण करने के निर्देश दिए तथा संबंधित बिंदुओं के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान निजी स्वास्थ्य संस्थानों के संचालकों द्वारा बताई गई समस्याओं पर भी चर्चा की गई। बैठक में अस्पताल एवं क्लीनिक परिसर में दर सूची आवश्यक रूप से चस्पा करने, अस्पताल में आरआरएमपी चिकित्सक की उपलब्धता, आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत उपलब्ध सेवाओं एवं विशेषज्ञताओं का उचित प्रदर्शन, बायोमेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट नियमों का पालन, अस्पताल, क्लीनिक एवं पैथोलॉजी परिसर में पार्किंग व्यवस्था, फायर एनओसी एवं फायर ऑडिट की उपलब्धता, विद्युत सुरक्षा प्रमाण पत्र, प्रदूषण बोर्ड का प्रमाण पत्र, बायोमेडिकल वेस्ट प्रमाण पत्र तथा पंजीयन की स्थिति सहित विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई। बैठक में निर्देश दिए गए कि आपातकालीन स्थिति में आने वाले प्रत्येक मरीज को तत्काल आवश्यक उपचार उपलब्ध कराया जाए तथा संबंधित विशेषज्ञ द्वारा भी मरीज का शीघ्र परीक्षण कर समुचित उपचार प्रदान किया जाए। यदि चिकित्सालय मरीज की बीमारी संबंधी विधा में आयुष्मान योजना से संबद्ध नहीं है, तो नियमानुसार प्रक्रिया पूर्ण कर मरीज को अवगत कराया जाए तथा उसकी सहमति के अनुसार उपचार प्रदान किया जाए।

कार्यालय उज्जैन विकास प्राधिकरण उज्जैन

// जाहिर सूचना //

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि प्राधिकरण की महाकाल वाणिज्यिक सह आवासीय योजना में भूखण्ड/भवन कंमाक सी-11/9 एमआईजी श्री राधेश्याम अंबावतिया एवं श्रीमती ललीता अंबावतिया के नाम पर दर्ज है।

श्रीमती ललीता अंबावतिया की मृत्यु दिनांक 27.04.2021 को हो जाने के कारण उक्त सम्पत्ति पर इनके वारिसान पत्नि एवं पुत्रियों 1) श्री राधेश्याम अंबावतिया पिता श्री हरिनारायण अंबावतिया, 2) श्रीमती रश्मि पाटीदार पति श्री दिपेश पिता श्री राधेश्याम अंबावतिया, 3) मनाली अंबावतिया पिता श्री राधेश्याम अंबावतिया एवं 4) पूजा अंबावतिया पिता श्री राधेश्याम अंबावतिया निवासीगण सी-11/9, एमआईजी, महाकाल वाणिज्यिक केन्द्र, उज्जैन (म.प्र.) के द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र. क्षतिपुर्ति लेख, शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण आदि दस्तावेज प्रस्तुत कर उपरोक्त सम्पत्ति सयुंक्त के नाम पर किये जाने हेतु निवेदन किया गया है।

अत: आवंटी द्वारा यदि अन्य किसी भी व्यक्ति/बैंक / वित्तीय संस्था आदि को उक्त सम्पत्ति रहन/मार्टगेज रखी गई हो या सौदा किया गया हो अथवा उक्त संपत्ति हेतु किसी व्यक्ति के नाम पर वसीयत सम्पादित की गई हो, या मृतक के वारीसों के नाम पर नामांतरण किये जाने में किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन की तिथि से (15 दिवस) में मय ठोस प्रमाण (प्रमाणित दस्तावेज) के लिखित रूप में सम्पदा शाखा में नियत अवधि के पूर्व प्रस्तुत कर आपत्ति की पावती प्राप्त करें, अन्यथा निर्धारित समयावधि पश्चात प्राधिकरण के द्वारा उक्तानुसार नामांतरण अनुमति दी जाकर शेष कार्यवाही की जावेगी। नियत समयावधि के पश्चात कोई भी आपत्ति आदि स्वीकार नहीं की जावेगी।

सम्पदा अधिकारी
उज्जैन विकास प्राधिकरण उज्जैन

जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भूमि सर्वे क्रमांक 188/1 रकबा 0.9000 हेक्टेयर स्थित ग्राम हासामपुरा तह. व जिला उज्जैन में स्थित है। जिसकी चर्तुसीमा पूर्व में नारायणसिंह की भूमि, पश्चिम में प्रधानमंत्री रोड, उत्तर में अंतरसिंह की भूमि, दक्षिण में गोपाल सिंह की भूमि स्थित है। उक्त भूमि के वर्तमान स्वामी धर्मेन्द्रसिंह पिता हरीसिंह के स्वामित्व एवं आधिपत्य की है। उक्त संपत्ति को विक्रय करने का सौदा का मेरे पक्षकार से किया है तथा अनुबंध पत्र का निष्पादन किया जा चूका है एवं निकट भविष्य में विक्रय पत्र किया जाना है। अत: सूचित किया जाता हैं कि यदि उक्त कृषि भूमि में अन्य किसी का कोई हक, हित, हिस्सा, अधिकार आदि हो या उक्त कृषि भूमि पर किसी बैंक, व्यक्ति, प्राइवेट संस्था, पैढी आदि का कोई लेना-देना बकाया हो या उक्त कृषि भूमि के स्वामित्व या कब्जे के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो या वैधानिकता के संबंध में कोई विवाद हो या कोई न्यायालीन विवाद हो या परिवार के किसी सदस्य को आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के दिनांक से सात दिवस की अवधि के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय लेखी प्रमाण के विधिवत् रूप से मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें ताकि उसका उचित निराकरण करवाया जा सकें। उक्त अवधि में कोई आपत्ति नहीं आने पर मेरे पक्षकार द्वारा उक्त कृषि भूमि के विक्रय पत्र का निष्पादन अपने हित में करवा लिया जावेगा। बाद में किसी भी प्रकार की आपत्तिमान्य नहीं होगी। सूचित हो। दिनांक 06/10/2026

आयुष गुप्ता एडवोकेट
ऑफिस क्रमांक 112, पार्श्वनाथ टॉवर, फ्रीगंज, उज्जैन
मो. 9685166155

कार्यालय जिला शिक्षा केन्द्र, सर्व शिक्षा अभियान, जिला-खण्डवा

कलेक्ट्रेट परिसर, सिविल लाईन्स, जिला खण्डवा Phone: 0733-2243861 Email: dpcknw@gmail.com

क्रमांक/जि.शि.के./जेम/2026/2187 खण्डवा दिनांक 06/10/2026

विज्ञप्ति

कार्यालय जिला शिक्षा केन्द्र खण्डवा अन्तर्गत वार्षिक, अर्द्धवार्षिक परीक्षा के प्रश्न पत्रों के मुद्रण एवं अन्य मुद्रण कार्य 2026-27 एवं 2027-28 के लिये फर्म के चयन हेतु जेम Bid क्रमांक GEM/2026/B/8089181 खण्डवा दिनांक 02.10.26 अपलोड की गई हैं। Bid Estimate Value 1500000.00 मात्र है। Bids के समस्त नियम एवं शर्तें जेम पोर्टल की साईट पर देखी जा सकती है एवं भरने हेतु अंतिम तिथि 19.10.26 निर्धारित है। बिड से संबंधित तकनीकी दस्तावेजों की हार्ड कॉपी, डी.डी.डी. एवं मुद्रण हेतु निर्धारित पेपर के सैंपल तकनीकी निविदा खुलने के 01 दिन पूर्व कार्यालय में जमा जमा करना अनिवार्य है।

जिला परियोजना समन्वयक, जिला शिक्षा केन्द्र सर्व शिक्षा अभियान खण्डवा.

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि राजेन्द्रसिंह सिसोदिया पिता श्री बहादुरसिंह सिसोदिया एवं श्रीमती प्रमिला(प्रेमकुंवर) पुत्री श्री बहादुरसिंह पति श्री मनदसिंह चौहान निवासीगण- एफ-43 एलआयजी ऋषिनगर उज्जैन के स्वामीत्व एवं आधिपत्य का भवन क्रमांक एफ-43 श्रेणी एलआईजी ऋषिनगर योजना उज्जैन मे स्थित है। उक्त भवन को ऋय किये जाने का सर्वोक्त ऋण भार से मुक्त मालिकाना अधिकारो सहीत लिखित सौदा मेरे पक्षकार के द्वारा किया गया है तथा बयाना राशि भी अदा कर दी गई है तथा सौदा चिठ्ठी अनुसार मेरे पक्षकार के हित मे नियत अवधि में विक्रयपत्र का निष्पादन एवं पंजीयन करवाया जाना शेष है। उपरोक्त वर्णित भवन के विक्रय बाबत किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक या विभाग को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो या उक्त भवन पर किसी प्रकार का कोई ऋण भार बकाया हो या उक्त भवन पर कोई स्वत्व हित या अधिकार रखते हो ऐसे संबंधित व्यक्ति, संस्था, बैंक या विभाग आदि इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस की अवधि मे अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण के मेरे कार्यालय मे कार्यालयीन समय सायं 04 से 06 के मध्य मेरे समक्ष प्रस्तुत करे ताकि उसका निराकरण किया जा सकें अन्यथा अवधि समाप्त होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत उपरोक्त वर्णित भवन के विक्रयपत्र का निष्पादन एवं पंजीयन अपने हीत में करवा लिया जावेगा तथा अवधि समाप्ति पश्चात की गई कोई आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं रहेगी। सूचित हो। इति दिनांक 06/10/2026

यशपाल गेहलोत, सर्विस प्रोवाईडर
कार्यालय- सी एफ3 भरतपुरी शापिंग कॉमप्लेक्स उज्जैन
म.प्र., मो. 8839742938

जाहिर सूचना

मेरे पक्षकार आर्ट हाउसिंग फायनेन्स इंडिया (लिमिटेड) पता ऑफिस क्रमांक 310 थर्ड फ्लोर पाटीदार टॉवर वररूचि मार्ग फ्रीगंज,उज्जैन की ओर से सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि भवन क्रमांक 168 जो सर्वेक्षण क्रमांक 263 स्थित ग्राम धुरेरी तहसील बड़नगर जिला उज्जैन म.प्र. में स्थित है, जिसका कुलक्षेत्रफल 256 वर्गमीटर है। जिसके पूर्व मे- रोड, पश्चिम में-: टिकमसिंह का भवन, उत्तर में- रोड दक्षिण में- सुरेन्द्रसिंह का मकान स्थित है। उक्त सम्पत्ति पर प्रेमसिंह पिता श्री भेरूसिंह का मध्यप्रदेश भू राजस्व संहिता (भू-सर्वेक्षण तथा भू- अभिलेख) के अनुसार नाम दर्ज चला आ रहा है एवं प्रेमसिंह सोलंकी का स्वर्गवास दिनांक 15/02/2025 को हो जाने के पश्चात उक्त संपत्ति के स्वामी श्यामसिंह पिता प्रेमसिंह हुये। एवं श्यामसिंह के द्वारा उक्त संपत्ति में सहस्वामीत्व पत्र क्रमांक एमपी 17आईजीआर18782025ए100448536 दिनांक 10/06/2025 के माध्यम से श्रीमति संतोष पति श्यामसिंह को सहस्वामी बनाया। तथा श्यामसिंह एवं श्रीमति संतोष ने ऋण प्राप्त करने हेतु आर्ट हाउसिंग फायनेन्स इंडिया (लिमिटेड़) में आवेदन किया है तथा मेरे पक्षकार उक्त सम्पत्ति को बंधक कर ऋण प्रदान करने जा रहे हैं। अत: सूचित किया जाता हैं कि उक्त सम्पत्ति में अन्य किसी का कोई हक, हित, हिस्सा, अधिकार आदि हो या उक्त सम्पत्ति पर किसी बैंक, व्यक्ति, प्राइवेट संस्था, पैढी आदि का कोई ऋणभार हो या लेना-देना बकाया हो या उक्त सम्पत्ति के स्वामित्व या कब्जे के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो या कोई विवाद हो या परिवार के किसी सदस्य को आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के दिनांक से सात दिवस की अवधि के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय लेखी प्रमाण के विधिवत् रूप से मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें। ताकि उसका उचित निराकरण करवाया जा सकें। उक्त अवधि में कोई आपत्ति नहीं आने पर आर्ट हाउसिंग फायनेन्स इंडिया (लिमिटेड़) द्वारा उक्त सम्पत्ति पर ऋण स्वीकृत करने हेतु आगामी कार्यवाही की जावेगी। तथा ऋण स्वीकृत किया जाने की दशा में उक्त सम्पत्ति पर प्रथम ऋण भार आर्ट हाउसिंग फायनेन्स इंडिया (लिमिटेड़) का रहेगा। बाद में किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी।

सूचित हो। दिनांक 06/10/2026

तेजपाल परिहार एडवोकेट
ऑफिस क्रमांक 11, भवन क्रमाक 87/3
तुलसी कॉम्पलेक्स विक्रम मार्ग टॉवर
चौराहा फ्रीगंज, उज्जैन मो. 9301860352

जाहिर सूचना का प्रतिवाद (खंडन)

मेरे पक्षकारगण 1-दारासिंह जाट आत्मज निवासी-1/1 लालबाई फूलबाई मार्ग उर्दूपुरा उज्जैन म. प्र. 2-विरेन्द्र कुशवाह आत्मज जगदीश कुशवाह निवासी-ए 3/10 महानंदानगर उज्जैन म.प्र. से प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 02.10.2026 को दैनिक समाचार पत्र दैनिक अंवतिका में प्रकाशित जाहिर सूचना भूमि सर्वे क्रमांक-753/1/1/2 (एस) रकबा 0.3890 है. जिसको राजकुमार प्रजापत एडव्होकेट कार्यालय ए-1 भरतपुरी काम्पलेक्स उज्जैन द्वारा प्रकाशित करवाया गया था एव दिनांक 05.10.2026 को भी दैनिक समाचार पत्र दैनिक अंवतिका में प्रकाशित जाहिर सूचना भूमि सर्वे क्रमांक-753/3/1/2 रकबा 0.209 हे एव सर्वे क्रमांक-755/2/2 रकबा 0.45 हे., सर्वे क्रमांक-754/1/2 रकबा 0.386 हे., कुल किता 3 कुल रकबा 1.045 हे.भूमि जिसको हितेश माली अधिवक्ता कार्यालय 50 बी संतराम सिंधी कॉलोनी सांवेर रोड उज्जैन द्वारा प्रकाशित करवाया गया था, उक्त दोनो जाहिर सूचना में उल्लेखित भूमिया ग्राम उंडासा मक्सी रोड उज्जैन नगर जिला उज्जैन म.प्र.में स्थित है के संबंध में सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है उक्त दोनो जाहिर सूचना का मेरे पक्षकार की और से खंडन किया जाता है कि उक्त दोनो सोदा अनुबंध-पत्र असत्य आधारो पर वास्तविक स्थिति को छुपाते हुवे किया गया है जो कि मेरे पक्षकार पर बंधनकारक नही है क्योकि उक्त कृषि भूमियो में मेरे पक्षकार का हित निहित है। अत: इस जाहिर सूचना के खंडन के माध्यम से आप महोदय के पक्षकार को सूचित किया जाता है कि उक्त भूमि के संबंध मे आगामी पैसे कोई कार्यवाही या दस्तावेज का संपादन नही करे, क्योकि उक्त अनुबंध पत्र मेरे पक्षकार के हितो के मुकाबले शुन्य है। इति दिनांक 06/10/2026 स्थान उज्जैन

शेख गुलाम रसूल (शहजादा) एडव्होकेट
आफीस-न्यु हरिफाटक महाकाल मार्ग बेगमबाग चौराहा उज्जैन
मो. 9229565313

अंतिम किश्त जमा करने की सूचना

समस्त आवंटित भूखण्ड धारकों एवं निवेशकों को सूचित किया जाता हैं कि, मैरी पक्षकार कम्पनी दीपा डेवलपर्स कार्यालय पता 30, बख्तावर मार्ग, फ्रीगंज, उज्जैन (म.प्र.) द्वारा ग्राम चंदेसरा तहसील व जिला उज्जैन में विकसीत कालोनी श्री लक्ष्मीपति पदमा कालोनी में जिन भूखण्ड धारकों एवं निवेशकों द्वारा भूखण्ड आवंटित कराये हैं उन सभी की अंतिम किश्त का भुगतान मेरी पक्षकार कम्पनी के कार्यालय में दिनांक 13.10.2026 तक कर दिया जावें अन्यथा उक्त भूखण्ड को निरस्त कर राशि फारफीट कर ली जावेगी तथा गैरे पक्षकार उक्त भूखण्ड को अन्य को विक्रय करने के लिये स्वतंत्र रहेगें। सूचित हो। दिनांक 06-10-2026

सौरभ जैन, (चौरडिया) एडव्होकेट
ए-20, भरतपुरी कांप्लेक्स, देवास रोड़, उज्जैन
मो. 96177-77776

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने श्रीमती रूपाबाई पति श्री कल्याणसिंह जाति राजपूत निवासी ग्राम टीटावदा तहसील सांवेर जिला इन्दौर (म.प्र.) से उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि आराजी सर्वे नंबर 497/1 रकबा 0-600 हेक्टर, सर्वे नंबर 497/3 रकबा 0-150 हेक्टर, सर्वे नंबर 499/1 रकबा 0-650 हेक्टर, सर्वे नंबर 499/2 रकबा 0-300 हेक्टर, सर्वे नंबर 499/3 रकबा 0-800 हेक्टर एवं सर्वे नंबर 503/1/2 रकबा 0-400 हेक्टर कुल किता 6 रकबा 2-900 हेक्टर स्थित ग्राम रूणजी प.ह.नं. 121 तहसील घट्टिया जिला उज्जैन (म.प्र.) में है को क्रय करने का सौदा किया होकर आंशिक बयाना राशि अदाकर सौदा चिट्ठी का निष्पादन करवा लिया है तथा विधिवत अनुबंध पत्र का निष्पादन करवाया जाना है तथा अनुबंध अनुसार शेष राशि अदा कर विक्रय-पत्र का पंजीयन करवाया जाना शेष है। यदि उक्त भूमि में कोई अपना हित व हिस्सा रखता हो या उक्त भूमि पर किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक अथवा सरकारी, साहूकारी या किसी विभाग या वित्तीय संस्था अथवा सोसायटी का कोई ऋण भार हो तो ऐसे संबंधित विभाग / व्यक्ति इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 (सात) दिवस की अवधि में मय प्रमाण सहित लिखित में आपत्ति मेरे समक्ष प्रस्तुत करें ताकि उसका निराकरण करवाया जा सके, अन्यथा सूचना प्रकाशन की अवधि व्यतीत होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत अनुबंध पत्र निष्पादन के पश्चात् विक्रय पत्र का निष्पादन करवा लिया जावेगा व कोई आपत्ति मान्य नही होगी।

दिनांक-06/10/2026

रितिक बंसल (सर्विस प्रोवाईडर)
सी-7 भरतपुरी कॉम्पलेक्स, उज्जैन (म.प्र.)
मो. 94250-92149, 90093-04444

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है भूमि स्वामी कृषक (1) कमलेश कुमार विश्वकर्मा पिता शिवनारायण विश्वकर्मा जी आयु 51 वर्ष जाति सुतार निवासी व कृषक ग्राम चापलाखेडी तहसील व जिला देवास कि अपने स्वामित्व आधिपत्य की कृषि भूमि ग्राम चापलाखेडी तहसील व जिला देवास में भूमि सर्वे नम्बर 153 रकबा 1.75 हेक्टेयर में से पैकी रकबा 1.25 हेक्टेयर भुमि कुल सर्वे नम्बर 01 कुल रकबा 1.25 हेक्टेयर भूमि स्थित है, इस भूमि को मय मौजूदा हक्क अधिकार, सुखाधिकार सहित विक्रय करने का करार भूमि स्वामी ने मेरे पक्षकार से करके एवं विक्रय मूल्य पेटे बयाना राशि मेरे पक्षकार से प्राप्त कर बिक्री अनुबंध पत्र मेरे पक्षकार के हित में संपादित कर दिया है, निकट भविष्य में उपरोक्त वर्णित भूमि का विक्रय पत्र मेरे पक्षकार अपने हित में संपादित करवाने जा रहे है, उपरोक्त वर्णित कृषि भूमि के हक्क, आधिपत्य, हिस्से, भरण पोषण के अधिकार या स्वत्व के संबंध में किसी प्रकार का दावा झगड़ा हो अथवा किसी प्रकार का ऋण भार, बोझ किसी व्यक्ति विशेष, वित्तीय संस्था, शासकीय, अर्द्धशासकीय बैंक अथवा शासन का उक्त वर्णित कृषि भूमि पर बकाया हो तो इस जाहीर सुचना के प्रकाशन दिनांक से 7 दिवस की अवधि में मेरे कार्यालय में कार्यालयीन समय पर उपस्थित होकर मय प्रमाण के अपनी आपत्ति दर्ज करावें, दी गई म्याद के उपरांत मेरे पक्षकार उपरोक्त भूमि का विक्रय पत्र अपने हित मे संपादित करवायेगे, म्याद उपरांत किसी की कोई आपत्ति या दावा झगड़ा मेरे पक्षकार पर बंधनकारक नही होगा। यह सूचित हो । दिनांक-06-10-2026

रवि प्रजापति अभिभाषक
तराना कार्यालय समय सुबह 10 बजे से

कार्यालय उज्जैन विकास प्राधिकरण उज्जैन

विशाल भवन भारतपुरी प्रशासनिक क्षेत्र देवास रोड उज्जैन का 456010 संपर्क 0734 2511048 फेक्स 0734-2511047

// जाहिर सूचना//

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि प्राधिकरण की क्षीरसागर आवासीय योजना में भवन/भूखण्ड कंमाक 20 डॉ. वल्लभदास जी मेहता पिता श्री शिननारायण जी मेहता के नाम पर दर्ज है। डॉ. वल्लभदास जी मेहता की मृत्यु दिनांक 22.07.2013 को एवं इनकी धर्मपत्नी श्रीमती सुमित्रा मेहता की मृत्यु दिनांक 31.12.2024 को हो जाने के कारण उक्त सम्पत्ति पर मृतक के वारिसानों सानों पुत्रो एव पुत्रियों (1) श्रीमती हसा दवे पत्ति श्री कुमार दवे पिता स्व. डॉ. वल्लभदास जी मेहता निवासी 7526, S. Forest Park Drive, Indianpolis, USA एव (2) श्री संजय शंकर मेहता पिता स्व. डॉ. वल्लभदास जी मेहता निवासी 1110, Grouse Drive, Pittsburg, USA के द्वारा अपने भाई श्री अजय शकर मेहता को उक्त सम्पत्ति पर हकत्याग करने हेतु रजिस्टेड मु.आम क्र एनसी 0761902 दिनाक 24.03.2026 को नियुक्त किया गया है। श्री अंजय शंकर मेहता पिता स्व. डॉ. वल्लभदास जी मेहता निवासी 75, रिवेरा टाउन, माता मंदिर न्यू मार्केट हुजुर भोपाल स्वय मुआम के आधार पर एवं श्रीमती निर्मला दवे पति श्री जयकुमार दवे पिता स्व. डॉ. वल्लभदास जी मेहता निवासी 46, श्रीकृष्ण हाउसिंग सोसॉयटी चुना मट्टी कोलारा रोड भोपाल के द्वारा अपने भाई श्री विजय शंकर मेहता पिता स्व. डॉ. वल्लभदास जी मेहता निवासी हनुमंत धाम, 28, महेश विहार महामृत्युजंय द्वार के पास उज्जैन (म.प्र.) के नाम पर उक्त सम्पत्ति पर रजिस्टड हकल्याग क्र. एमपी 18842026/101035230 दिनाक 25.08.2026 को जिला पंजीयक कार्यालय में संपादित किया गया है। उक्त सम्पत्ति पर आवेदक के द्वारा आवेदन पत्र के साथ क्षतिपुर्ति लेख, शपथ-पत्र, रजिस्टेंड हकत्याग पत्र मृत्यु प्रमाण आदि प्रस्तुत कर उपरोक्त सम्पत्ति स्वंय नाम पर किये जाने हेतु निवेदन किया गया है। अत आवंटी द्वारा यदि अन्य किसी भी व्यक्ति / बैंक / वित्तीय संस्था आदि को उक्त सम्पत्ति रहन/मार्टगेज रखी गई हो या सौदा किया गया हो अथवा उक्त संपत्ति हेतु किसी व्यक्ति के नाम पर वसीयत सम्पादित की गई हो, या मृतक के वारीसों के नाम पर नागातरण किये जाने में किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन की तिथि से (15 दिवस) में मय ठोस प्रमाण (प्रमाणित दस्तावेज) के लिखित रूप में सम्पदा शाखा में नियत अवधि के पूर्व प्रस्तुत कर आपत्ति की पावती प्राप्त करें, अन्यथा निर्धारित समयावधि पश्चात प्राधिकरण के द्वारा उक्तानुसार नामांतरण अनुमति दी जाकर शेष कार्यवाही की जावेगी। नियत समयावधि के पश्चात कोई भी आपत्ति आदि स्वीकार नहीं की जावेगी।

सहायक सम्पदा अधिकारी
उज्जैन विकास प्राधिकरण उज्जैन

In The Court Of IX Civil Judge Class - I, District Court, Ujjain

Presiding Officer: **श्रीमती प्रियंका मालपानी राठी**

आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम
सक्सेशन प्रकरण क्रमांक (MIC SUC/0000002/2021)
श्रीमती सरोज सिंह..........आवेदक
विरूद्ध
सर्वसाधारण...........अनावेदक

Process Id-/2026
पेशी दिनांक 07/10/2026

प्रेषिती- (1) सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका क्रं. 1 श्रीमती दिव्या ठाकुर पत्नी स्व. श्री हर्ष सिंह, आयु-35 वर्ष, व्यवसाय-बैंक नौकरी एवं आवेदिका क्र.2 श्रीमती सरोज सिंह विधवा स्वर्गीय श्री ध्रुवजी सिंह, आयु-65 वर्ष, व्यवसाय-गृहकार्य, निवासीगण बी-72 पार्श्वनाथ सिटी, नागझिरी देवास रोड उज्जैन म प्र के अधीन आवेदिका क्र.1 के पति तथा आवेदिका क्रं. 2 के पुत्र हर्षसिंह आत्मज ध्रुवजी सिंह थे। उपरोक्त श्री हर्षसिंह का आकस्मिक निधन दिनांक 03-06-2019 को उज्जैन में हो चुका है। आवेदिका क्रं. 1 श्रीमती दिव्या ठाकुर पत्नि स्व. श्री हर्ष सिंह एवं मृतक श्री हर्ष सिंह के वैवाहिक संबंधों से कोई संतान नहीं है। श्री हर्ष सिंह के स्वर्गवास के पश्चात आवेदिका क्रं. 1 उनकी विधवा पत्नी होने के कारण तथा आवेदिका क्र.2 उनकी माता होने के कारण हिन्दू उत्तराधिकार अधिनियम की धारा 8 अनुसूची क्र. 1 के अनुसार उक्त मृतक हर्षसिंह के उत्तराधिकारी है तथा उनकी समस्त जमा राशियों के संबंध में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र प्राप्त करने के अधिकारी है। मृतक हर्षसिंह आत्मज ध्रुवजी सिंह अनावेदक क्रं.2 रेलीगेयर हेल्थ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड कंपनी में एजेन्सी मैनेजर के पद पर स्थाई रूप से अधिकारी के पद पर मृत्यु के समय तक उज्जैन कार्यालय में कार्यरत थे तथा मृतक हर्षसिंह ने अपने जीवनकाल में अपनी किसी भी चल अथवा अचल संपत्ति या जमा राशि या निवेश के संबंध में कोई भी वसीयत अथवा उत्तराधिकार लेख का संपादन नहीं किया है। मृतक स्व. हर्षसिंह के नियोक्ता अनावेदक क्रं.2 रेलीगेयर हेल्थ इंश्योरेंस कंपनी ने ग्रुप इंश्योरेंस के अंतर्गत उनके जीवन का राशि रुपये 600000/- का बीमा अनावेदक क्रं.3 एओन लाईफ इंश्योरेंशन कंपनी लिमिटेड में करवाया था एव कर्मचारी भविष्य निधि की राशि रुपये 55490/- को प्राप्त करने व उन पर समस्त देय अंतरिम लाभो को प्राप्त करने की अधिकारी आवेदिका क्रं. 1 व 2 उत्तराधिकारी के रुप में है। आवेदिका क्रं. 2 वृद्ध व अस्वस्थ्य महिला है इसलिए आवेदिका क्रं. 1 को उपरोक्त जमा राशि के संबंध में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु आवेदिका क्रं. 2 की पूर्ण सहमति व अनुमति है तथा आवेदिका क्रं. 1 को नामित अथवा नामिनेट करती है। आवेदिकागण पता ने मृतक हर्षसिंह आत्मज ध्रुवजी सिंह निवासी-बी-72 पार्श्वनाथ सिटी, नागझिरी देवास रोड उज्जैन म प्र की उपरोक्त बीमा राशि एवं कर्मचारी भविष्य निधि की राशि रुपये 55490/- हेतु उत्तराधिकारी प्रमाण पत्र अथवा अभिभावक संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 07 अक्टूबर 2026 को नियत है। यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक संरक्षक होने सम्बन्धी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 07 अक्टूबर 2026 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें। सूचना उपरांत, यदि स्थत रहे तो प्रकरण की सुनवायी एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा। तारीख 29 अगस्त 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

न्यायालय की मुद्रा **न्यायाधीश**
प्रियंका मालपानी राठी
नवम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड उज्जैन मप्र

जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है. कि नगर-निगम के पुराने रिकॉर्ड के अनुसार मकान एवं वर्तमान में भू-खण्ड क्रमांक 09. मनाना मार्ग गली क्रं. 1 उज्जैन कुल क्षेत्रफल लगभग 1000 वर्गमीटर जो कि श्री गोपाल दास, आनंद कुमार, हरिवंश शरण पुत्रगण- चौखरमल, अंकुश कुमार S/O अशोक कुमार गुप्ता के नाम से दर्ज है को खरीदने का सौदा किया गया है। यदि उक्त भू-खण्ड पर किसी व्यक्ति, बैंक या संस्था का कोई लेन -देन, बंधक, हक हिस्सा हो तो इस सूचना प्रकाशन से 7 दिन के अंदर निम्न मो. नं. पर सूचित करे) अवधि के बाद कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। 6-10-2026

मो.8989221034, 9425915254

पश्चिम रेलवे द्वारा साप्ताहिक विशेष ट्रेन का संचालन प्रतापनगर ⇌ कोलकाता के बीच

गाड़ी संख्या	प्रस्थान एवं गंतव्य स्टेशन	संचालन की तिथियाँ	प्रस्थान	आगमन
03110	प्रतापनगर – कोलकाता	15.10.2026 से 26.11.2026	16:15 बजे (गुरुवार)	12:05 बजे (शनिवार)
03109	कोलकाता – प्रतापनगर	13.10.2026 से 24.11.2026	08:00 बजे (मंगलवार)	23:40 बजे (अगले दिन)

ठहरावः दोनों दिशाओं में वडोदरा, गोधरा, रतलाम, रामगंज मंडी, कोटा, सवाई माधोपुर, गंगापुर सिटी, ईदगाह आगरा, टूंडला, गोविन्दपुरी, प्रयागराज, पं. दीन दयाल उपाध्याय, भभुआ रोड, सासाराम, डेहरी ऑन सोन, अनुग्रह नारायण रोड, गया, तिलैया, नवादा, शेखपुरा, किउल, झाझा, जसीडीह, मधुपुर, चित्तरंजन, आसनसोल, दुर्गापुर और बर्द्धमान स्टेशन।

संरचनाः एसी 3-टियर, स्लीपर क्लास और सामान्य द्वितीय श्रेणी के कोच।

ठहराव, ठहराव के समय और संरचना के बारे में विस्तृत जानकारी के लिए यात्री कृपया https://enquiry.indianrail.gov.in पर जाएं।

गाड़ी संख्या 03110 की बुकिंग दिनांक 08.10.2026 से सभी PRS काउंटरों और IRCTC वेबसाइट पर उपलब्ध है। उपरोक्त ट्रेन विशेष किराये पर विशेष ट्रेन के रूप में चलेगी।

पश्चिम रेलवे
wr.indianrailways.gov.in
Like us & Follow us on:
facebook.com/WesternRly
X.com/WesternRly
Instagram.com/WesternRly
https://www.youtube.com/@WesternRly
https://bit.ly/WesternRailwayOfficial

कृपया सभी आरक्षित टिकटों के लिए मूल पहचान पत्र साथ रखें

न्यूज-कॉलम

राहुल गांधी के छात्रों की गूंज से घबराई भाजपा -श्री शर्मा



पिपलिया मंडी। नेता विपक्ष राहुल गांधी के छात्रों की गूंज कार्यक्रम में जिस तरह इंदौर में उमड़ा छात्रों एवं युवाओं का सैलाब उससे कही न कही भाजपा एवं मुख्यमंत्री डॉ,मोहन यादव काफी घबराए हुवे लगते है तभी आनन फानन में उन्हें युवाओं की याद आई और अब युवाओं को गुमराह करने के उद्देश्य से "सीएम यूथ कॉन्क्लेव "लेकर आये है। उक्त आरोप जिला कांग्रेस के महासचिव अनिल शर्मा, कांग्रेस नेता बाबुखा मेवाती ने लगाते हुवे कहा है कि आज प्रदेश में बेरोजगारी अपनी चरम पर है,प्रदेश में अराजकता का माहौल है माफिया राज है बेरोजगार युवा बेरोजगारी के चलते मादक पदार्थो की तस्करी में लगा हुवा है और कई जीवन बर्बाद कर रहा है युवाओं के रोजगार के लिए सरकार के पास कोई ठोस नीति नही है यह तो सिर्फ पूंजीपतियों को ही फायदा पहुंचाने वाली योजनाओं का ही क्रियान्वयन कर अपने कर्तव्यों की इतिश्री कर रही है।

कुएं से मोटर चुराने वाला आरोपी गिरफ्तार

मंदसौर। पिपलियामंडी थाना पुलिस ने मोटर चोरी के आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की गई 10 हजार रु. मूल्य की पानी की पनडुब्बी मोटर बरामद की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, फरियादी गोविंद पिता बंशीलाल पोरवाल निवासी पिपलिया मंडी ने 2 अक्टूबर को अपने कुएं से पनडुब्बी मोटर चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मामला दर्ज कर विवेचना में जुटी पुलिस टीम ने मुखबिर तंत्र और सीसीटीवी फुटेज खंगालते हुए चावली रोड के पास से आरोपी राहुल पिता बाबूलाल बावरी (निवासी काचरिया चंद्रावत) को हिरासत में लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपने साथी कचरा पिता परमेश्वर बावरी के साथ मिलकर चोरी की वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया जिसकी पुलिस तलाश कर रही है।

राज्य स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता, चार खिलाड़ियों का चयन

मंदसौर। विदिशा में आयोजित हो रही 70वीं राज्य स्तरीय शालेय वॉलीबॉल प्रतियोगिता के लिए मंदसौर जिला वॉलीबॉल एसोसिएशन के चार प्रतिभावान खिलाड़ियों का चयन हुआ है। एसोसिएशन के सचिव त्रिभुवन कविश्वर एवं कोच अभिषेक सेठिया ने बताया कि उज्जैन संभाग की बालिका टीम में माही राठौर व आरुषि बैरागी तथा बालक टीम में युवराज सिंह व मोहित राजपूत का चयन हुआ है। ये सभी खिलाड़ी राज्य स्तर पर उज्जैन संभाग का प्रतिनिधित्व करेंगे। खिलाड़ियों के चयन पर वॉलीबॉल एसोसिएशन के संरक्षक अनिल कियावत, अध्यक्ष नरेंद्र सिंह चौहान, जिला क्रीड़ा अधिकारी घीसालाल जोगचंद, खेल अधिकारी ओ.पी. हारोड आदि ने शुभकामनाएं दी है।

बुलेट बाइक की ट्रैक्टर-ट्रॉली से टक्कर मे दो युवक गंभीर घायल

नीमच। शहर के बाहरी बाईपास स्थित भरभड़िया फंटा पर सोमवार को फिर एक सडक हादसा हो गया। सिटी पोलैंड निर्माण के कारण काफी ट्रैफिक इस मार्ग पर दिवेर टी हो चुका है जिसके चलते दुर्घटनाओं की संख्या लगातार बढ़ रही है द्य सोमवार करीब 12.30 बजे बुलेट मोटर साइकिल एमपी 44 जेडजी-6242 एक ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकरा गई। इस दुर्घटना में युवराज पिता भेरुलाल (18) और युवराज पिता लक्ष्मीलाल (18) निवासी जावद गंभीर घायल हो गए। इनमें एक युवक के सिर में गहरी चोट आई है। स्थानीय लोगों ने दोनों को नीमच जिला चिकित्सालय पहुंचाया द्य जहां हेलो का उपचार जारी है पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामला जांच में लिया है ।

भाजपा नेता व किराना व्यवसायी ने की खुदकुशी

रतलाम,। जिले के कालूखेड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम मावता में मंगलवार को एक दुखद घटना सामने आई। स्थानीय किराना व्यापारी और भाजपा नेता कपिल जायसवाल (44) ने अज्ञात कारणों के चलते आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

कॉलेज ग्राउंड में 20 अक्टूबर को मनेगा भव्य दशहरा उत्सव, 71 फीट ऊंचे रावण का होगा दहन

पुरुषों के लिए होगा चनटियां गरबोत्सव

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मंदसौर



आगामी विजया दशमी पर्व 20 अक्टूबर को स्थानीय कॉलेज ग्राउंड में दशहरा उत्सव का आयोजन किया जाएगा। तैयारियों के संबंध में दशपुर सांस्कृतिक उत्सव समिति की एक वृहद बैठक प्रेम गार्डन के सभागार में आयोजित की गई।

बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक एवं समिति के संरक्षक यशपाल सिंह सिसोदिया ने कहा कि कॉलेज ग्राउंड पर आयोजित होने वाले इस उत्सव ने विगत 25 वर्षों में क्षेत्रीय स्तर पर एक विशिष्ट पहचान बनाई है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष के आयोजन में नशामुक्त भारत का संदेश भी दिया जाएगा। साथ ही, उन्होंने समिति को वर्षभर सामाजिक एवं रचनात्मक गतिविधियां, जैसे निर्धन वर्ग के लिए सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित करने का सुझाव दिया।

समिति के संयोजक ब्रजेश जोशी ने बताया कि 80 के दशक तक मंदसौर में रावण का पुतला नहीं जलाया जाता था, क्योंकि उसे मंदसौर का दामाद माना जाता था। हालांकि, विद्वानों व इतिहासकारों द्वारा इसे केवल किंवदंती मानने के बाद 1984 से जीवागंज से पुतला दहन की परंपरा शुरू हुई, जो बाद में कॉलेज मैदान पहुंची। संरक्षक नरेंद्र अग्रवाल ने आयोजन की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए बताया कि इस वर्ष 71 फीट ऊंचे रावण तथा 41-41 फीट ऊंचे मेघनाथ व कुंभकरण के पुतलों का दहन किया जाएगा। साथ ही, भव्य आतिशबाजी मुख्य आकर्षण रहेगी। समिति अध्यक्ष डॉ. भानु प्रताप सिंह सिसोदिया ने जानकारी दी कि इस बार नवरात्रि के दौरान नगर के पुरुषों के लिए रतलाम की तर्ज पर 9 दिवसीय च्चनटियां गरबोत्सव का आयोजन भी किया जाएगा। बैठक का संचालन प्रदीप भाटी ने किया व आभार चेतन जोशी ने माना। बैठक में नगर के अनेक गणमान्य नागरिक व सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कृषि उपज मंडी चंगेरा में बलराम कृषि महोत्सव

विभिन्न विभागों ने लगाई कृषि एवं जन कल्याणकारी योजनाओं पर आधारित प्रदर्शनी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नीमच

बलराम कृषि महोत्सव के अवसर पर कृषि उपज मंडी चंगेरा में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में किसानों को शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं, आधुनिक कृषि तकनीकों, कृषि यंत्रों तथा कृषि एवं संबद्ध गतिविधियों की जानकारी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विभिन्न विभागों द्वारा प्रदर्शनी लगाई गई।

प्रदर्शनी में कृषि अभि यांत्रिकी संचालनालय, किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग, पशुपालन एवं मत्स्य विभाग, जिला सहकारी बैंक, कृषि विपणन, उद्यानिकी तथा महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा विभिन्न स्टॉल लगाए गए। स्टॉलों के माध्यम से किसानों को उन्नत कृषि तकनीकों, आधुनिक कृषि यंत्रों के उपयोग, कृषि एवं संबद्ध क्षेत्रों में उपलब्ध सुविधाओं तथा शासन की विभिन्न हितग्राहीमूलक योजनाओं की जानकारी दी गई।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मध्यप्रदेश राज्य सहकारी बैंक (अपेक्स बैंक) के प्रशासक श्री महेंद्र सिंह यादव एवं प्रदेश किसान मोर्चा अध्यक्ष श्री जयपाल सिंह चावड़ा सहित जनप्रतिनिधियों ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया। उन्होंने विभिन्न विभागों के स्टॉलों पर पहुंचकर किसानों के लिए संचालित योजनाओं, कृषि तकनीकों एवं उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली।

इस अवसर पर जावद विधायक ओमप्रकाश सखलेचा, नीमच विधायक दिलीप सिंह परिहार, मनासा विधायक अनिरुद्ध माधव मारू,कप्तान सिंह, कपिल यादव, श्रीमती वंदना खंडेलवाल, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती स्वाति चोपड़ा सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

प्रदर्शनी के माध्यम से किसानों को आधुनिक एवं उन्नत कृषि पद्धतियों, कृषि यंत्रों, कृषि विविधीकरण, कृषि से जुड़ी संबद्ध गतिविधियों तथा शासन की विभिन्न योजनाओं और सुविधाओं की जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को नई तकनीकों एवं उपलब्ध संसाधनों से जोड़कर कृषि क्षेत्र को और अधिक सशक्त एवं समृद्ध बनाने के लिए प्रेरित करना रहा।



मतदाता जागरूकता अभियान के तहत कार्यशाला आयोजित

पिपलियामंडी। पंडित अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय महाविद्यालय, पिपलियामंडी, जिला मंदसौर में 6 अक्टूबर 2026 को मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों को मतदाता पंजीयन, निर्वाचन नामावली में नाम दर्ज कराने की प्रक्रिया तथा लोकतांत्रिक व्यवस्था में मतदाताओं की भूमिका के प्रति जागरूक करना रहा। कार्यशाला में 1 जनवरी 2027 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले पात्र विद्यार्थियों को निर्वाचन नामावली में नाम जुड़वाने की प्रक्रिया के संबंध में विस्तार से जानकारी एवं मार्गदर्शन प्रदान किया गया। साथ ही 18 से 19 वर्ष आयु वर्ग के ऐसे विद्यार्थी, जिनका नाम अभी तक मतदाता सूची में दर्ज नहीं है, उन्हें अपना नाम जुड़वाने के लिए आवश्यक प्रक्रिया समझाई गई तथा फॉर्म-6 के माध्यम से आवेदन करने की जानकारी दी गई। विद्यार्थियों को बताया गया कि निर्वाचन नामावली में नाम का पंजीयन लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भागीदारी की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। पात्र नागरिकों को अपने नाम की प्रविष्टि की जानकारी रखने के साथ-साथ नाम, पता अथवा अन्य आवश्यक विवरण में किसी प्रकार की त्रुटि होने पर संशोधन कराने के लिए भी जागरूक किया

शातिर वाहन चोर गिरफ्तार, चोरी की 4 टीवीएस एक्सल मोटरसाइकिलें बरामद

दैनिक अवन्तिका ▸▸ रतलाम,

शहर के सरकारी अस्पताल और सब्जी मंडी क्षेत्र में लगातार हो रही वाहन चोरी की वारदातों पर स्टेशन रोड थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक शातिर चोर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की कुल 4 टीवीएस एक्सल मोटर साइकिलें बरामद की हैं। जानकारी के अनुसार, पत्रकार कॉलोनी निवासी फरियादी मुकेश कुमार शर्मा ने 30 सितंबर को अपनी टीवीएस एक्सल शासकीय अस्पताल के बाहर खड़ी की थी। वापस लौटने पर गाड़ी गायब मिली। फरियादी की शिकायत पर स्टेशन रोड थाने में भारतीय न्याय संहिता की धारा 303 (2) के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू की गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अमित कुमार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) राकेश पन्द्रो, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) विवेक कुमार लाल और नगर पुलिस अधीक्षक सत्येन्द्र घनघोरिया के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक मुनेन्द्र गौतम के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। मुखबर की सूचना के आधार पर पुलिस ने दुलेसिंह पिता शोभाराम भाटी को हिरासत में लिया। कड़ाई से पूछताछ करने पर आरोपी ने जिला अस्पताल के बाहर और सब्जी मंडी क्षेत्र से वाहन चोरी करने की बात कबूल की।

राज्य स्तरीय शालेय हॉकी प्रतियोगिता का शुभारंभ, पहले दिन उज्जैन व जबलपुर संभाग रहे विजेता

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मंदसौर

नगर में 70वीं राज्य स्तरीय शालेय हॉकी प्रतियोगिता (बालक 14 वर्ष)का शुभारंभ मंगलवार को हुआ। एमआईटी चौराहा स्थित टर्फ मैदान एम.आई.टी. चौराहा पर प्रतियोगिता के शुरूआती मुकाबलों में उज्जैन संभाग ने रीवा को 13-0 से पराजित किया, जबकि जबलपुर संभाग ने इंदौर को 1-0 से हराया। इस दौरान मार्च पास्ट भी निकाला गया। उत्कृष्ट स्कूल खेल मैदान पर प्रतियोगिता के शुभारंभ कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद सुधीर गुप्ता ने कहा कि खेलों से जुड़े युवाओं के दम पर देश निरंतर सशक्त हो रहा है। केंद्र सरकार की च्खेलो इंडियाज जैसी योजनाओं से ग्रामीण व शहरी खेल प्रतिभाओं को विश्वस्तरीय



मंच मिल रहा है। जिला पंचायत अध्यक्ष दुर्गा पाटीदार ने हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के संघर्षों और राष्ट्रप्रेम को याद करते हुए खिलाड़ियों को निष्ठा के साथ खेलने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में , पूर्व विधायक यशपाल सिंह सिसौदिया, देवीलाल धाकड़, जिला पंचायत उपाध्यक्ष मनुप्रिया यादव आदि भी मंचासीन थे।

छात्राओं द्वारा चक दे इंडिया गीत पर प्रस्तुत सांस्कृतिक प्रस्तुति ने समां बांध दिया। नेशनल खिलाड़ी राम पाटीदार ने सभी संभागों से आए खिलाड़ियों को खेल भावना की शपथ दिलाई। सभी अतिथियों का स्वागत जिला क्रीड़ा अधिकारी घासीलाल जोगचंद ने प्रतीक चिन्ह भेंट कर किया। रूपरेखा उत्कृष्ट स्कूल प्राचार्य एवं प्रतियोगिता के संयोजक के.सी. सोलंकी ने प्रस्तुत की। संचालन प्राचार्य अशोक कुमार रत्नावत ने किया व डीईओ पंकज जाट ने आभार माना।

कंटेनर के केबिन में रखा 40 किलो डोडाचूरा और एक किलो अफीम जब्त , दो आरोपी गिरफ्तार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नीमच

जिले के जावद थाना क्षेत्र की नयागांव चौकी पुलिस ने नीमच निम्बाहेड़ा फोरलेन पर टोल प्लाजा के पास नाकाबंदी के दौरान मादक पदार्थों की तस्करी के मामले में कंटेनर से 40 किलो पिसा हुआ डोडाचूरा और 1 किलो अफीम बरामद की है। पुलिस ने कंटेनर सवार जम्मू-कश्मीर के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया पुलिस के अनुसार 3 अक्टूबर की रात नीमच की ओर से आ रहे संदिग्ध कंटेनर क्रमांक 02 डीएच 3995 को टोल के पास रोककर तलाशी ली गई। जांच के दौरान ड्राइवर सीट के पीछे बनाए गए गुप्त केबिन में मादक पदार्थ छिपाकर रखा मिला। पुलिस ने केबिन से 40 किलो डोडाचूरा और 1 किलो अफीम जब्त की। मामले में प्रभात पिता रसाल सिंह वर्ष, निवासी उधमपुर, जम्मू-कश्मीर और सुमित ओमकारसिंह 23 वर्ष निवासी कठुआ, जम्मू-कश्मीर को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने तस्करी में कंटेनर और दो मोबाइल भी जब्त किए हैं। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया।

जनसुनवाई में 88 आवेदको की समस्या का कलेक्टर ने निराकरण के दिए निर्देश

नीमच। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर हिमांशु चंद्रा ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए 88 आवेदकों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को प्रत्येक आवेदन का नियमानुसार परीक्षण कर प्राथमिकता एवं निर्धारित समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान आवेदक श्रीमती सम्पबाई के पुत्र दीपक के हाथ के उपचार के लिए आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। आवेदक रविन्द्र के आवेदन पर संबंधित तहसीलदार को रास्ता खुलवाने की कार्रवाई करने तथा सूरज सुराहा को रेडक्रॉस के माध्यम से आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में जिला पंचायत सीईओ अमन वैष्णव, एसडीएम पराग जैन, डिप्टी कलेक्टर चंद्रसिंह धार्वे, सुश्री श्रुति भायडिया सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

न्यूज कालम



राष्ट्रीय सम्मेलन में राजेन्द्र जैन नव युवक परिषद को मिला तीसरा स्थान

मंदसौर। अखिल भारतीय श्री राजेंद्र जैन नवयुवक परिषद परिवार के इंदौर में आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन में मंदसौर शाखा ने बड़ी उपलब्धि हासिल की है। गच्छाधिपति आचार्य देवेश श्रीमद विजय नित्यसेनसुरिश्वरजी महाराज की निश्रा एवं मध्य प्रदेश शासन के वरिष्ठ एमएसएमई मंत्री चेतन काश्यप की अध्यक्षता में आयोजित इस सम्मेलन में मंदसौर शाखा को राष्ट्रीय स्तर पर तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर त्रिस्तुतिक श्रीसंघ के राष्ट्रीय महामंत्री सुरेंद्र लोढ़ा, नवयुवक परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री सुधीर लोढ़ा सहित मंदसौर शाखा के अध्यक्ष अजय कुमार फांफरिया, महामंत्री कमलेश सालेचा, कोषाध्यक्ष विपिन चपरोत, सहकोषाध्यक्ष जयेश डांगी सहित परिषद के पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे।

संतरे के बगीचे के बीच से गांजे के 107 हरे पौधे जप्त, आरोपी पकड़ाया



मन्दसौर। जिले के गरोठ थाना क्षेत्र में पुलिस टीम द्वारा अवैध मादक पदार्थ गांजे के 107 हरे पौधे जप्त कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। जप्त पौधों की कीमत 1 लाख रू. बताई है। प्राप्त जानकारी अनुसार मुखबिर की सूचना प्राप्त हुई की कारूलाल (30) पिता राधेश्याम निवासी ग्राम साठखेड़ा अपने पंडेरिया रोड वाला खेत में संतरे के बगीचे के बीच में अवैध मादक पदार्थ गांजे की खेती कर रहा है। पुलिस कार्यवाही करते हुए खेत से अवैध मादक पदार्थ गांजे के 107 हरे पौधें किमती 30 हजार रू. व एनड्राईड मोबाईल फोन को जप्त कर आरोपी कारूलाल को गिरफ्तार किया गया । वापसी पर थाना गरोठ पर आरोपी के विरूद्ध धारा 8.20(ए) एनडीपीएस एक्ट का पंजीबद्ध किया गया।

वंचित किसानों को सहकारी बैंक से मिलेंगे क्रेडिट कार्ड, दुग्ध उत्पादन बढ़ाने पर जोर

अपेक्स बैंक प्रशासक महेंद्र सिंह यादव ने ली समीक्षा बैठक



मंदसौर। म.प्र. राज्य सहकारी बैंक (अपेक्स बैंक) भोपाल के प्रशासक महेंद्र सिंह यादव ने जिला सहकारी बैंक मंदसौर में शाखा प्रबंधकों की समीक्षा बैठक में निर्देश दिए गए कि बैंक कार्यक्षेत्र के ऐसे सभी किसान जो अब तक किसान क्रेडिट कार्ड से वंचित हैं, उन्हें तत्काल क्रेडिट कार्ड जारी कर सहकारिता के दायरे में लाया जाए। उन्होंने अधिकारियों को क्षेत्र में दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने नई दुग्ध सहकारी संस्थाओं के गठन और डेयरी व पशुपालन से जुड़े प्रकरणों में त्वरित ऋण स्वीकृत करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान 2 हितग्राहियों को पशुपालन हेतु 2.80 लाख रु. और 3 हितग्राहियों को वायर फेंसिंग हेतु 4.80 लाख रु. के चेक वितरित किए गए। साथ ही आईबीपीएस के माध्यम से चयनित 11 बैंकिंग सहायकों को नियुक्ति पत्र भी सौंपे गए। कार्यक्रम में जिला भाजपा अध्यक्ष राजेश दीक्षित, उप आयुक्त सहकारिता राजू डाबर, बैंक के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील कच्छारा सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

कुं .रणजीतसिंह ने क्षेत्र के अस्वस्थ स्नेहीजनों की कुशल क्षेम पूछी

पिपलिया मंडी। मल्हारगढ़ विधानसभा क्षेत्र एवं मंदसौर विधानसभा क्षेत्र के गांव कटलार निवासी प्रेम सिंह सिसोदिया गांव नेनोरा निवासी वरिष्ठ पत्रकार एवं समाज के गौरव बाबूलाल नागर एवं शिक्षाविद,वरिष्ठ शिक्षक समाज के गौरव वीरेंद्र सिंह शक्तावत, गाँव बांसखेड़ी निवासी ईश्वर सिंह बोराना की धर्मपत्नी एवं लक्ष्मण सिंह सोनगरा आदि के दुर्घटना में घायल एवं बीमारी के पश्चात स्वास्थ्य लाभ लेकर अपने घर वापसी पर उनका कुशलक्षेम पूछने हेतु उनके निज निवास पर उपस्थित हुए एवं ईश्वर उन्हें शीघ्र स्वस्थ करें इस हेतु ईश्वर से प्रार्थना की। इस अवसर पर आपके साथ बड़ी संख्या में स्नेही जन उपस्थित थे।




13 अक्टूबर से 15 अक्टूबर तक होगी अंजनीलाल धाम में प्रतियोगिताएं

ब्यावरा। श्रीअंजनीलाल मंदिर ट्रस्ट द्वारा नवरात्रि महोत्सव पर प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी बच्चो में छुपी प्रतिभा को निखारने के लिये विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है. इसके लिये मंदिर ट्रस्ट परिवार ने तिथि तय कर ली है. मंदिर ट्रस्ट के अनुसार नवरात्रि महोत्सव के दौरान 13 अक्टूबर से 15 अक्टूबर तक तीन प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। पहली प्रतियोगिता 13 अक्टूबर को भारतीय संस्कृति ज्ञान प्रतियोगिता परीक्षा के रूप में होगी. इसका समय प्रातः 10.30 बजे रहेगा। इसी प्रकार अन्य प्रतियोगिताएँ भी आयोजित होगी।

अमोलकचंद जैन का निधन

सुसनेर। नगर के प्रसिद्ध गल्ला व्यापारी राजमल जैन खूपवाला के काकाजी दिगंबर जैन समाजजन



अमोलकचंद जैन काका का निधन गत दिनों हो गया। निधन के पश्चात उनकी शवयात्रा मऊडी दरवाजा स्थित उनके निवास से निकाली जो नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुवें मुक्तिधाम पर पहुंची। बाद में उनके पूत्र कैलाश जैन एवं रवि जैन के द्वारा अपने पिता को मुखाग्नि दी गई। शवयात्रा में बडी संख्या में गणमान्य नागरिक एवं समाजजन शामिल हुवें।

श्रीमती जैन का निधन

सुसनेर। दिगंबर जैन ज्ञान मंदिर



स्कूल के प्राचार्य दिनेश जैन की पत्नि श्रीमति मीना जैन का गत दिनों अचानक निधन हो गया। निधन के पश्चात उनकी शवयात्रा खटला गली स्थित उनके निवास से निकाली जो नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुवें मुक्तिधाम पर पहुंची। बाद में उनके पूत्र प्रांजल जैन के द्वारा अपने पिता को मुखाग्नि दी गई। शवयात्रा में गणमान्य नागरिक एवं समाजजन शामिल हुवें।

व्यावसायिक गरबा आयोजनों पर रोक की मांग

सुसनेर। नवरात्रि पर्व के दौरान राशि लेकर आयोजित किए जाने वाले व्यावसायिक गरबा आयोजनों को लेकर विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल ने प्रशासन के समक्ष आपत्ति दर्ज कराते हुए ऐसे आयोजनों पर रोक लगाने की मांग की है। सोमवार को संगठन के कार्यकर्ताओं ने रेस्ट हाउस से बाइक रैली निकाली। रैली डग रोड स्थित एसडीएम कार्यालय पहुंची, जहां कार्यकताओं ने प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर नवरात्रि के दौरान होने वाले गरबा आयोजनों की अनुमति, निगरानी और व्यवस्थाओं को लेकर विभिन्न मांगें रखीं। संगठन का कहना है कि नवरात्रि सनातन धर्म में मां शक्ति की आराधना और उपासना का पवित्र पर्व है। नौ दिनों तक श्रद्धालु मां दुर्गा की पूजा-अर्चना, कलश स्थापना सहित विभिन्न धार्मिक परंपराओं का पालन करते हैं। ऐसे में धार्मिक पर्व के दौरान कुछ स्थानों पर गरबा के नाम पर प्रवेश शुल्क, पास, टिकट या अन्य माध्यमों से राशि लेकर व्यावसायिक आयोजन किए जाने की तैयारी की जाती है। संगठन ने प्रशासन से ऐसे आयोजनों के स्वरूप की जांच कर कार्रवाई की मांग की है।

मांगों को लेकर सड़कों पर उतरने की तैयारी में कोटवार

सारंगपुर। राजस्व प्रशासन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले कोटवारों ने अपनी वर्षों पुरानी और लंबित मांगों को लेकर एक बार फिर सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। मध्यप्रदेश आजाद कोटवार कर्मचारी संघ के आह्वान पर सारंगपुर ब्लॉक अध्यक्ष दीपक भिलाला के नेतृत्व में दर्जनों कोटवारों ने सोमवार को तहसील कार्यालय पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम नायब तहसीलदार रणधीर मीणा को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान संघ ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि समय रहते उनकी जायज मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया, तो प्रदेश स्तर पर उग्र और चरणबद्ध आंदोलन किया जाएगा। ज्ञापन में बताया गया कि मध्य प्रदेश में वर्तमान में लगभग 38 हजार कोटवार ग्रामीण और नगरीय क्षेत्रों में अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

रामचंद्र मांडीवाल के नेत्र व देहदान पर

मुख्यमंत्री के आदेशानुसार गार्ड ऑफ ऑनर से चौक बाजार में दी विदाई

दैनिक अवन्तिका ▸▸ महिदपुर



देहदान-नेत्रदान के प्रति नगर में प्रेरणा की अलख जगी हुई है।उज्जैन जिले में महिदपुर नगर का नाम निरंतर ऊंचाइयों को छू रहा है। रविवार मध्यान्ह नगर के कुमावत समाज के वरिष्ठ समाजसेवी रामचंद्र मांडीवाल ने इस प्रेरणादायी अलख से प्रभावित होकर अपने जीवन काल में ही अपनी देह एवं नेत्र पीड़ित मानवता की सेवा में समर्पित करने का निर्णय कर नेत्रदान प्रेरक जवाहर डोसी पीयूष, जैनेन्द्र खेमसरा, अरुण बुरड की सद् प्रेरणा से संकल्प पत्र भर दिया था।

85 वर्ष की उम्र में उन्होंने आज अपनी देह त्यागी और परिवार ने उनकी अंतिम इच्छा को शिरोधार्य कर पूरा करते हुए लोकेंद्र मांडीवाल ने तीनों मित्रों से संपर्क किया। नगर में नेत्रदान के लिए पूर्व से ही बड़नगर के गीता भवन से समर्पितचिकित्सक डॉ.जी एल ददरवाल को सूचना दी और वह अपनी टीम के पंकज मोरवाल और मोहनलाल राठौर के साथ नेत्रदान के लिए निकल पड़े।

उल्लेखनीय है कि संस्था के माध्यम से उनके द्वारा 1017 वां नेत्रदान संपन्न हुआ।उनके इस उत्कृष्ट दान से दो नेत्रों को ज्योति मिलेगी। उनकी पार्थिव देह आर डी गार्डी चिकित्सालय को सैकड़ों लोगों की उपस्थिति में जवाहर डोसी पीयूष ने भिजवाई।शासन की ओर से स्व.मांडीवाल को स्थानीय चौक बाजार में सम्मान गार्ड ऑफ ऑनर उपस्थित नागरिकों के समक्ष दिया गया। समाज से जैनेंद्र खेमसरा ने नेत्रदानी, देहदानी अमर रहे के नारे से सारे वातावरण को जोश से भर दिया और उनकी पार्थिव देह को पुष्पमालाएं पहनाकर परिवार जनों ने उज्जैन अस्पताल के लिए रवाना किया तो सब की आंखें नम हो गईं। मांडीवाल मरकर भी अमर हो गए। नगर को उन पर सदा गर्व रहेगा। पांच माह पूर्व विगत 10 मई को ही इसी स्थल पर श्रीमती श्रीकांता चौपड़ा का देहदान हुआ था। नगर के इतिहास में एक कड़ी और जुड़ गई। ज्ञातव्य है कि रामचंद्र कुमावत की धर्मपत्नी लीलाबाई मांडीवाल के भी नेत्रदान 3 जनवरी 2019 को हुए थे।मृतक मांडीवाल के पिता श्री भेरुलाल मांडीवाल चिंतामन गणेश के अनन्य भक्त थे।

प्रशासन का रहा पूरा भरपूर सहयोग

जैसे ही उनके स्वर्गवास की खबर मिली तो परिवार जनों ने नेत्र देहदान की व्यवस्था करने के लिए निवेदन किया इस पर पत्रकार डोसी के निवेदन पर प्रशासन के एसडीएम अजय हिंगे, तहसीलदार संतुष्टि पाल,नगर निरीक्षक अशोक पाटीदार,तहसीलदार मनोज शुक्ला और पूरा प्रशासनिक अमला मुस्तदी से अपने इस कार्य में लगा रहा। इस महान परोपकारी कार्य में लगे सभी व्यक्तियों ने नगर वासियों का भी हृदय के अंतरतल से बारंबार धन्यवाद ज्ञापित किया है।



सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत स्वच्छता अभियान का आयोजन

बड़नगर। शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बड़नगर में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में 05 अक्टूबर को सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत स्वच्छता अभियान आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में स्वच्छता, सामाजिक उत्तरदायित्व एवं सामुदायिक सहभागिता की भावना को विकसित करना था। कार्यक्रम में महाविद्यालय प्राचार्य एवं अधिकतर प्राध्यापकों की सहभागिता रही तथा महाविद्यालय के एनएसएस स्वयंसेवकों ने सक्रिय सहभागिता करते हुए महाविद्यालय परिसर एवं निर्धारित स्थलों की साफ-सफाई की। स्वयंसेवकों ने परिसर से कचरा एकत्रित किया, आसपास के क्षेत्र की सफाई की तथा स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण बनाए रखने का संदेश दिया। अभियान के दौरान स्वयंसेवकों ने स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाते हुए यह संदेश दिया कि स्वच्छता केवल व्यक्तिगत जिम्मेदारी नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक नागरिक का सामाजिक दायित्व है। विद्यार्थियों ने नियमित रूप से अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने तथा अन्य लोगों को भी स्वच्छता के लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में एनएसएस स्वयंसेवकों का उत्साह एवं सहभागिता सराहनीय रही।

तिरंगा मित्र मंडल द्वारा गणेश उत्सव समापन समारोह में सेवा कार्यों की सराहना

दैनिक अवन्तिका ▸▸ जीरापुर



नगर की धार्मिक एवं सामाजिक संस्था तिरंगा मित्र मंडल, बुधवारीया बाजार द्वारा पिछले 35 वर्षों से 10 दिवसीय गणेशोत्सव श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। उत्सव के दौरान विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इसी क्रम में शनिवार को अखिल मेड़तवाल वैश्य समाज धर्मशाला में गणेशोत्सव के समापन अवसर पर गौसेवकों के सम्मान एवं सहभोज का आयोजन किया।

कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक हजारीलाल दांगी, भाजपा जिला अध्यक्ष ज्ञान सिंह गुर्जर, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष दिनेश पुरोहित, बलराम टांक, नगर परिषद उपाध्यक्ष हेमंत जोशी, पूर्व मंडल अध्यक्ष विष्णु सिंह पंवार, पार्षद बंकट महेश्वरी एवं नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाह सहित तिरंगा मित्र मंडल के सदस्यों ने सिद्धिविनायक गौशाला के सेवादारों का तिलक लगाकर एवं अंगवस्त्र भेंट कर सम्मान किया।

इस अवसर पर सिद्धिविनायक गौशाला समिति द्वारा किए जा रहे सेवा कार्यों की सराहना की गई। समिति के सदस्य नगर में विचरण करने वाले बेसहारा एवं दुर्घटनाग्रस्त गोवंश को सुरक्षित गौशाला तक पहुंचाने के साथ उनके उपचार, भोजन और पानी की व्यवस्था करते हैं। करीब 30 सदस्य नियमित रूप से गौशाला पहुंचकर साफ-सफाई सहित अन्य व्यवस्थाओं में स्वयं सहयोग करते हैं। दुर्घटनाग्रस्त गोवंश को वाहन से गौशाला लाकर उपचार कराने का कार्य भी समिति द्वारा किया जाता है।

पुलिस द्वारा 65.500 बल्क लीटर शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बडौद

जिले में अवैध शराब के परिवहन एवं बिक्री के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई के लिए पुलिस अधीक्षक दिलीप कुमार सोनी के निर्देशन में लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रविन्द्र कुमार बोयट एवं अनुविभागीय पुलिस अधिकारी आगर नीलम बघेल के मार्गदर्शन में थाना बड़ौद पुलिस ने अवैध शराब के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को बड़ी मात्रा में अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया है।

घटनाक्रम के अनुसार 04 अक्टूबर को चौकी बीजानगरी पुलिस टीम रात्रि गश्त पर रवाना होकर सुसनेर रोड एवं आसपास के क्षेत्र में गश्त कर रही थी। इसी दौरान बस स्टैंड पर पुलिस को विश्वसनीय मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति मोटरसाइकिल पर अवैध शराब लेकर सुसनेर से बड़ौद की ओर आने वाला है। सूचना की तस्दीक एवं कार्रवाई के लिए पुलिस टीम द्वारा बीजानगरी तिराहे पर नाकाबंदी की गई। पुलिस टीम द्वारा बीजानगरी तिराहे पर नाकाबंदी कर निगरानी की जा रही थी। करीब 10 मिनट बाद सुसनेर की ओर से एक मोटरसाइकिल आती दिखाई दी। पुलिस टीम एवं पंचानों की सहायता से मोटरसाइकिल को रोककर चालक से पूछताछ की गई। पूछताछ में चालक ने अपना नाम सज्जन सिंह पिता करण सिंह सौंधिया उम्र 27 वर्ष, निवासी ग्राम गुराड़ी थाना सुसनेर बताया। मोटरसाइकिल की तलाशी लेने पर सीट के पीछे दोनों ओर विमल गुटखा लिखे झोले बंधे हुए पाए गए तथा सीट पर एक प्लास्टिक की कट्टी भी बंधी हुई थी।

मनूनिया महादेव मंदिर के वेद पाठी आश्रम में 51 बटुकों को कराया श्राद्ध पक्ष में भोजन



महिदपुर रोड। नगर पोरवाल समाज के किराना व्यापारी प्रकाशचंद बालकृष्ण पोरवाल के यहां उनके दिवंगत पिता स्व बालकृष्ण पोरवाल के निमित्त वार्षिक श्राद्ध आयोजन कार्यक्रम में मनूनिया महादेव मंदिर में वेद पाठी शिक्षा ग्रहण कर रहे 51 बटुकों को मंत्रोचार के बीच सामूहिक भोजन कराया गया। वेदपाठी आश्रम के संचा लक आचार्य पंडित विका स शर्मा ने बताया उनके वेदपाठी आश्रम (विद्यालय) में बड़ी संख्या में वेद पाठी ब्राह्मण बटुक पंडिताई (पांडित्य) की शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं ये सभी बटुक ब्राह्मण परिवार से होकर एकाग्रचित भाव से मनुनिया महादेव आश्रम में वेद पाठी शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। स्वर्गीय बालकृष्ण पोरवाल के श्राद्ध के निमित्त सम स्त श्राद्ध कर्म का कार्य ज्योतिष आचार्य पंडित ओम प्रकाश शर्मा ने विधि विधान से संपन्न करवाया। आचार्य पंडित विकास शर्मा ने बताया गरुड़ पुराण के अनुसार आज सोमवार को पुष्य नक्षत्र का श्राद्ध अतुल नीय वैभव प्रदान करता है आज का दिन पितृ कर्म और पुण्य कर्म की दृष्टि से विशेष फल देने वाला माना।

शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में क्रीड़ा भारती केन्द्र के 25 खिलाड़ियों ने जीते गोल्ड मेडल



ब्यावरा। शालेय क्रीड़ा जिला स्तरीय प्रतियोगिता ब्यावरा के क्लब ग्राउंड स्थित इंडोर हॉल में गत दिनों आयोजित हुई क्रीड़ा भारती जिला मंत्री अक्षय शर्मा ने बताया की ब्यावरा सहित पचोर, सारंगपुर, राजगढ़, खुजनेर, जीरापुर, कुरावर, नरसिंगढ़ टीमो ने हिस्सा लिया जिसमे रामेष्ट मार्शल आर्ट्स स्पोर्ट्स क्लब एवं क्रीड़ा भारती आत्मरक्षा प्रशिक्षण केन्द्र के 25 खिलाड़ी कनुष्का प्रजापति, अवि यादव, प्रानाध्या बेस, नितिका प्रजापति, कृतिका गोड़, अवनी शर्मा, केशव सक्सेना, यशराज गुर्जर, शौर्य महावर, शिवाय नागर, पार्थ पवैया, राजवीर मकवाना, नवीन गुर्जर, गहना जाटव, दिशा महावर, माया जाटव, अभय लववंशी, गणेश जाटव, सौरभ शिवहरे, मोहित मकवाना, कृष्णा यादव, ऋतिक शिवहरे, अनिरुद्ध सोनी, भविष्य सक्सेना ने अपने अपने उम्र एवं वेट कैटेगरी में ब्यावरा तहसील से गोल्ड मेडल हासिल कर जिले में ब्यावरा को पहले स्थान पर लाने में अपनी अहम भूमिका निभाई अब ये खिलाड़ी भोपाल में आयोजित संभागीय कराटे शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में राजगढ़ जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे इस अवसर पर खिलाड़ियों का स्वागत क्लब ग्राउंड स्थित रामेष्ट मार्शल आर्ट्स एकेडमी पर किया गया।

महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सरकार तत्पर

स्वस्थ महिला सशक्त महिला से परिवार मजबूत होता है- पंड्या

अवन्तिका ▸▸ खरसौदकलां

स्वस्थ महिला सशक्त महिला परिवार के संचालक में अहम भूमिका निभाने में कामयाब रहती है । महिलाओं को सशक्त महिला के साथ साथ आत्मनिर्भर बनाने के लिए सरकार ने नारी शक्ति के लिए कई महत्वपूर्ण योजना चलाई है ।

खरसौदकलां ग्राम पंचायत परिसर में आयोजित ग्रामीण आजीविका मिशन के नारी शक्ति संकुल स्तरीय संगठन के जरिए गांधी जयंती पर सेवा संकल्प अभियान कार्यक्रम में विधायक जितेंद्र सिंह पंड्या ने व्यक्त किए। पंड्या ने बड़ी संख्या में शामिल ग्रामीणजन एवं महिलाओं को सरकार की जनहित कल्याणकारी योजना पर बिंदुवार प्रकाश डाला ।साथ में भाजपा सरकार द्वारा महिलाओं को नगर पंचायत एवं ग्राम पंचायत जैसे मुख्य चुनाव में 50% भागीदारी करने में भी सशक्त फैसले से अवगत कराया । इस दौरान महिला बाल विकास विभाग लाड़ली लक्ष्मी योजना के प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। कार्यक्रम में रूपरेखा की जानकारी विकास खंड प्रबंधक राजेश पंचाल ने दी।आयोजित कार्यक्रम के समय स्वास्थ्य शिविर में उपस्थित महिलाओं का शुगर बीपी ब्लड प्रेशर का जांच परीक्षण भी किया गया। कार्यक्रम में खरसोदकला सेक्टर से बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, आशा कार्यकर्ता स्वास्थ्य विभाग एवं स्वयं सहायता समूह की महिलाएं भी मौजूद थीं। कार्यक्रम में व्यंजन प्रदर्शनी भी आयोजित की गई थी जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं विभिन्न प्रकार के मिठाई एवं व्यंजन का प्रदर्शन किया।

स्वच्छता की दिलाई शपथ

कार्यक्रम के दौरान स्वच्छता के संदर्भ में संकल्प की शपथ भी दिलाई। इस दौरान जनपद पंचायत सीओ गोवर्धन लाल मालवीय,ग्राम पंचायत सरपंच आनंदीलाल डाबी उप सरपंच प्रतिनिधि हरीश पटेल, पूर्व जिला पंचायत सदस्य अर्जुन पटेल, पिछड़ा युवा मोर्चा अध्यक्ष पंकज बारिया के अलावा ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

सेवा सेतु शिविर में आपकी सरकार आपके द्वार के तहत आवेदनों का मौके पर निराकरण

दैनिक अवन्तिका ▸▸ तराना

सेवा सेतु शिविर - सरकार आपके द्वार का आयोजन किया गया। यह 2 दिवसीय आयोजन नवीन हाई स्कूल परिसर में हुआ। शिविर में नगर के 15 वार्डों से बड़ी संख्या में नागरिक शामिल हुए। शिविर में 16 विभागों के स्टॉल लगे जहां आय, निवास, नामांतरण, आयुष्मान, पीएम आवास, राशन कार्ड सहित सैकड़ों आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया।

यह विशाल आयोजन मंडल अध्यक्ष आकाश बोडाना के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में पूर्व विधायक गोयल ने विशेष रूप से उपस्थित रहकर मंडल अध्यक्ष बोडाना के प्रयासों



की खुलकर सराहना की और कहा कि युवा नेतृत्व के कारण संगठन मजबूत है। इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष सुनीता रूपेश परमार, महेश जोशी पार्षद, पार्षद प्रतिनिधि विजय जायसवाल, पार्षद प्रतिनिधि दिनेश कुमावत, उपाध्यक्ष कामिल कुरेशी, पार्षद शेख यासीन, रानी राजेश मालवीय, विधायक प्रतिनिधि रूपेश परमार आकाश बोडाना मौजूद रहे।

शिविर का उद्देश्य योजनाओं का लाभ दिलाना

पूर्व विधायक ताराचंद गोयल ने संबोधित करते हुए कहा कि सेतु शिविर में आपकी सरकार आपके द्वार के भाव के साथ जन समाधान के उद्देश्य से जनमानस को एक ही स्थान पर केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराना तथा पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ दिलाने में सहयोग करना है।

सुसनेर नगर परिषद के स्वच्छता के दावे फेल, जगह-जगह गंदगी फेली

सुसनेर। कुछ समय बाद नवरात्रि,दशहरा एवं दीपावली जैसा त्यौहार आने वालें है वहीं दूसरी और न.प. के कचरा वाहन नगर के कई हिस्सों में नहीं पहुचने से जगह-जगह कचरा जमा हो रहा है। न.प. के अधिकारी 5 कचरा वाहन में से 2 कचरा वाहन के एक दिन पहले ही खराब होने की जानकारी दे रहे है जबकि कई क्षेत्रों में कचरा वाहन महीनों से नहीं पहुचें रहे है। नागरिकों का आरोप है कि अधिकारी कचरा वाहन को कागजों में जरूर चला रहे है किंतु धरातल पर ये नहीं पहुंचे रहे है। त्योहार के इस पीक सीजन में नगर के 2 कचरा संग्रहण वाहन अचानक खराब का नतीजा यह है कि शहर के अधिकांश हिस्सों में डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन व्यवस्था पूरी तरह वेंटिलेटर पर आ गई है।

2.43 करोड़ की सौगात - स्विमिंग पूल का लोकार्पण और सामुदायिक भवन का भूमिपूजन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ खाचरौद



नगर पालिका परिषद खाचरौद द्वारा नगर विकास के क्रम में नागदा रोड पर दो महत्वपूर्ण कार्यों का कार्यक्रम आयोजित किया गया।

मुख्यमंत्री नगरीय क्षेत्र अधोसंरचना निर्माण योजना अंतर्गत सामुदायिक भवन निर्माण कार्य का शुभारंभ - लागत 94.53 लाख एवं निर्मित स्विमिंग पूल का लोकार्पण- लागत 148.93 लाख रुपये है।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक डॉ. तेजबहादुरसिंह चौहान रहे। अध्यक्षता नगर पालिका अध्यक्ष गोविंद भरावा ने की।

इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष गोविंद भरावा ने कहा कि - नगर पालिका परिषद खाचरौद का संकल्प है कि नगर में मूलभूत सुविधाओं के साथ-साथ आधुनिक सुविधाओं का भी विस्तार हो। मुख्यमंत्री जी की घोषणा से बना यह स्विमिंग पूल नगर के इतिहास में पहला है, इससे हमारे बच्चों और युवाओं को खेल के क्षेत्र में नया मंच मिलेगा। वहीं 94.53 लाख की लागत से बनने वाला सामुदायिक भवन नागदा रोड क्षेत्रवासियों की वर्षों पुरानी मांग थी, जो अब पूरी होने जा रही है। हमारा प्रयास है कि खाचरौद को स्वच्छ, सुंदर और सुविधायुक्त नगर बनाएं। इसके लिए विधायक डॉ. तेजबहादुरसिंह चौहान के मार्गदर्शन में लगातार विकास कार्य कराए जा रहे हैं। मुख्य अतिथि विधायक डॉ. चौहान ने अपने उद्बोधन में कहा कि प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में नगरीय निकायों में विकास की गंगा बह रही है।

ये रहे मौजूद

इस अवसर पर भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष श्रीमती मनीषा शर्मा, जिला उपाध्यक्ष अश्विन दिंडोरकर, नपा उपाध्यक्ष दिनेश ठन्ना, पार्षद राकेश राठौर, रजनी गौहर, पार्षद प्रतिनिधि राजेन्द्र धाकड़, संजय नंदेड़ा, बाबू नागर, राजेन्द्र सिंह पंड्या, मनोनीत पार्षद अर्जुन शर्मा, विनोद चतुर्वेदी, वरिष्ठ नेता श्रीमती कमलेश अनिल शर्मा, बंटी जायसवाल, सीएमओ रवि गुप्ता, सहायक यंत्री बी.एल. पाटीदार सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी, अधिकारी एवं नगरवासी उपस्थित रहे।

तहसील को सूखा ग्रस्त घोषित करने को लेकर कांग्रेस ने किसानों के साथ सौंपा ज्ञापन



उन्हेल। उन्हेल में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी एवं शहर कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में उन्हेल क्षेत्र के किसानों एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ मुख्यमंत्री के नाम उन्हेल तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन को मुख्य मांगे उन्हेल तहसील को सूखा ग्रस्त घोषित किया जाए,आगामी रबी फसल के लिए सिंचाई हेतु नर्मदा का पानी गंभीर नदी पर इटावा डैम एवं शिप्रा नदी पर गुरुछा स्टॉप डैम सहित उन्हेल नगर की जल आपूर्ति की व्यवस्था की जाए। इस अवसर पर बाबूलाल मालवीय, अर्जुनसिंह तनोडिया, शंकर पटेल, वकीलुद्दीन कुरैशी, सुधाकर विपट, मदनसिंह जादौन, भरत मालवीय,पार्षद द्वारकाधीश सोनी, इंदरसिंह पीपावद आदि उपस्थित थे।



कैसे पाएं ब्लैकहैड्स फ्री त्वचा



युवावस्था में औयली स्किन की समस्या ज्यादा परेशान करती है और आयु बढ़ने के साथ एक्ने में भी तबदील हो सकती है...

ब्लैकहैड्स की समस्या सभी स्किन टोन पर हो जाती है। त्वचा कई प्रकार की होती है, जैसे नौर्मल, ड्राई, औयली और टीशेप्ड जिस में माथे और नाक की त्वचा गालों की अपेक्षा ज्यादा औयली होती है। ब्लैकहैड्स की समस्या ज्यादातर औयली और टीशेप्ड त्वचा पर होती है। सिबेशस ग्रंथि के सीबम के अत्यधिक रिसाव से ब्लैकहैड्स, वाइट हैड्स, पिंपल्स, एक्ने जैसी समस्याएं उत्पन्न हो जाती हैं। त्वचा के औयली होने के कई कारण हो सकते हैं, जैसे आनुवंशिकता, खानपान, हारमोनल परिवर्तन, गर्भधारण, बर्थ कंट्रोल पिल्स, गलत कौस्मैटिक्स, आर्द्रता या गरम वातावरण। युवावस्था में औयली स्किन की समस्या ज्यादा परेशान करती है और आयु बढ़ने के साथ एक्ने में भी तबदील हो सकती है। ब्लैक हेड्स कुछ लोगों में अधिक और कुछ में कम होते हैं। इसके कई कारण हो सकते हैं। आयु और हार्मोनल परिवर्तन महत्वपूर्ण कारक होते हैं। यौवन के शुरूआती दौर में या जब हार्मोन के स्तर में परिवर्तन होने के कारण सीबम उत्पादन बढ़ जाता है, तब ब्लैकहेड्स की समस्या होना आम बात होती है। हालांकि ये किसी भी उम्र में हो सकती है। यौवनारम्भ के बाद, मासिक धर्म, गर्भावस्था और गर्भनिरोधक गोलियों के उपयोग के दौरान होने वाले हार्मोनल परिवर्तनों के कारण भी महिलाओं में ब्लैकहेड्स होने की समस्या होने लगती है।

कैसे उत्पन्न होते हैं ब्लैकहैड्स

त्वचा की बनावट 3 प्रमुख भागों में होती है- एपिडर्मिस, डर्मिस और सबडर्मिस। औयल ग्लैंड डर्मिस पार्ट में होती है। यही सीबम उत्पन्न करती है। जब सीबम हेयर फौलिकल ट्यूब में जम जाता है, तो ट्यूब ब्लौक हो जाती है। प्रत्येक हेयर फौलिकल, मिस लेयर से एपिडर्मिस लेयर में छोटेछोटे छिद्रों के द्वारा खुलता है। जब ये छिद्र ब्लौक हो जाते हैं, तब ब्लैकहैड्स बन जाते हैं। आमतौर पर ये नाक और चेहरे पर उत्पन्न होते हैं। किशोरावस्था में ही यह समस्या शुरू हो जाती है। 12 से 16 साल की आयु में ब्लैकहैड्स ज्यादा हो सकते हैं। ये न हों, इस के लिए त्वचा की नियमित देखभाल जरूरी है। दिन में 2-3 बार फेसवाश इस्तेमाल करें या किसी अच्छे माइल्ड सोप से चेहरा धोएं ताकि चेहरे पर मैल जमा न हो। मैल से ब्लैकहैड्स पिंपल्स में तबदील हो जाते हैं। इन से नजात पाने के लिए क्लींजिंग करें ताकि सीबम डिजौल्व हो जाए। इस से ब्लैकहैड्स होने की संभावना कम हो जाती है। खासतौर से औयली स्किन वाली महिलाओं को माह में 1 बार फेशियल जरूर कराना चाहिए और औयली स्किन के हिसाब से सूटेबल सौंदर्य उत्पाद ही इस्तेमाल करने चाहिए। तैलीय त्वचा के लिए सूटेबल नाइट क्रीम का इस्तेमाल करें। रोज रात को चेहरा धो कर इसे लगाएं।

ब्लैकहेड्स से बचने के उपाय- जीवनशैली और आहार में बदलाव लाने पर भी ब्लैकहेड्स होने से बचाया जा सकता है- आहार-विटामिन सी से भरपूर होने के कारण संतरा आपकी त्वचा को चमकने में बहुत मदद करता है। इसका रस पीने से आपकी त्वचा की खोई हुई चमक वापिस लौट आती है। अनार में एंटीऑक्सीडेंट तत्व भरपूर मात्रा में होते हैं। इसको खाने से शरीर में लाल रक्त कोशिकाएं बनती हैं जिससे शरीर में खून की मात्रा बढ़ती है। यह किसी भी तरह की चोट के घाव को भरने में सक्षम होता है। अनार खाने से शरीर में खून भी बढ़ता है इसलिए त्वचा भी लाली या चमक दिखाई देती है। ब्लैकहेड्स भी कम हो जाएंगे। -त्वचा के लिए सूखे मेवे बहुत लाभकारी होते हैं। बादाम, किशमिश, काजू, पिस्ता विटामिन और प्रोटीन में भरपूर होते हैं। यह हमारी त्वचा को मुँहासे और ब्लैकहेड्स से बचाता है।



क्लीनिकल ट्रीटमैंट

ब्लैकहैड्स को क्लीनिकल ट्रीटमैंट से भी निकलवाया जा सकता है। पहले क्लीन से चेहरे को अच्छी तरह साफ किया जाता है, फिर स्क्रब करने के पश्चात स्टीम दे कर ब्लैकहैड्स रिमूव किए जाते हैं।

घरेलू तरीके

जूनियर औयल, ट्रीट्री औयल और सैंडलवुड औयल की 1-1 बूंद मिक्स कर के प्रभावित क्षेत्र पर लगाएं। फिर हलके हाथों से त्वचा को दबा कर कौटन से ब्लैकहैड्स हटाएं। इस के साथ ही डेली क्लींजिंग भी करें।

डाइट का रहे ध्यान

त्वचा संबंधी रोगों से बचने के लिए पौष्टिक आहार लेना जरूरी है। जब तक शरीर से स्वस्थ नहीं होंगी, चेहरे से हैल्दी नहीं दिखेंगी। स्किन को ग्लोइंग बनाने और त्वचा के रोगों से बचने के लिए फल और ताजा सब्जियां लें।

सोलो ट्रिप पर निकले हैं तो ब्यूटीफुल भी दिखें


आमतौर पर सोलो ट्रैवलिंग का यह मतलब निकाला जाता है कि अकेले सैरसपाटे पर निकलना, अलगअलग शहरों की खूबसूरती को देखना, वेशभूषा, खानपान से रूबरू होना आदि। पर क्या सोलो ट्रिप सिर्फ बाहरी सुख का पर्याय है या खुद की खोज का एक जरीया?

उत्तर इस बात में छिपा है कि आखिर इंसान सोलो ट्रिप क्यों करता है? जब रोजमर्रा की जिंदगी में बोरियत महसूस होने लगती हो या कहें कि जब इंसान खुद में कशमकश कर रहा होता है, जब इंसान तनाव में हो और जिंदगी की रुकी हुई गाड़ी को ऐक्सिलेटर पर लाना चाहता है, तो ऐसे में सोलो ट्रिप एक इंसान को उस के अंतरात्मा से जुड़ने में मदद करता है। सोलो ट्रिप यानी खुद की खोज में निकलना, अपनेआप के साथ वक्त गुजारना, खुद को समझना, दुनिया को अपने नजरिए से देखना और नईनई जगहों की खूबसूरती को ऐक्सप्लोर करना। लेकिन इस सफर में अकसर ऐसा होता है कि हम अपनी खुद की खूबसूरती के साथ कंप्रोमाइज कर बैठते हैं। यह सोच कर कि छोड़ो न यार यह स्किन केयर, अकेले घूमने जा रहे हैं तो कौन देख रहा है हमें? लेकिन क्या यह सफर सिर्फ बाहरी दुनिया को देखने का है या खुद को बेहतर और कौन्फिडेंट फील कराने का भी?

कौन्फिडेंस

सोलो ट्रिप पर होने का मतलब है इंसान खुद पर फोकस करना चाहता है और जब आप खुद अच्छे और फ्रेश और सुंदर दिखते हैं, तो आप के अंदर कौन्फिडेंस आता है जिस से आपको पौजिटिव वाइब्स मिलती है।

सुंदर दिखना केवल दूसरों के लिए नहीं, बल्कि खुद के लिए भी जरूरी है। पहाड़ों की सैर पर निकले हों या फिर रेगिस्तान की रेत में, बर्फीले चोटियों पर ट्रेकिंग हो या जंगल में ऐडवेंचर आप की ग्लोइंग स्किन, फ्रेश लुक और ड्रैसिंग स्टाइल आप का मूड अच्छा बनाए रखता है।



Sport

2027 वर्ल्ड कप टिकटों की भारी डिमांड; पूरे टूर्नामेंट के लिए 3 दिन में 10 लाख एप्लीकेशन

भारत-पाकिस्तान मैच के टिकट के लिए 1 लाख आवेदन

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

2027 वनडे वर्ल्ड कप में भारत-पाकिस्तान के मुकाबले के लिए टिकटों की भारी डिमांड है। इस मैच के लिए पिछले 3 दिन में आईसीसी के पास 1 लाख से अधिक आवेदन आ चुके हैं। यह मैच जोहान्सबर्ग के वांडरर्स स्टेडियम में होने वाला है। इसकी दर्शक क्षमता 34 हजार है। पूरे टूर्नामेंट के लिए 11 लाख आवेदन किए गए हैं। वहीं 3 लाख 20 हजार से ज्यादा फैंस टिकट बैलेट में रजिस्टर कर चुके हैं। टिकट बैलेट में रजिस्ट्रेशन की आखिरी तारीख 21 नवंबर है। भारत और ऑस्ट्रेलिया के मैच के लिए 86 हजार से ज्यादा टिकट आवेदन मिले हैं। वहीं 7 नवंबर के प्री-सीडेड सुपर-7 मुकाबले के लिए करीब 78 हजार आवेदन आए हैं। यह मुकाबला तभी भारत (ए1) और पाकिस्तान (ए3) के बीच होगा, जब दोनों टीमें सुपर-7 में पहुंचती हैं। 21 नवंबर को होने वाले वर्ल्ड कप फाइनल के लिए भी फैंस की दिलचस्पी ज्यादा है। इस मैच के लिए करीब 69 हजार टिकट एप्लिकेशन आ चुके हैं।

2027 वनडे वर्ल्ड कप की मेजबानी साउथ अफ्रीका, जिम्बाब्वे और नामीबिया करेंगे। यह टूर्नामेंट करीब दो दशक बाद अफ्रीकी महाद्वीप में क्रिकेट टूर्नामेंट की वापसी होगी।



21 नवंबर तक फ्री में कर सकेंगे आवेदन

टिकट बैलेट में एंट्री के लिए कोई फीस नहीं है। रजिस्ट्रेशन के समय टिकट खरीदने या भुगतान करने की जरूरत नहीं होगी। फैंस अपनी पसंद के कई मैचों के लिए आवेदन कर सकते हैं। एक व्यक्ति हर मैच के लिए एक बैलेट एंट्री कर सकता है। यानी एक ही फैन टूर्नामेंट के अलग-अलग मुकाबलों के लिए आवेदन कर सकता है।

टिकट मिलने का फैसला रैंडम बैलेट से होगा- यह प्रक्रिया पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर नहीं है। बैलेट विंडो के दौरान किसी भी समय रजिस्ट्रेशन करने वाले फैंस के पास समान अवसर रहेगा। अगर किसी मैच के लिए उपलब्ध टिकटों से ज्यादा आवेदन आते हैं, तो टिकट खरीदने का मौका रैंडम बैलेट के जरिए तय किया जाएगा। जिन फैंस का चयन होगा, उन्हें ईमेल के जरिए टिकट खरीदने की प्रक्रिया की जानकारी भेजी जाएगी। सफल और असफल दोनों आवेदकों को रजिस्ट्रेशन के दौरान दिए गए ईमेल एड्रेस पर परिणाम की जानकारी मिलेगी।

आईसीसी ने 2027 वर्ल्ड कप का फॉर्मेट बदला है। टूर्नामेंट की शुरुआत सुपर सीरीज से होगी, जिसमें रैंकिंग के आधार पर 12वें, 13वें और 14वें स्थान पर रहने वाली तीन टीमें राउंड-रॉबिन खेलेंगी। तीनों में टॉप पर रहने वाली टीम ग्रुप स्टेज में पहुंचेगी।

गांगुली दिल्ली कैपिटल्स के हेड कोच बने

नई दिल्ली। पूर्व भारतीय कप्तान सौरव गांगुली को दिल्ली कैपिटल्स का हेड कोच नियुक्त किया गया है। वे आईपीएल के अगले सीजन में टीम की जिम्मेदारी संभालेंगे। गांगुली इससे पहले दिल्ली कैपिटल्स के साथ डायरेक्टर ऑफ क्रिकेट के तौर पर काम कर चुके हैं। उन्होंने 2025 में प्रिटोरिया कैपिटल्स के हेड कोच के रूप में अपना पहला कोचिंग रोल संभाला था। गांगुली ने आईपीएल में 59 मैचों में 1,349 रन बनाए। उनका बेस्ट स्कोर 91 रन रहा और उन्होंने 7 अर्धशतक लगाए। उन्होंने कच्छ में कोलकाता नाइट राइडर्स और पुणे वॉरियर्स इंडिया की कप्तानी भी की। गांगुली का आईपीएल डेब्यू 2008 में केकेआर के लिए हुआ था। उन्होंने आखिरी मैच 2012 में पुणे वॉरियर्स के लिए खेला।

सलमान आगा की जगह साहिबजादा फरहान को कमान

कराची। पाकिस्तान ने श्रीलंका के खिलाफ 9 से 13 अक्टूबर तक होने वाली 3 मैचों की टी-20 सीरीज के लिए कप्तान बदल दिया है। सलमान अली आगा की जगह साहिबजादा फरहान को टीम की कमान सौंपी गई है। फरहान ने हाल ही में एशियन गेम्स में पाकिस्तान की कप्तानी की थी। उनकी टीम फाइनल में भारत से 19 रन से हारकर सिल्वर मेडल जीत सकी थी। टीम में बल्लेबाज हसन नवाज और तेज गेंदबाज नसीम शाह की वापसी भी कराई है। टेस्ट डेब्यू पर इंग्लैंड के खिलाफ प्रदर्शन करने वाले रजाउल्लाह को पहली बार टी-20 और वनडे टीम में शामिल किया गया है।

आवश्यकता है
होटल में सफाई व रूम सर्विस दिन और रात के लिए।
हिमालया गेस्ट हाउस
बैंक ऑफ इंडिया के पास, उज्जैन
9669890245

वधु चाहिए (सिन्धी)
विधुर सिंधी 42 वर्ष हेतु सिन्धी वधु चाहिए, मकान, दुकान अपना। उज्जैन मप्र.
संपर्क करें
8253063625

आवश्यकता है
प्रतिष्ठित आइल कम्पनी के लिए योग्य एवं अनुभवी सेल्समेन (लड़कों) की तुरंत आवश्यकता है। अच्छा संवाद कौशल, वेतन योग्यतानुसार
संपर्क करें
8225022548
(चिमनगंज मंडी उज्जैन)

दुकान बेचना है
प्राईम लोकेशन कंठाल चौराहा की दुकान बेचनी है।
साईज - 10x11
हाईट- 15 फीट
मोबाइल
8518800456
9981310034

जमीन बेचना है
ग्राम सुमराखेड़ा (तहसील तराना) में मेन रोड से एक खेत छोड़कर रेल पटरी से दक्षिण दिशा में भूमि खेत साढ़े तीन बीघा एवं बिड़ ढाई बीघा बेचना है।
संपर्क करें
940 6801069

आवश्यकता
रेस्टोरेंट में कार्य करने हेतु हेल्पर की जो सभी कार्य कर सके आवश्यकता है।
संपर्क करे
9827820470

रद्दी बेचना है
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क
7773077762

आवश्यकता
अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉ. मि. स्कूल भैरवगढ़ में अध्यापन हेतु शिक्षक-शिक्षिकाओं की आवश्यकता है- अनुभवी एवं प्रशिक्षित को प्राथमिकता-
योग्यता- B.ED/D.ED/Deled
वेतन- 7000 से 8000 प्रतिमाह
राजेश राव हाण्डे- 9977588698
Head Master
Shri Sanskriti Convent
Middle School, Bhairavgar

आवश्यकता
छुरी वाली कटिंग मशीन एवं सर्कलकटिंग मशीन ऑपरेटर की जो दोनों मशीन चलाना जानता हो, चौकीदार की जो रात दिन फैक्ट्री पर रह सके।
संपर्क करे
श्री हरि पेपर इंडस्ट्री
8 मक्सी रोड इंडस्ट्रियल एरिया
प्रवाह पेट्रोल पंप के पीछे, उज्जैन
मोबाइल 9425358095

नैनो न्यूज

- **जायसवाल की रणजी टीम में वापसी-** यशस्वी जायसवाल को मुंबई की रणजी टीम में चुना गया है। वहीं सूर्यकुमार यादव को शुरूआती मुकाबले के लिए टीम में जगह नहीं मिली।
- **पाकिस्तान ने नया कप्तान चुना-**पाकिस्तान ने श्रीलंका के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए साहिबजादा फरहान को नया कप्तान बनाया है। सलमान अली आगा टीम से बाहर हैं।
- **भुवनेश्वर संभालेंगे हांगकांग टीम-** भुवनेश्वर कुमार को हांगकांग सिक्सेस के लिए भारतीय टीम की कप्तानी सौंपी गई है। टीम में क्रुणाल पंड्या और नटराजन भी शामिल हैं।
- **भारत-उरुग्वे मुकाबले पर नजरें-** भारत आज कोलकाता में दो बार के विश्व कप विजेता उरुग्वे के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल मुकाबला खेलेगा। भारतीय टीम के सामने कड़ी चुनौती होगी।
- **प्रणवी उर्स ने जीता एशियाई स्वर्ण-** भारतीय गोल्फर प्रणवी उर्स ने एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतने के दौरान मानसिक तैयारी को अहम बताया। उनकी सफलता में खेल मनोविज्ञान की भूमिका रही।
- **ओलंपिक का नया प्रतीक जारी-** 2032 ओलंपिक का आधिकारिक प्रतीक जारी किया गया है। इसमें ऑस्ट्रेलिया के क्वींसलैंड क्षेत्र के गुलाबी कॉकटू पक्षी को आधार बनाया गया है।

बीसीसीआई मीटिंग के बाद हरमनप्रीत ने छोड़ी कप्तानी

उनकी अगुवाई में भारत ने पहली बार महिला वर्ल्ड कप जीता; स्मृति बन सकती हैं अगली कप्तान

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

हरमनप्रीत कौर ने भारतीय महिला क्रिकेट टीम की तीनों फॉर्मेट की कप्तानी छोड़ दी है। उन्होंने मंगलवार को इंस्टाग्राम पोस्ट के जरिए इसकी जानकारी दी। यह फैसला एक दिन पहले गुवाहाटी में हुई बीसीसीआई की मीटिंग के बाद आया है।

बैठक में हरमनप्रीत, उपकप्तान स्मृति मंधाना और कोच अमोल मजूमदार शामिल हुए थे। टीम के भविष्य और कप्तानी को लेकर भी चर्चा हुई। हरमनप्रीत के बाद स्मृति मंधाना को अगला कप्तान बनाया जा सकता है। 37 साल की हरमनप्रीत के नाम कई रिकॉर्ड हैं। इनमें बतौर कप्तान भारत को पहला महिला वर्ल्ड कप जिताना शामिल है। उनकी कप्तानी में टीम ने 2012, 2016, 2022 और 2026 एशिया कप का खिताब भी अपने नाम किया। 2012 एशिया कप में हरमनप्रीत ने सिर्फ फाइनल में कप्तानी की थी। बाकी मैचों में मिताली राज ने टीम की कमान संभाली थी। हरमनप्रीत ने लिखा, आज मैं सभी फॉर्मेट में भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तानी छोड़ रही हूं। यह आसान फैसला नहीं है। इसमें सालों की यादें, भावनाएं, त्याग और ऐसे पल जुड़े हैं, जो जिंदगीभर मेरे साथ रहेंगे। हरमनप्रीत कौर की कप्तानी में भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने एशियन गेम्स में लगातार दो गोल्ड मेडल जीते हैं। भारत ने 2022 हांगझोउ एशियन गेम्स में श्रीलंका को हराकर पहला गोल्ड जीता था।



हरमनप्रीत कौर के रिकॉर्ड

भारत ने 2025 में पहली बार महिला वनडे वर्ल्ड कप जीता। हरमनप्रीत वर्ल्ड कप जीतने वाली पहली भारतीय महिला कप्तान बनीं। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 2017 वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में नाबाद 171 रन की पारी खेली। यह महिला वर्ल्ड कप की यादगार पारियों में शामिल है। 2018 में न्यूजीलैंड के खिलाफ ळ20 इंटरनेशनल में शतक लगाया। ऐसा करने वाली पहली भारतीय महिला क्रिकेटर बनीं। हरमनप्रीत 200 इंटरनेशनल टी-20 मैच खेलने वाली दुनिया की पहली क्रिकेटर हैं। फरवरी 2026 में महिला क्रिकेट में सबसे ज्यादा इंटरनेशनल मैच खेलने वाली खिलाड़ी बनीं। उन्होंने 382 मैच खेले हैं। 150 टी20 में कप्तानी करने वाली दुनिया की पहली क्रिकेटर। सितंबर 2026 में रिकॉर्ड बनाया। 2017 में उन्हें क्रिकेट के लिए अर्जुन अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। 2026 में देश के चौथे सर्वोच्च नागरिक सम्मान पद्म श्री से सम्मानित किया गया।

न्यूज कॉलम

अतिथि शिक्षकों को तीन माह से नहीं मिला मानदेय

धार। धार जिले के गंधवानी ब्लॉक के शासकीय स्कूलों में काम कर रहे अतिथि शिक्षकों को तीन माह से अधिक समय से मानदेय नहीं मिलने के कारण आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मंगलवार को बड़ी संख्या में अतिथि शिक्षक जिला पंचायत कार्यालय पहुंचे और सहायक आयुक्त पारुल जैन को ज्ञापन सौंपकर लंबित मानदेय का जल्द भुगतान कराने की मांग की। शिक्षकों ने बताया कि गंधवानी ब्लॉक के कई ग्रामीण क्षेत्रों के स्कूलों में वे सेवाएं दे रहे हैं।

नर्मदा लिंक से डैम और जलस्रोत भरने की मांग

धार। जिले के सरदारपुर और गंधवानी क्षेत्र में सिंचाई के पानी की जरूरत को लेकर 8 गांवों के किसान मंगलवार को जिला पंचायत जनसुनवाई में पहुंचे। किसानों ने कलेक्टर राजीव रंजन मीना को ज्ञापन सौंपकर नर्मदा लिंक योजना के माध्यम से धामनकुंड-वलकुंडा डैम और क्षेत्र के जलस्रोतों में जल्द पानी छोड़ने की मांग की। किसानों ने बताया कि इस वर्ष बारिश की स्थिति पिछले साल की तुलना में काफी कम रही है। इसके चलते खेतों और जलस्रोतों में आगामी रबी फसल के लिए पर्याप्त पानी को लेकर चिंता है। किसानों का कहना है कि यदि समय पर सिंचाई का पानी नहीं मिला तो हजारों बीघा जमीन प्रभावित हो सकती है और सैकड़ों किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ेगा।

2 साल से मनरेगा कामों का 4 करोड़ भुगतान अटका

झाबुआ। जिले के रानापुर जनपद सभाकक्ष में सोमवार को सरपंच संघ की बैठक बुलाई गई। इसमें रानापुर जनपद की कुल 47 में से करीब 33 ग्राम पंचायतों के सरपंचों ने हिस्सा लिया। पंचायतों में लंबे समय से रुके पड़े विकास कार्यों के पैसों के भुगतान और ग्रामीणों को हो रही दिक्कतों को लेकर सरपंचों का गुस्सा साफ तौर पर देखने को मिला। बैठक में सरपंचों ने बताया कि बीते 2 सालों से पंचायतों में मनरेगा के तहत हुए कामों का 4 करोड़ 71 लाख रुपए का भुगतान अटका है। इसके अलावा प्रधानमंत्री आदि आदर्श ग्राम योजना के 2 करोड़ 30 लाख रुपए भी पिछले 1 साल से जारी नहीं किए गए।

नवरात्रि के व्यावसायिक गरबा इवेंट पर रोक की मांग



वाहन रैली लेकर जनसुनवाई पहुंचे लोग, फिल्मी गानों सुरक्षा और असामाजिक तत्वों को लेकर जताई चिंता

धार। नवरात्रि के दौरान होने वाले व्यावसायिक गरबा आयोजनों पर रोक लगाने की मांग को लेकर मंगलवार को बड़ी संख्या में हिंदू समाज के लोग वाहन रैली के रूप में जिला पंचायत की जनसुनवाई में पहुंचे। लोगों ने कलेक्टर के नाम एसडीएम राजकुमार हलदर को ज्ञापन सौंपा। इसमें व्यावसायिक इवेंट की अनुमति नहीं देने और धार्मिक व पारंपरिक गरबा आयोजनों को प्राथमिकता देने की मांग की गई। ज्ञापन में कहा गया कि नवरात्रि माता रानी की आराधना और धार्मिक आस्था का पर्व है। धार में वर्षों से स्थानीय गरबा मंडलों और समितियों द्वारा पारंपरिक रूप से धार्मिक गरबा आयोजित किए जाते हैं। इनमें परिवारों के साथ महिलाएं और कन्याएं भी शामिल होती हैं। समिति के पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि पिछले कुछ वर्षों से नवरात्रि के नाम पर बड़े व्यावसायिक इवेंट आयोजित किए जा रहे हैं।

नैनो न्यूज

- **लॉजिस्टिक्स सेक्टर में निवेश बढ़ा-** पश्चिमी इंदौर में लॉजिस्टिक्स गतिविधियां तेजी से बढ़ रही हैं। नए वेयरहाउस और परिवहन परियोजनाओं से कारोबार तथा रोजगार के अवसर बढ़ने की उम्मीद है।
- **वेयरहाउस कारोबार को नई गति-** इंदौर के आसपास आधुनिक वेयरहाउसिंग सुविधाओं का विस्तार जारी है। कंपनियां बेहतर कनेक्टिविटी और बड़े बाजार को देखते हुए निवेश बढ़ा रही हैं।
- **औद्योगिक जमीन की मांग बढ़ी-** शहर के बाहरी क्षेत्रों में औद्योगिक और व्यावसायिक जमीन की मांग बढ़ी है। निवेशक भविष्य की कनेक्टिविटी को देखते हुए सौदे कर रहे हैं।
- **परिवहन कारोबार में तेजी दिखी-** इंदौर से माल परिवहन की गतिविधियां बढ़ने लगी हैं। ट्रांसपोर्ट कंपनियों को आसपास के औद्योगिक क्षेत्रों से लगातार नए काम मिल रहे हैं।
- **होटल कारोबार में उम्मीद बढ़ी-** व्यापारिक गतिविधियों और बाहरी शहरों से आने वाले लोगों के कारण इंदौर के होटल कारोबार में मांग मजबूत बनी हुई है।
- **थोक बाजार में खरीदी बढ़ी-** त्योहारी मांग को देखते हुए थोक कारोबारियों ने विभिन्न श्रेणियों में स्टॉक बढ़ाना शुरू किया है। बाजार में खरीदारी गतिविधियां तेज हुई हैं।
- **ऑटोमोबाइल बाजार में गतिविधियां तेज-** इंदौर में वाहन कारोबार से जुड़े डीलरों और सर्विस सेंटरों पर ग्राहकों की आवाजाही बढ़ी है। कंपनियां नए मॉडल बाजार में उतार रही हैं।
- **रियल एस्टेट में सौदे बढ़े-** शहर के विकसित हो रहे क्षेत्रों में व्यावसायिक और आवासीय संपत्तियों की पूछताछ बढ़ी है। निवेशक कनेक्टिविटी वाले इलाकों पर ध्यान दे रहे हैं।

आरई-2 के बाधक मकान हटाने पहुंची टीम पर पथराव

पुलिस ने प्लास्टिक पाइप से खदेड़कर स्थिति नियंत्रित की, दो घायल, दो हिरासत में

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर





बंगाली चौराहा से पीपल्याहाना के बीच आरई-2 (रोड) के करीब एक किलोमीटर लंबे अधूरे हिस्से का काम पूरा कराने के लिए मंगलवार सुबह 11 बजे नगर निगम और प्रशासन ने बाधक निर्माण हटाने की कार्रवाई शुरू की। टीम जेसीबी, पोकलेन और पुलिस बल के साथ बिचौली कांकड़, शिव नगर और शिव दर्शन नगर पहुंची। कार्रवाई का कुछ लोगों ने विरोध किया। इसके बाद रिमूवल टीम और पुलिस पर पथराव शुरू हो गया।

मौके पर अफरा-तफरी की स्थिति बन गई। पुलिस ने प्लास्टिक पाइप से लोगों को खदेड़कर स्थिति नियंत्रित की। पथराव में दो लोगों को चोटें आईं, जिन्हें अस्पताल भेजा गया। पुलिस ने दो लोगों को हिरासत में लिया है। एसडीएम घनश्याम धनगर के अनुसार, आरई-2 की कुल लंबाई 4.25 किमी और चौड़ाई 45 मीटर है। इसमें 3.20 किमी सड़क का निर्माण पूरा हो चुका है। करीब एक किलोमीटर हिस्सा तीन साल से अधूरा है। प्रोजेक्ट पर करीब 55 करोड़ रुपए खर्च किए जा चुके हैं। सड़क के रास्ते में कुल सात बस्तियां बाधक हैं।

325 परिवारों का हो चुका व्यवस्थापन

पिपलियाहाना-बिचौली कांकड़ क्षेत्र में 325 परिवारों का पहले ही व्यवस्थापन किया जा चुका है। इनमें 303 परिवार आवासीय प्रकोष्ठों में रह रहे हैं। कोर्ट के स्थगन आदेश के कारण 22 मकान नहीं हटाए गए थे। कोर्ट के निर्णय के बाद इन परिवारों को आवास आवंटित कर 15 दिन का नोटिस दिया गया है। वहीं, 22 मकानों के अलावा बने 58 अवैध कच्चे झोपड़े हटाए जा चुके हैं। शांति नगर, पंचमुखी हनुमान मंदिर नायता रोड, स्कंदधाम कॉलोनी और आरटीओ के पास की बस्ती के परिवारों को भी प्रधानमंत्री आवास योजना के नीलगिरि परिसर में शिफ्ट किया जा चुका है।

अब शिव नगर और शिव दर्शन नगर की बारी

शिव नगर में 80 मकानों में 117 परिवार और शिव दर्शन नगर में 55 मकानों में 72 परिवार रह रहे हैं। इनका भी नीलगिरि परिसर में व्यवस्थापन किया जाना है। निगम के अनुसार, बाधाएं हटने के बाद आरई-2 के बचे हिस्से का निर्माण शुरू कराया जाएगा। सड़क पूरी होने से भूरी टेकरी, पीपल्याहाना, बंगाली और नायता मुंडला आरटीओ क्षेत्र को वैकल्पिक कनेक्टिविटी मिलेगी। इससे आवागमन आसान होने के साथ मुख्य मार्गों पर यातायात का दबाव कम होने की उम्मीद है।

राहुल गांधी ने मुख्यमंत्री मोहन यादव को पत्र लिखकर पदों की संख्या बढ़ाने की मांग की

शिक्षक भर्ती में पदवृद्धि की मांग अब राष्ट्रीय स्तर पर पहुंची

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

मध्यप्रदेश में शिक्षक भर्ती में पदवृद्धि की मांग को लेकर चल रहा अभ्यर्थियों का आंदोलन अब राष्ट्रीय स्तर पर पहुंच गया है। 29 सितंबर को इंदौर में आयोजित छात्रों की गूंज कार्यक्रम में शिक्षक अभ्यर्थियों द्वारा उठाए गए मुद्दे के बाद लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्र लिखकर वर्ग-2 एवं वर्ग-3 शिक्षक भर्ती में पदों की संख्या बढ़ाने की मांग की है।

पूर्व शहर कांग्रेस महामंत्री राजेश जैन दद्दू ने बताया कि राहुल गांधी ने अपने पत्र में प्रदेश के सरकारी स्कूलों में शिक्षकों के बड़ी संख्या में रिक्त पदों का उल्लेख करते हुए कहा है कि इसका सीधा असर बच्चों की शिक्षा पर पड़ रहा है। पत्र के अनुसार, शिक्षक भर्ती-2025 में वर्ग-3 के 13,089 और वर्ग-2 के 10,800 पदों पर भर्ती निकाली गई है। अभ्यर्थियों की मांग है कि



रिक्त पदों को देखते हुए भर्ती में पदों की संख्या बढ़ाई जाए।

दद्दू ने कहा कि बड़ी संख्या में युवा शिक्षक पात्रता एवं भर्ती परीक्षाओं में अच्छे अंक हासिल करने के बावजूद सीमित पदों के कारण नियुक्ति से वंचित रह गए हैं। इनमें ऐसे अभ्यर्थी भी हैं, जो लंबे समय से अतिथि शिक्षक के रूप में सरकारी स्कूलों में सेवाएं दे रहे हैं। कई अभ्यर्थियों की उम्र लगातार बढ़ रही है और उन्हें आशंका है कि भर्ती प्रक्रिया में देरी के कारण वे भविष्य में आयु सीमा के कारण अवसर से बाहर हो सकते हैं।

युवाओं और शिक्षा दोनों का सवाल

राजेश जैन दद्दू ने कहा कि शिक्षक भर्ती का मामला केवल रोजगार से जुड़ा विषय नहीं है, बल्कि प्रदेश के लाखों बच्चों की शिक्षा का भी सवाल है। सरकार को रिक्त पदों की वास्तविक स्थिति को देखते हुए तत्काल पदवृद्धि करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि लंबे समय से अतिथि शिक्षक के रूप में काम कर रहे और भर्ती परीक्षा में पात्रता हासिल कर चुके युवाओं के भविष्य को अनिश्चितता में नहीं छोड़ा जाना चाहिए। दद्दू ने प्रदेश सरकार से आंदोलनरत अभ्यर्थियों से संवाद स्थापित करने, नोटिस वापस लेने और भर्ती प्रक्रिया में आवश्यक पदवृद्धि कर युवाओं को राहत देने की मांग की।

आंदोलन और भूख हड़ताल का मुद्दा

राहुल गांधी ने पत्र में आंदोलनरत शिक्षक अभ्यर्थियों का भी मुद्दा उठाया है। उन्होंने मुख्यमंत्री से आग्रह किया है कि अपनी मांगों को लेकर आंदोलन और भूख हड़ताल कर रहे अभ्यर्थियों को जारी किए गए नोटिस वापस लिए जाएं तथा उनके प्रतिनिधियों से बातचीत कर उनकी समस्याओं को सुना जाए। उन्होंने सरकार से वर्ग-2 एवं वर्ग-3 शिक्षक भर्ती में पदवृद्धि करने के साथ ही दूसरे चरण की काउंसलिंग जल्द शुरू करने का अनुरोध किया है। राहुल गांधी ने कहा है कि इससे योग्य युवाओं को रोजगार का अवसर मिलने के साथ सरकारी स्कूलों में शिक्षकों की कमी दूर करने में भी मदद मिलेगी।

बंधक प्लॉट बेचकर लाखों की ठगी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

लसूड़िया थाना क्षेत्र में बंधक भूखंडों को बेचकर खरीदारों से लाखों रुपए की धोखाधड़ी करने का मामला सामने आया है। आरोप है कि कॉलोनाइजरों और बिल्डरों ने श्रीनाथ टाउनशिप के भूखंड पहले से बंधक होने की जानकारी खरीदारों से छिपाई।

इसके बाद कूटरचित तरीके से रजिस्ट्री कराकर उनसे पूरी रकम ले ली। शिकायत और दस्तावेजों की जांच के बाद लसूड़िया पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी और षड्यंत्र की धाराओं में केस दर्ज किया है।

पुलिस के अनुसार महादेव सहारा, रुचि सोया गेट के पास रहने वाले नीलेश जैन, हीरामनी जैन, जगमोहन भदौरिया, अवनीश भदौरिया, रामेश्वर सिंह सहित अन्य लोगों ने शिकायत की थी। उन्होंने बताया कि ग्राम ढाबली स्थित श्रीनाथ टाउनशिप में उन्होंने अलग-अलग भूखंड खरीदे थे।

जांच में शिकायत सही मिलने पर एफआईआर

लसूड़िया पुलिस ने शिकायतकर्ताओं के बयान दर्ज किए और संबंधित दस्तावेजों की जांच की। जांच में शिकायत सही पाए जाने के बाद 5 अक्टूबर 2026 को प्रकाश वर्मा निवासी कासाग्रीन टाउनशिप, राजाराम सुमन, मधु सुमन निवासी ग्राम बारौली, टोल नाके के पास और राकेश सुमन निवासी कासाग्रीन टाउनशिप के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 420 और 34 के तहत कार्रवाई की है।

शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि आरोपियों ने जानबूझकर यह तथ्य छिपाया कि टाउनशिप के भूखंड नियमानुसार बंधक रखे गए हैं। इसके बावजूद खरीदारों से प्लॉट की पूरी कीमत वसूल की गई और रजिस्ट्री भी कराई गई।

कचरा गाड़ी ने 10 साल की बच्ची को कुचला

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

एबी बायपास रोड स्थित पुमार्थ सेरेनिटी में सोमवार शाम कचरा वाहन की चपेट में आने से 10 साल की बच्ची घायल हो गई। घटना मांगलिया इलाके की मुंडला बाग क्षेत्र स्थित टाउनशिप की है। हादसे का सीसीटीवी मंगलवार को सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। परिजन बच्ची को इलाज के लिए बॉम्बे हॉस्पिटल लेकर पहुंचे और ड्राइवर के खिलाफ मांगलिया चौकी पर शिकायत की।

पुलिस के मुताबिक, सोमवार शाम कचरा वाहन मुंडला बाग क्षेत्र में कचरा इकट्ठा करने आया था। इसी दौरान बच्ची वाहन की चपेट में आ गई। बताया जा रहा है कि वाहन का पहिया बालिका के पैर पर चढ़ गया।

वहीं, वायरल सीसीटीवी को लेकर बताया जा रहा है कि ड्राइवर ने वाहन का अगला पहिया बच्ची के ऊपर चढ़ा दिया। घटना के बाद घायल बच्ची को परिजन बॉम्बे हॉस्पिटल लेकर पहुंचे। हादसे के बाद परिजनों ने मामले की जानकारी मांगलिया चौकी पर दी। ड्राइवर को लेकर शिकायत की गई है। पुलिस ने ड्राइवर के खिलाफ लापरवाही को लेकर कार्रवाई की है।

नियमितीकरण की मांग पर दूसरे दिन भी प्रदर्शन

2 से 4 दिन में मांगें नहीं मानीं तो हड़ताल

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

नगर निगम के सफाई कर्मचारी नियमितीकरण सहित विभिन्न मांगों को लेकर लगातार दूसरे दिन प्रदर्शन कर रहे हैं। मंगलवार को बड़ी संख्या में सफाई कर्मचारी और चारों पंचायतों के पदाधिकारी निगम मुख्यालय पहुंचे। कर्मचारी घंटों धूप में बैठकर नारेबाजी करते रहे।

इस दौरान बड़ी संख्या में महिला सफाई मित्र भी प्रदर्शन में शामिल रहीं। कर्मचारियों ने निगम कमिश्नर क्षितिज सिंघल को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने मांगों पर चर्चा और कार्रवाई का आश्वासन दिया। कर्मचारियों ने कहा कि 2 से 4 दिन में मांगें नहीं मानी गईं तो हड़ताल करेंगे।

चारों पंचायतों के पदाधिकारी भी पहुंचे- महावाल्मिकी पंचायत, वरिष्ठ जमींदारी पंचायत, सकल छावनी पंचायत और महामना लश्करी पंचायत के पदाधिकारियों सहित सफाई कर्मचारियों ने निगम मुख्यालय पर मोर्चा संभाला। अपनी मांगों को लेकर कर्मचारियों ने लगातार नारेबाजी की। बड़ी संख्या में महिला सफाई मित्र भी धूप में बैठी रहीं। सकल छावनी पंचायत के अध्यक्ष पटेल लेखराज नरवले ने कहा कि चारों पंचायतों और सफाई कर्मचारियों के साथ विभिन्न मांगों को लेकर प्रदर्शन किया गया और निगम कमिश्नर को ज्ञापन सौंपा है। इससे पहले भी निगम कमिश्नर को ज्ञापन दिया गया था। अब कमिश्नर ने पदाधिकारियों के साथ बैठकर ज्ञापन की मांगों पर चर्चा करने की बात कही है। नरवले ने कहा कि 2 से 4 दिन में मांगें नहीं मानी गईं तो कर्मचारी हड़ताल करेंगे।

सनकी आशिक ने महिला को फोटो वीडियो वायरल करने की धमकी दी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

निरंजनपुर के पिंक सिटी क्षेत्र में रहने वाली 38 वर्षीय शादीशुदा महिला को इंस्टाग्राम पर दोस्ती के बाद प्रताड़ित करने का मामला सामने आया है। महिला का आरोप है कि आरोपी ने पहले उसे शादी के लिए प्रपोज किया, लेकिन उसकी नशे की लत और चाल-चलन का पता चलने पर उसने शादी से इनकार कर दिया। आरोपी फोन पर अपशब्द कहने लगा और फोटो-वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने के साथ जान से मारने की धमकी देकर ब्लैकमेल करने लगा। पीड़िता की शिकायत पर लसूड़िया थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी को हिरासत में लिया है। पुलिस के मुताबिक, पीड़िता ने बताया कि वह पिछले तीन साल से अपने पति से अलग रह रही है। कुछ समय पहले इंस्टाग्राम के माध्यम से उसकी पहचान हाटपिपल्या, बागली, जिला देवास निवासी योगेश राजपूत से हुई थी।

गंदे पानी की बोतल लेकर जनसुनवाई में पहुंचे पार्षद

कुमार भट्टी में 6 महीने से दूषित पानी आने का आरोप

नेता प्रतिपक्ष ने कहा भागीरथपुरा 2.0 नहीं होने देंगे

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

नगर निगम की जनसुनवाई में मंगलवार को वार्ड 75 के कुमार भट्टी के रहवासी और पार्षद कुणाल सोलंकी गंदे पानी की बोतलें लेकर पहुंचे। पार्षद ने इन्हें गिफ्ट पैक कर महापौर, निगम आयुक्त और पीएचई के लिए लाया था। गिफ्ट खोलने पर उसमें गंदे पानी की बोतलें निकलीं। पार्षद और रहवासियों का आरोप है कि कुमार भट्टी में नर्मदा का गंदा पानी आ रहा है और लोग इसे पीने के लिए मजबूर हैं।

पार्षद कुणाल सोलंकी ने कहा कि वार्ड 75 के कुमार भट्टी में पिछले 6 महीने से नर्मदा का गंदा पानी आ रहा है। उन्होंने कहा कि गंदे पानी की बोतलों को गिफ्ट में पैक कर जनसुनवाई में लेकर आए हैं। सोलंकी ने बताया कि अपर आयुक्त उनसे मिले और उन्हें गिफ्ट दिया गया। उन्होंने आश्वासन दिया है कि काम शुरू कर दिया गया है, लेकिन पार्षद के अनुसार धरातल पर कुछ नहीं हो रहा है।

निगम में नेता प्रतिपक्ष सोनिला मिमरोट ने पानी की बोतल दिखाते हुए कहा कि पालदा इलाके के कुमार भट्टी की यह हालत है। उन्होंने कहा, क्या हम इंदौर को इस तरह से बर्बाद होने देंगे? इसलिए हम यहां आए हैं कि हमारे इंदौर में फिर से कोई भागीरथपुरा दूषित जलकांड न हो। उन्होंने कहा कि उन्होंने तुरंत काम करने के लिए कहा है।

बीजेपी सरकार पर साधा निशाना

सोनिला मिमरोट ने कहा कि भागीरथपुरा कांड को कुछ महीने ही हुए हैं। जिम्मेदार सिर्फ बात कर रहे हैं, लेकिन हकीकत यह है कि लोग गंदा पानी पीने को मजबूर हैं, क्योंकि कोई व्यवस्था नहीं की गई है। उन्होंने कहा, बीजेपी सरकार फेल है। बीजेपी सरकार का असली चेहरा ये पानी बता रहा है।

टेस्टिंग के बाद होगी पानी की सप्लाई

अपर आयुक्त आशीष पाठक ने कहा कि जिस क्षेत्र की शिकायत सामने आई है, वहां रात में पानी की सप्लाई होती है। सोमवार को ही लीकेज की समस्या को ठीक करने के लिए सुधार का काम किया गया था। उन्होंने बताया कि शाम को पानी की सप्लाई से पहले सैंपलिंग और टेस्टिंग की जाएगी। पानी ठीक रहा तो सप्लाई की जाएगी, नहीं तो पानी के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की जाएगी।

25 साल से आपकी सेवा में
भास्कर आयुर्वेद
हमारे यहां सभी कंपनी की आयुर्वेदिक दवाईयां विशेष डिस्काउंट पर मिलती है।
शक्तिवर्धक दवाईयों के लिए
संकर्प करें- 98263-71718

तुरंत आवश्यकता
आवश्यकता है सेल्स बॉय और सेल्स गर्ल की वेतन 8000 से 20000 तक
अंकुर जैन, जैन गाउन हाउस, 8 शंकु मार्ग अपोजिट एल एम कॉम्पलेक्स फ्रीगंज उज्जैन मो. 9820871749

श्री गणेश बैंड उज्जैन
हमारे यहां घोड़ी, बग्गी, हाथी, ऊंट, लाइट, जनरेटर, लाजमा, ताश पार्टी, ढोल पार्टी, फूल की तोप, दूल्हन की ढोली, गाड़ी वाली लाइट, नाचने वाली घोड़ी आदि उपलब्ध है।
मास्तर : विजय सिंह सरगरा
Mob. 9981908694, 7828525454, 7067237220
अंकपात मार्ग, मीणा धर्मशाला, अंकपात मार्ग गायत्री शक्तिपीठ के पास जीवाजीगंज थाना ढोली गली, उज्जैन

जय श्री महाकाल
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फ्लोरी 2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है।
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्न मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
निःशुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियों व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य, भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com